kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-85 | मंगलवार, 23 अप्रैल 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



जब तक नक्सलवाद है, तब तक सुख सुविधाएं नहीं पहुँच सकतीं और नक्सलवादी अगर आत्मसमर्पण करने के लिए ना समझे तो वे जान लें कि दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंक दिया जाएगा। **अमित शाह**

उच्चतम न्यायालय ने 14 साल की दुष्कर्म पीड़िता को दी गर्भपात की अनुमति 11

एयर इंडिया के आसमान की रानी बोइंग 747 ने आखिरी उड़ान भरी 12

संक्षेप

बंगाल में 2016 में हुई 25 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्तियां रद्द

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को 2016 में राज्य सरकार की ओर से संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी की युगलपीठ ने इन सभी नियुक्तियों को अमान्य घोषित करते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सभी नियुक्ति की विधियों और प्रक्रियाओं का पता लगाने के लिए गहराई से जांच करने और रिपोर्ट अगले तीन महीनों में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। युगलपीठ ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग को एक पखवाड़े के भीतर नयी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का भी निर्देश दिये हैं। न्यायालय ने ऐसे नियुक्त शिक्षकों को प्रदत्त वेतन चार सप्ताह के भीतर लौटाने के भी निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि 2016 में 24,640 शिक्षकों की भर्ती के लिए राज्य स्तरीय शिक्षक चयन परीक्षा में 23 लाख से अधिक उम्मीदवार उपस्थित हुए थे। भर्ती नियुक्ति में घोर अनियमितताएं बरते जाने का मामला सामने आया था। अयोग्य लोगों से पैसे लेकर उन्हें नियुक्तियां दी गयी जिससे परीक्षा में सफल और योग्य उम्मीदवार नियुक्ति से वंचित रह गये। सीबीआई ने पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और राज्य शिक्षा विभाग के 10 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों को इस मामले में गिरफ्तार किया था।

कन्नौज से अखिलेश नहीं तेज प्रताप लड़ेंगे

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने कन्नौज में प्रत्याशी को लेकर सभी तरह की चर्चाओं को विराम देते हुए तेज प्रताप यादव को टिकट दे दिया। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने खुद को चुनाव मैदान से बाहर रखने का निर्णय लिया है। वह अपना पूरा वक्त चुनाव प्रबंधन व गठबंधन प्रत्याशियों को जिताने में लगाएंगे। इसके अलावा पार्टी ने बलिया से सनातन पांडेय टिकट दिया है। सपा अब तक 59 प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। अब उसे केवल फतेहपुर, कैसरगंज व राबर्टसगंज में ही प्रत्याशी देना है। सपा ने सोमवार को कन्नौज से तेज प्रताप यादव व बलिया से सनातन पांडेय को टिकट देने का ऐलान किया। तेज प्रताप यादव मुलायम परिवार से आते हैं और वह मुलायम सिंह यादव के पौत्र व अखिलेश यादव के भतीजे हैं। तेज प्रताप यादव बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के दामाद हैं। कन्नौज में उनका मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक व बसपा के इमरान बिन जाफर से होगा। इस तरह ब्राहमण, यादव व मुस्लिम प्रत्याशी के बीच जंग होनी है। गत चुनाव में यहां सुब्रत पाठक ने सपा की डिंपल यादव को हरा दिया था। इसीलिए अब सपा ने यहां तेज प्रताप यादव को उतारा है। पहले यहां खुद अखिलेश यादव के चुनाव लड़ाए जाने के कयास लग रहे थे।

देश पर माओवादी सोच थोप रही कांग्रेस : मोदी

कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर

एजेंसी

अलीगढ़ (उप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर गम्भीर आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि यह पार्टी देश पर 'माओवादी सोच' थोपकर जनता की कमाई पर कब्जा करना चाहती है और उसके शासन में माताओं और बहनों का मंगलसूत्र तक सलामत नहीं रहेगा।

प्रधानमंत्री 'ताला नगरी' अलीगढ़ में भाजपा प्रत्याशी सतीश गौतम और हाथरस से पार्टी उम्मीदवार अनूप वाल्मीकि के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस और 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया)' पर बेहद गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा, मैं देशवासियों को आगाह करना चाहता हूं कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है। कांग्रेस के शहजादे (पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी) का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी संपत्ति है, उसकी जांच करेंगे। इतना ही नहीं, वह कहते हैं कि यह जो संपत्ति है उसको सरकार अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी। यह उनका चुनाव घोषणा पत्र कह रहा है। मोदी ने कहा, आप सोचिए हमारी माताओं और बहनों के पास सोना होता है। वह स्त्री धन होता है। उसे पवित्र माना जाता है। कानून भी उसकी रक्षा करता है लेकिन अब इनकी (कांग्रेस) नजर कानून बदलकर हमारी माताओं–बहनों की संपत्ति छीनने पर है। उनके मंगलसूत्र पर इन लोगों की नजर है। प्रधानमंत्री ने कहा, वह सर्वे करना चाहते हैं कि जो नौकरी पेशा कर्मचारी हैं उनकी कितनी सम्पत्ति है। यह सर्वे कराकर कांग्रेस सरकार के नाम पर आपकी संपत्ति को छीन कर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक जाएगी कि अगर आपके पास दो घर हैं तो एक घर छीन लेगी। यह माओवादी सोच है, यह कम्युनिस्टों की सोच है, ऐसा ही करके कितने ही देशों को वह बर्बाद कर चुके हैं। अब यही नीति कांग्रेस पार्टी और इंडी अलायंस भारत में लागू करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया, आपकी मेहनत की कमाई, आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है। माताओं और बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा। इन परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना साम्राज्य बना लिया है। अब उनकी नजर देश के लोगों की संपत्ति पर पड़ गई है। देश की संपत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। मोदी ने विपक्ष पर राम मंदिर के निर्माण को 70 साल तक रोकने का भी आरोप लगाते हुए कहा, ङ्कयह हम सबके लिए कितनी गर्व की बात है कि 500 साल के बाद भव्य राम मंदिर हम देख रहे हैं और जब राम मंदिर की बात आती है तो उनकी नींद उड़ जाती है। उनको लगता है कि यह 70 साल तक हम रोक कर बैठे थे। यह मोदी क्या आ गया कि इतने साल में ही अदालत से फैसला भी आ गया। मंदिर बन भी गया। प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। रोज लाखों लोग आने भी लगे। अब उनकी नींद उड़ गई है और इसीलिए वह इतने गुस्से में हैं कि उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकरा दिया। मोदी ने कहा, पिछली बार जब मैं अलीगढ़ आया था तब मैंने आप सबसे अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्टरी में ताला लगा दीजिए और आपने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों (सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी) को आज तक इसकी चाबी नहीं मिल रही है। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट की अपील करते हुए कहा, मेरी आपसे प्रार्थना यह है कि अच्छे भविष्य की विकसित भारत की चाबी भी आप ही के पास है। देश को गरीबी से पूरी तरह मुक्त करने का समय आ गया है, अब देश को भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त करने का समय आ गया है, अब देश को परिवारवादी राजनीति से मुक्त करने का समय आ गया है। अलीगढ़ में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को और हाथरस में तीसरे चरण के तहत आगामी सात मई को मतदान होगा। मोदी ने दावा करते हुए कहा, पहले आए दिन देश की ● शेष पेज 11 पर

योगी जैसा साथी मेरे लिए गर्व की बात : मोदी

अलीगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि योगी आदित्यनाथ जैसा साथी होना उन्हें गर्व की अनुभूति देता है।

श्री मोदी ने यहां आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय था जब हमारी बहन बेटियां घर से बाहर नहीं निकल पाती थीं। योगी की सरकार में अपराधियों में हिम्मत नहीं है कि वो नागरिकों का अमन चैन बिगाड़ें। प्रधानमंत्री ने कहा जो लोग योगी जी की पहचान केवल बुलडोजर से करते हैं उन्हें अपनी आंख खोल लेना चाहिए। यूपी में आजादी के बाद जितना औद्योगिक विकास हुआ, उतना अकेले योगी जी के कालखंड में हुआ है। ओडीओपी का उनका मिशन आज पूरे देश में नई इज्जत प्राप्त कर रहा है। उन्होने कहा यूपी में अगर विकास को नई ऊंचाइयों पर कोई ले गया है तो योगी जी की सरकार लेकर गई है। काशी का सांसद होने के नाते ये मेरे भी माननीय मुख्यमंत्री हैं। मैं गर्व की अनुभूति करता हूं कि मेरे पास ऐसे साथी हैं।

विकसित भारत के लिये मोदी के हाथ करें मजबूत : योगी

अलीगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत करने और सपा–बसपा व कांग्रेस की किस्मत पर ताला लगाने के लिये मतदाता बेकरार हैं। अलीगढ़ में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा लोगों ने आपको विकास से वंचित रखा, आस्था से खिलवाड़ किया। सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया। अब अवसर आ गया है, चुनाव के माध्यम से उनकी किस्मत पर अलीगढ़ का ताला लगाइए और तीसरी बार श्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में देश की सत्ता सौंपिए। इससे भारत दुनिया की बड़ी ताकत बनेगा। अलीगढ़ के सांसद/भाजपा प्रत्याशी सतीश गौतम व हाथरस से अनूप वाल्मीकि 'प्रधान' के लिए वोट की अपील करते हुये उन्होने कहा ल्ल केवल कमल निशान देखना है और मोदी जी के दस वर्षों के कार्यों के प्रति वोट के रूप में कृतज्ञता ज्ञापित करना है। योगी ने कहा कि पहले चरण का चुनाव संपन्न हुआ। देश के अंदर 102 लोकसभा सीटों पर जनता–जनार्दन के मन में उत्साह व उमंग रहा। श्री मोदी के दस वर्ष के कार्यों को ध्यान में रखते हुए जनता–जनार्दन का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। यूपी की सभी आठ सीटों पर विपक्षी दलों का खाता नहीं खुलने जा रहा है। दूसरे व तीसरे चरण के लिए भी मतदाताओं से यही आह्वान है। उन्होने कहा कि विकास, विरासत व गरीब कल्याण की जिन योजनाओं को पिछले दस वर्ष के अंदर देश ने मूर्त रूप लेते हुए देखा है, वह अभूतपूर्व, अभिनंदनीय है। भारत को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण आधार स्तंभ के रूप में हम सभी को यह अवसर प्राप्त हुआ है। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अलीगढ़ व हाथरस की जनता को वह सब कुछ दिया है, जिसकी दशकों से मांग थी। आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री मोदी स्वयं यहां आए थे। अब विश्वविद्यालय बनकर तैयार हो गया और सत्र भी प्रारंभ हो गया है। अलीगढ़ को डिफेंस कॉरिडोर भी प्राप्त हुआ है। रामनवमी पर अयोध्या में भगवान राम का सूर्य तिलक हुआ। श्री मोदी ने आनंद व गौरव प्रदान करने वाला यह अलौकिक अवसर हमें उपलब्ध करवाया।

अयोध्या–काशी ने लक्ष्य पा लिया, अब ब्रज भूमि की बारी

आगरा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि अयोध्या–काशी ने अपना लक्ष्य पा लिया। अब ब्रज भूमि की ही बारी है। किरावली में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए श्री योगी ने सपा–बसपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मुख्तार अंसारी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा ल्ल आज कांग्रेस, सपा, बसपा के लोग माफिया की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ रहे हैं। इनको कह दो कि वोट तो कमल के निशान पर जाएगा। आपको पांच साल की छुट्टी दे रहे हैं, पांच साल जाकर फातिहा पढ़ो। फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी सांसद राजकुमार चाहर के समर्थन में वोट की अपील करते हुये उन्होंने कहा एक तरफ कांग्रेस, सपा, बसपा थी, रामजन्मभूमि के लिए हमसे प्रमाण पूछते थे। राम–कृष्ण हुए ही नहीं, यह भी कहते थे। जैसे इस सृष्टि के पहले कांग्रेस, सपा, बसपा ही हुए थे। मोदी जी के कारण इनका झूठ फ़ेल हो गया और पांच सौ साल बाद रामलला प्रकट हो गए। ● शेष पेज 11 पर

कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की मोदी की शिकायत

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शिकायत की और एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने का आरोप लगाया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज यहां निर्वाचन आयोग से मुलाकात की और 17 शिकायतों का एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में श्री गुरदीप सिंह सप्पल और श्रीमती सुप्रिया श्रीनेत शामिल थे। मुलाकात के बाद श्री सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा कि निर्वाचन आयोग को 17 शिकायतों का एक ज्ञापन सौंपा गया और इनपर उचित कार्रवाई की मांग की गयी। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने पांच-छह शिकायतों पर विशेष रुप से विस्तृत चर्चा की। कांग्रेस नेता ने बताया कि निर्वाचन आयोग के समक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) पुत्री श्रीमती अंजली बिरला का भारतीय जनता पार्टी की ओर से ● शेष पेज 11 पर

कैबिनेट मंत्री संजय निषाद पर हमला, चार गिरफ्तार

संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर कठार में 21/22 अप्रैल की रात प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

इस घटना में मंत्री का चश्मा टूट गया है और उनकी नाक पर चोट लगी है। मंत्री ने सपा कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाया है और धरने पर बैठ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मंत्री के पीएसओ की तहरीर पर यादव समाज के आठ युवकों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने चार नामजद आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार भी कर लिया। अन्य की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने यहां बताया कि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद 21/22अप्रैल की देर रात लगभग12 बजे अपने समर्थकों के साथ खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर कठार में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इस दौरान कुछ लोगों ने मंत्री से विवाद ● शेष पेज 11 पर

केजरीवाल को 'असाधारण अंतरिम जमानत' का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज

अदालत ने लगाया 75,000 रुपये का जुर्माना

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए ''असाधारण अंतरिम जमानत'' का अनुरोध करने वाली एक विधि छात्र की जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी और याचिकाकर्ता पर 75,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

केजरीवाल कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने टिप्पणी की कि यह याचिका ''उचित विचार करके दायर नहीं की गई'' और अदालत उच्च पद पर आसीन किसी व्यक्ति को ''असाधारण अंतरिम जमानत'' नहीं दे सकती। पीठ ने कहा, ''क्या वह (याचिकाकर्ता) कॉलेज में कक्षा में जाता है? ऐसा लगता है कि वह कानून के सिद्धांतों का पालन नहीं कर रहा। अदालत ने टिप्पणी की कि 'आप' नेता के पास अपने कानूनी विकल्पों का लाभ लेने के लिए कदम उठाने के साधन हैं और याचिकाकर्ता के पास उनकी ओर से दलीलें पेश करने के लिए कोई वकालतनामा नहीं है। उन्होंने याचिकाकर्ता से कहा, ''आप कौन हैं? आप अपने आप के बारे में ज्यादा ही बढ़ा-चढ़ाकर सोच रहे हैं। आप कहते हैं कि आपके पास वीटो शक्ति है कि आप (यह सुनिश्चित करने के लिए) वचन देंगे (कि केजरीवाल गवाह को प्रभावित न करें)। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि समानता एवं कानून के शासन की अवधारणा संविधान में निहित है और केजरीवाल न्यायिक आदेश के तहत न्यायिक हिरासत में हैं और इस आदेश को चुनौती नहीं दी गई है। अदालत ने आदेश दिया, 'रिट याचिका 75,000 रुपये के जुर्माने के साथ खारिज की जाती है। केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील राहुल मेहरा ने कहा कि जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं है और याचिकाकर्ता का इस मामले में पक्षकार होने का कोई अधिकार नहीं है। याचिकाकर्ता के वकील ने इस आधार पर दिल्ली के मुख्यमंत्री के लिए ''असाधारण अंतरिम जमानत'' का अनुरोध किया कि केजरीवाल की सुरक्षा खतरे में है क्योंकि वह कट्टर अपराधियों के साथ जेल में बंद हैं। जनहित याचिका ● शेष पेज 11 पर



रामलला का दर्शन कर निहाल हुए 30 देशों के रामभक्त

एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान श्रीरामलला का दर्शन करने सोमवार को 30 देशों से 90 विदेशी श्रद्धालु पहुंचे।

श्रद्धालुओं का नेतृत्व वैश्विक भारत के ब्रांड अंबेस्डर व दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ. विजय जौली ने किया। सभी श्रद्धालुओं का स्वागत रामनामी अंगवस्त्र देकर व माथे पर चंदन का तिलक लगाकर किया गया। इससे पहले बीती शाम सभी श्रद्धालु सरयू घाट पर आरती में भी शामिल हुए। इस टोली ने हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचकर राम भक्त बजरंगबली का आशीर्वाद भी लिया। वहीं सोमवार को सभी ने श्रीराम मंदिर में बैठकर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इस दौरान प्रवासी भारतीयों की 400 श्रद्धालुओं की टोली ने भी रामलला के दर्शन किये। अयोध्या पहुंचने वालों में प्रमुख रूप से भूटान के राजदूत मेजर जनरल वेत्सोप नामग्याल, काउंसलर दोरजिक किंजांग, चीन गणराज्य (ताइवान) प्रतिनिधि कुमारी त्साई जेन चुन, भारत में रोमानिया महावाणिज्य दूत विजय मेहता व टुवालू महावाणिज्य दूत डॉ. दीपक जैन और निर्वासित तिब्बत संसद के स्पीकर खेंपो सोनम तेनफ़ेल उपस्थित रहे। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक-चौबंद ● शेष पेज 11 पर

राजनाथ ने सियाचिन में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

सैनिकों के दृढ संकल्प का प्रतीक है सियाचिन : रक्षामंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में तैनात सैनिकों की बहादुरी की सराहना करते हुए कहा है कि यह कोई साधारण भूमि नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता तथा दृढ़ संकल्प का प्रतीक है और इसकी रक्षा करने वाले सैनिकों का गौरवशाली इतिहास युवा पीढी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

सोमवार को दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन का दौरा करने के बाद श्री सिंह ने कहा कि जैसे दिल्ली भारत की राष्ट्रीय राजधानी है, मुंबई वित्तीय राजधानी है और बेंगलुरु प्रौद्योगिकी राजधानी है, वैसे ही सियाचिन साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प की राजधानी है। रक्षा मंत्री ने प्रतिकूल मौसम में दुर्गम इलाकों में तैनात सैनिकों के साथ बातचीत भी की तथा क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा की। उनके साथ सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, उत्तरी कमान लेफ्टिनेंट जनरल एम वी सुचिंद्र कुमार और जनरल ऑफिसर कमांडिंग 14 कोर लेफ्टिनेंट जनरल रशिम बाली भी थे। क्षेत्र के हवाई सर्वेक्षण के बाद रक्षा मंत्री 15 हजार 100 फीट की ऊंचाई पर एक अग्रिम चौकी पर उतरे जहां उन्हें सियाचिन ग्लेशियर में संचालन तैयारियों और मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कमांडरों के साथ संचालन चुनौतियों से जुड़े पहलुओं पर चर्चा भी की। श्री सिंह ने सैनिकों को संबोधित करते हुए विषम परिस्थितियों में वीरता और दृढ़ संकल्प के साथ मातृभूमि की रक्षा करने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सशस्त्र बलों का हमेशा ऋणी रहेगा क्योंकि उनके बलिदान के कारण हर नागरिक सुरक्षित महसूस करता है। उन्होंने कहा, ल्ल हम शांतिपूर्ण जीवन जी रहे हैं क्योंकि आश्वस्त हैं कि हमारे बहादुर सैनिक सीमाओं पर दृढ़ता से खड़े हैं। आने वाले समय में जब राष्ट्रीय सुरक्षा का इतिहास लिखा जाएगा, तब बर्फीले ठंडे ग्लेशियर में हमारे सैनिकों की बहादुरी और इच्छाशक्ति के कार्यों को गर्व के साथ याद किया जाएगा। यह हमेशा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि सियाचिन कोई साधारण भूमि नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जैसे दिल्ली भारत की राष्ट्रीय राजधानी है, मुंबई वित्तीय राजधानी है और बेंगलुरु प्रौद्योगिकी राजधानी है, वैसे ही सियाचिन साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प की राजधानी है। उन्होंने कमांडरों के साथ संचालन चुनौतियों से जुड़े पहलुओं पर चर्चा भी की। श्री सिंह ने सैनिकों को संबोधित करते हुए विषम परिस्थितियों में वीरता और दृढ़ संकल्प के साथ मातृभूमि की रक्षा करने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सशस्त्र बलों का हमेशा ऋणी रहेगा क्योंकि उनके बलिदान के कारण हर नागरिक सुरक्षित महसूस करता है। उन्होंने कहा, ल्ल हम शांतिपूर्ण जीवन जी रहे हैं क्योंकि आश्वस्त हैं कि हमारे बहादुर सैनिक सीमाओं पर ● शेष पेज 11 पर

लोस चुनाव : दूसरे चरण में भाजपा के सामने अमरोहा जीतने की चुनौती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को जिन आठ सीटों पर वोट पड़ेंगे उनमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर (सु0), अलीगढ़ और मथुरा की सीट शामिल है। पिछले चुनाव में अमरोहा के अलावा सात सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जीत हासिल की थी। अमरोहा को जीतने के लिए इस बार भाजपा ने खास रणनीति बनाई है। बता दें, 2019 के आम चुनाव में बसपा-सपा-रालोद का गठबंधन था। 2024 के आम चुनाव में एनडीए में भाजपा-रालोद हैं। इंडी गठबंधन में कांग्रेस-सपा शामिल है ओर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अकेले मैदान में है। अमरोहा सीट 2019 के चुनाव में भाजपा हार गई थी। बसपा के कुंवर दानिश अली 601,082 (51.39%) वोट पाकर यहां से जीते थे। भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर 537,834 (45.98%) दूसरे नंबर पर रहे। कांग्रेस के हिस्से में 12,454 (1.07%) थे। इस चुनाव में विपक्षी दलों सपा-बसपा-रालोद ओर कांग्रेस का कुल वोट प्रतिशत 52.46 रहा यानी भाजपा प्रत्याशी से 6.8 अधिक। 2014 के चुनाव में भाजपा के कंवर सिंह तंवर ने यहां जीत हासिल की थी। तंवर के खाते में 528,880 (48.26%) वोट आए थे। दूसरे और तीसरे नंबर पर रही सपा और बसपा को क्रमशः 370,666 (33.82%) और 162983 (14.87%) वोट मिले थे। चौथे नंबर पर कांग्रेस-रालोद के संयुक्त प्रत्याशी राकेश टिकैत मात्र 9539 (0.87%) वोट हासिल कर पाए थे। सपा-बसपा-कांग्रेस-रालोद चारों दल का वोट प्रतिशत 49.56 बैठा यानी भाजपा से 1.3 फीसदी ज्यादा। इस चुनाव में कांग्रेस-रालोद का गठबंधन था। भाजपा अकेले मैदान में थी। 2009 के लोकसभा चुनाव में भाजपा-रालोद का गठबंधन था। इस सीट से रालोद-भाजपा के संयुक्त प्रत्याशी देवेन्द्र नागपाल ने जीत दर्ज की थी। नागपाल को 283182 (40.09%) वोट मिले थे। सपा, बसपा और कांग्रेस प्रत्याशियों को क्रमशः 191099 (27.05%), 170396 (24.12%) और 16878 (2.39%) वोट मिले थे। पिछले तीन चुनाव के आंकड़ों से एक बात साफ है कि भाजपा बिना किसी गठबंधन के यहां चुनाव जीत सकती है, वहीं उसने लगातार अपना वोट प्रतिशत भी बरकरार रखा है। वहीं विपक्ष के सभी प्रमुख दल मिलकर जीत भी जाएं तो वोटों का अंतर बहुत बड़ा नहीं होता। भाजपा-रालोद गठबंधन यहां मजबूत साबित हो चुका है। इसका लाभ दोनों दलों को मिलता है। इस बार भाजपा-रालोद गठबंधन में हैं। जिससे एनडीए की ताकत बढ़ी हुई है। बात कांग्रेस की कि जाए तो कांग्रेस प्रत्याशी राम पाल सिंह 1984 के आम चुनाव में यहां से जीते थे। पिछले 40 साल से कांग्रेस के लिए यहां जीत का सूखा पड़ा है। बसपा इस सीट पर हुए 16 चुनाव में दो बार 1999 और 2019 यहां जीत चुकी है। 2019 में बसपा को सपा-रालोद के गठबंधन का फायदा मिला। सपा यहां अंतिम बार 1996 के आम चुनाव में जीती थी। इस सीट पर भाजपा कुल तीन बार 1991, 1998 और 2014 में जीत दर्ज करा चुकी है। 2024 के चुनाव के लिए भाजपा ने पिछली बार हारे कंवर सिंह तंवर को फिर से भरोसा जताया है।

कट्टरपंथियों के साथ खड़ी है कांग्रेस : ब्रजेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब कट्टरपंथियों के साथ खड़ी है। विगत कई सालों से कांग्रेस अपने रास्ते से भटक गई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 10 साल देश की सेवा की। मोदी के नेतृत्व में विकास के अनेक कार्य हुए। दस वर्ष के कार्यकाल में एक भी भ्रष्टाचार का चिन्ह भाजपा पर नहीं लगा। ब्रजेश पाठक प्रदेश भाजपा कार्यालय पर विभिन्न दलों से आए कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद बोल रहे थे। प्रदेश कार्यालय में ब्रजेश पाठक के समक्ष पूर्व सांसद संतोष कुमार सिंह, पूर्व विधायक अशोक सिंह, पूर्व विधायक पहलवान सिंह, चौधरी सरदार सिंह, सरिता सिंह और करुणाकर पाण्डेय भाजपा में शामिल हुए। इसके अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष सुशीला देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्नी देवी, बसपा के वरिष्ठ नेता कुंवर वकील चंद्र और भगवान बख्श सिंह ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष, भाजपा अवध क्षेत्र कमलेश मिश्रा, प्रदेश मंत्री शिव भूषण, प्रदेश मंत्री शंकर सिंह लोधी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित और सह मीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

अखिलेश को अपने लड़ने के लिए कोई सीट नहीं मिल रही : मोहसिन रजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष व भाजपा नेता मोहसिन रजा ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कन्नौज लोकसभा सीट से परिवार के सदस्य को टिकट देने पर अखिलेश यादव को घेरा है। मोहसिन रजा ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि अखिलेश को अपने लड़ने के लिए कोई सीट नहीं मिल पा रही। कन्नौज लोकसभा सीट पर भी परिवार के सदस्य को अखिलेश ने टिकट दे दिया। मोहसिन रजा ने कहा कि पीडीए का राग अलापने वाली समाजवादी पार्टी की सूची आयी तो उससे साफ हो गया कि अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में अपनी हार स्वीकार ली है। जाहिर सी बात है, अखिलेश यादव इतनी बड़ी पार्टी के मुखिया हैं और ऐसे में उन्हें अपनी नाक बचानी है। साथ ही कार्यकर्ताओं को भी उनकी नाक बचानी है। इसके लिए अखिलेश ने संकेत दे दिया है, वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसी तरह कांग्रेस के नेताओं को भी अपनी जीत पर भरोसा नहीं है।

भाजपा नेता ने गांधी परिवार पर कहा कि सबसे पहले रायबरेली लोकसभा सीट को सोनिया गांधी ने छोड़ दिया। और फिर अब राहुल गांधी वायनाड सीट से नामांकन कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट को राहुल ने भी छोड़ ही दिया है। इसी तरह रायबरेली और अमेठी दोनों ही सीटें कांग्रेस ने छोड़ दी है। अभी तक किसी सीट पर कांग्रेस ने उम्मीदवार भी नहीं दिये है।

प्रोजेक्ट नई किरण में चार मामलों का हुआ निस्तारण

(कानपुर देहात) कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई. शुरू हुए प्रोजेक्ट नई किरण में 30 मामले आये। जिनमें से प्रोजेक्ट नई किरण के सदस्यों के प्रयासों से 04 परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता हो गया उपरोक्त परिवारों केपति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गये, शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गयी । प्रोजेक्ट नई किरण के तहत बिखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है इस कार्यक्रम में महिला सहायता प्रकोष्ठ प्र0नि0 सीमा सिंह, महिला थानाध्यक्ष सुमन दीक्षित म0का0 1282 आरती, म0का0 1228 इन्दू, व म0का0 345 रागिनी (महिला सहायता प्रकोष्ठ) तथा नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्यगण डॉ पूनम गुप्ता व रामप्रकाश आदि मौजूद रहे तथा सबका विशेष सहयोग रहा।

कानपुर में बेकाबू ट्रक की टक्कर से छात्र की मौत

कानपुर। घाटमपुर थाना क्षेत्र में स्थित जनता इंटर कॉलेज के पास सोमवार को बेकाबू ट्रक की टक्कर से स्कूल जा रहे छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में और चालक को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। मृतक के परिवार से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण रविन्द्र कुमार ने बताया कि घाटमपुर में स्थित जनता इंटर कॉलेज का सातवीं का छात्र रौनक (12) अपने घर से स्कूल जाने के लिए निकला। रास्ते में एक ट्रक की टक्कर लगने से उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया। उधर खबर मिलते ही परिवार के लोग बदहवास हालत में मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिवार से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्रवाई की।

मेरठ में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मेरठ। गंगानगर थाना क्षेत्र के राजेंद्रपुरम में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की जेब से पुलिस को नशीले पदार्थ के पैकेट मिले। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। गंगानगर थाना क्षेत्र स्थित राजेन्द्रपुरम निवासी देवांग सिंह राणा ने सोमवार को अपने ही कमरे में रेलिंग से लटककर आत्महत्या कर ली।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से सक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक देवांग सिंह राणा नशे का आदी था और उसकी जेब से नशीले पदार्थ के कुछ पैकेट भी बरामद हुए हैं। मृतक मूल रूप से झांसी का रहने वाला था। वह अपने रिश्तेदार पीडब्ल्यूडी में कार्यरत वीरेंद्र सिंह के साथ बरेली में कार्यरत था। इस समय वह गंगानगर में रह रहा था। मौके पर पहुंचे वीरेंद्र सिंह ने बताया कि देवांग नशे का आदी था। उसे नशा छोड़ने के लिए बार-बार समझाया गया लेकिन वह अपनी इस आदत को नहीं छोड़ रहा था। उसने ऋषिकेश जाने के लिए एक सप्ताह की छुट्टी ली थी। ऋषिकेश जाने की बजाय अपने दोस्तों के साथ दिल्ली चला गया। रविवार को दिल्ली से वापस गंगानगर आया था। सोमवार को देवांग के कमरे से बाहर नहीं निकलने पर दरवाजा तोड़ा गया तो वह फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है।

अफजाल अंसारी के मुकदमे में फंसा कानूनी पेंच, कट सकता टिकट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गैंगस्टर के मामले में चार वर्षों की सजा सुनने वाले गाजीपुर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अफजाल अंसारी का टिकट कट सकता है। चर्चा यह भी है कि पार्टी के मुख्यालय में बड़े नेताओं ने कानूनी पेंच की जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को देते हुए अफजाल के स्थान पर किसी पिछड़ा चेहरे को उम्मीदवार बनाने की पैरवी कर दी है। अफजाल अंसारी का परिचय राजनीति में नया नहीं है। 90 की दशक से राजनीति में दबदबा बनाने वाले अफजाल ने बहुजन समाज पार्टी तो कभी कौमी एकता दल और आजकल समाजवादी पार्टी के चेहरे के रूप में गाजीपुर में जाने जाते हैं।

इस बार गाजीपुर लोकसभा सीट से उन्हें अखिलेश यादव ने टिकट दिया है। चुनाव के दौरान ही अफजाल के भाई मुख्तार अंसारी की जेल में मौत होने के बाद अखिलेश यादव दुख व्यक्त करने के लिए अफजाल के घर गाजीपुर गये थे। इससे अफजाल अंसारी और अखिलेश यादव के मधुर संबंधों को जाना जा सकता है। फिर भी कानूनी पेंच में अफजाल फंसे हुए हैं, जिसमें दो मई 2024 को ही कोई स्थिति स्पष्ट होगी। गाजीपुर की जिला कोर्ट ने बीते वर्ष 29 अप्रैल 2023 को गैंगस्टर मामले के मुकदमे में सुनवाई करते हुए अफजाल अंसारी को चार वर्ष की सजा सुनाई थी। चार वर्षों की सजा पाने के बाद अफजाल अंसारी की लोकसभा सदस्यता चली गयी थी। हाईकोर्ट से अफजाल को जमानत मिली तो उनके अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाकर सजा पर रोक लगवाने में सफलता पायी। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर अब हाईकोर्ट के जस्टिस संजय सिंह की सिंगल बेंच सुनवाई कर रही है।

सपा उम्मीदवार अफजाल अंसारी ने मीडिया से कहा कि झूठा मुकदमा लगाकर उन्हें फंसाया गया है। जिसमें दो मई को हाईकोर्ट से उन्हें राहत मिल जायेगी, ऐसी उन्हें उम्मीद है। गाजीपुर की जनता जानती है कि क्या सच है और क्या झूठ है। समाजवादी पार्टी के टिकट से वह चुनाव मैदान में हैं, जीत और हार का फैसला तो जनता को ही करना है। लोकसभा चुनाव में सातवें चरण की गाजीपुर लोकसभा सीट पर 14 मई तक नामांकन दाखिल होंगे। 14 मई तक हाईकोर्ट के जस्टिस संजय सिंह की कोर्ट में अफजाल अंसारी के मामले की सुनवाई चलती रही तो अफजाल नामांकन नहीं कर सकेंगे। जस्टिस संजय सिंह की कोर्ट में दो मई को अफजाल अंसारी के गैंगस्टर मामले के अलावा एक और मामले की सुनवाई होनी है। जिसमें अफजाल अंसारी की सजा को बढ़ाने की अर्जी दी गयी है।

नाबालिक बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

(कानपुर देहात)। थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले 01 नफर अभियुक्त को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल कर ली बताते चलें कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में महिला सम्बन्धी अपराधों/घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, आज वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना रसूलाबाद पर मु0अ0सं0 156/2024 धारा 452/376(2)(ङ्ग)/506/120बी भा0द0वि0 व 5(ख्र)/6 पॉक्सो एक्ट तथा 67 आईटी एक्ट बनाम 02 नफर अभियुक्त गण पंजीकृत किया गया था मुकदमा उपरोक्त में थाना रसूलाबाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मोहित उर्फ शीलू पुत्र रामऔतार निवासी कछवाइन निवादा बन्दरहा थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात हाल मुकाम निरालानगर कस्बा व थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात को निराला नगर कस्बा व थाना रसूलाबाद कानपुर देहात से गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने बताया है कि गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। उपरोक्त अभियुक्त कीगिरफ्तारी करने में व0उ0नि0 देवनारायण द्विवेदी थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात,हे0का0 662 रामाधार थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात, का सराहनीय योगदान रहा।

सड़क दुर्घटनाओं में दो की दर्दनाक मौत,दो की हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

माल/लखनऊ। अनियंत्रित तेज़ रफ़्तार वाहनों से दो सड़क हादसों में इलाज के दौरान दो लोगो की दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि हादसे में घायल दो किशोरियों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बीती रात अनियंत्रित वाहनों से हुए दो सड़क हादसों में अतरौली थाना क्षेत्र के बस्तापुर गाँव निवासी रणवीर 26 वर्ष लखनऊ से एक शादी समारोह से अपनी बहन सोनम 14 वर्ष व भतीजी नैना 12 वर्ष को लेकर मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे। तभी माल भरावन रोड घटघटा बाबा तीर्थ स्थल के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर आगे चल रहे छोटा हाथी (डाला) में जाकर भीड़ गया। जिसमें मोटरसाइकिल चला रहे रणवीर,बहन सोनम व भतीजी नैना गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। जिनमें रणवीर और सोनम का इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा था। जहां रणवीर की इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि सोनम व नैना का इलाज चल रहा है। मृतक अपनी छः बहनों में एकलौता भाई था। वहीं मड़वाना पंचायत के रघुनाथपुर गांव निवासी परशुराम 57 वर्ष जो मड़वाना गौशाला में गौ पालक के रूप में काम करते है। जो रात करीब 9 बजे साइकिल से अपने घर जा रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने साइकिल में जोरदार ठोकर मार दी जिसमे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मृतक रणवीर के परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। जबकि परशुराम के बेटे की तहरीर पर पड़ोसी गाँव आऊमऊ के एक युवक के विरुद्ध लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाने का मुकदमा दर्ज कराया है। मृतक के परिवार में पत्नी कन्यदेवी व तीन बेटे है जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।

पृथ्वी दिवस पर जागरूकता लाने के लिए सेन्ट जोसेफ स्कूल की शाखाओं में हुआ प्रतियोगिताओं का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विश्व पृथ्वी दिवस पर बच्चों को संबोधित करते हुये सेंट जोसेफ कालेज समूह के प्रबन्ध निदेशक अनिल अग्रवाल ने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ी को एक स्वच्छ प्लास्टिक मुक्त भविष्य देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। अब समय आ गया है कि हम अपने प्लैनेट अर्थ की पुकार सुन ले। पृथ्वी दिवस पर सभी को अपनी धरती को बचाने की जागरूकता हेतु सेंट जोसेफ कालेज समूह की राजाजीपुरम व सीतापुर रोड एवं रूचिखण्ड शाखाओं में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या राजाजीपुरम शाखा लीना शर्मा ने बच्चों को इस दिन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये बताया कि क्यों हमें सिंगल यूज प्लास्टिक व अन्य किसी भी प्रकार की प्लास्टिक को पूरी तरह से प्रयोग में लाना बन्द कर देना चाहिये। हस अवसर पर सभी बच्चों ने सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथीन का प्रयाग न करने व इसके दुष्प्रभाव के प्रति अन्य दूसरों को जागरूक करने की शपथ भी ली।

लखनऊ मेट्रो ने चलती ट्रेन में बच्चों संग मनाया फन ऑन व्हील्स

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ मेट्रो ने अल्पसुविधा प्राप्त बच्चों के साथ चलती ट्रेन में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर चित्रकला का आयोजन किया। 30 वंचित बच्चों ने मेट्रो की तरफ से प्राप्त कलरिंग शीट में रंग भर यात्रियों को पृथ्वी संरक्षण के प्रति जागरुक किया। निशातगंज इलाके से आए 30 वंचित बच्चों ने आई.टी मेट्रो स्टेशन से अपनी पहली मेट्रो यात्रा शुरु कर रास्ते में पड़ने वाले खूबसूरत नजारों का खूब आनंद लिया।

भाजपा को साफ होना तय, पीडीए सपा के पक्ष में हुआ लामबंद: आरके चौधरी

कहा,सरकार बनते ही किसानों का सभी प्रकार कर्ज माफ करने के साथ ही मनरेगा की मजदूरी 450 रुपये प्रतिदिन की जाएगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ । मोहनलालगंज लोकसभा के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व मंत्री आर के चौधरी ने सोमवार को विधानसभा मोहनलालगंज के दर्जनों गांवों का दौरा कर नुक्कड़ सभा करके लोगों से अपने लिए वोट की अपील की।मिर्ज़ापुर,दुल्लापुर ,पासिन ढकवा, अहिरन ढकवा,आनंदीपुर,बाजूपुर,मलौली समेत करीब दर्जन गांवों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन के पक्ष में माहौल है,मोदी सरकार की ग़लत नीतियों के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हो गयी है गरीब, दलित, पिछड़े शोषण का शिकार हैनकारा भाजपा सांसदो ने क्षेत्र काम नहीं किया है जिसका नतीजा है जगह जगह जनता उनको बैरंग वापस कर दें रही है।श्री चौधरी ने इस दौरान समाजवादी पार्टी के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार बनते ही किसानों का सभी प्रकार कर्ज माफ करने के साथ ही मनरेगा की मजदूरी 450 रूपये प्रतिदिन की जाएगी।

सभाओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान और लोकतंत्र को खत्म कर राजतंत्र लागू करना चाहती है जिससे फिर पिछड़े, दलित गुलामी करें।

अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने भाजपा सांसद लल्लू सिंह, अनंत हेगड़े,ज्योति मिर्धा,अरूण गोविल समेत कई नेता भाजपा सरकार बनने पर संविधान खत्म करने की बात कर चुके हैं।वहीं दूसरी ओर सरकारी नौकरियों का निजिकरण,पेपर लीक करके युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि थाना, तहसील, कलेक्ट्रेट में भ्रष्टाचार बढ़ा है,अधिकारी मनमानी पर उतारू है।प्रदेश सचिव महताब सिंह ने कहा कि भाजपा की सभाओं में भाड़े पर लोग लाए जा रहे मोदी सरकार के झूठे वादों से जनता में गुस्सा है।समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव धर्मवीर पासवान ने कहा कि शासन प्रशासन में एक ही जाति का वर्चस्व है दलित, पिछड़े अधिकारी, कर्मचारी,छात्रो का शोषण किया जा रहा हैविधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा ने कहा कि मोहनलालगंज विधानसभा में समाजवादी पार्टी गठबंधन प्रत्याशी आर के चौधरी कम से कम 50 हजार से अधिक वोटों की बढ़त बनाएंगे।इस अवसर पर भरत यादव, मान सिंह वर्मा, मानवेंद्र सिंह वर्मा, राम किशोर रावत, महताब सिंह यादव, बृजेश यादव, राज किशोर रावत रजू, राजू कुरैसी, सर्वेश कुमार रावत प्रधान, रामसमुझ रावत, अर्चना रावत, अशर्फी लाल धीमान, शंकरदीन रावत, दिनेश यादव, आशीष यादव,अनुज यादव, ब्रजेश यादव, गब्बर रावत , सहित कई लोग मौजूद रहे।

राजनाथ सिंह के समर्थन में आयोजित हुई नुक्कड़ सभाएं

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा महानगर द्वारा लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह के समर्थन में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमे कैंट विधानसभा के अंतर्गत भोला खेड़ा, मानस नगर निकट पुलिस चौकी तथा अंबेडकर पार्क के पास कच्ची बस्ती गीतापल्ली वार्ड में नुक्कड़ सभा का अयोजन किया गया। इसमे बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उपस्थित रहें। लोकसभा संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा ने मशकगंज के मल्लाही टोला अंबेडकर पार्क में, मनीष शुक्ला ने लाल कुआं भेड़ी मंडी चौराहा, वही उत्तर विधानसभा विधायक डॉ नीरज बोरा ने नंदपुरम मोड फैजुल्लागंज द्वितीय तथा मंडल दो अलीगंज सेक्टर क्यू में आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि दिल्ली मुंबई जैसे सिटी की तरह आज लखनऊ में दर्जनों फ्लाईओवर बनकर तैयार है दर्जनों बनने वाले है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह श्रद्धेय अटल जी के सपने का लखनऊ शहर आज साकार हो रहा है। लखनऊ शहर को विश्व स्तरीय बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है। 105 किलो मीटर लंबी आउटर रिंग रोड बनकर तैयार है। उन्होने कहा कि सभी क्षेत्रवासियों को बड़ी संख्या में निकलकर भारतीय जनता पार्टी कमल वाले निशान पर बटन दबाकर राजनाथ सिंह को ऐतिहासिक जीत दिलाना है।

एकेटीयू क्लासरूम गुणवत्ता बढ़ाने के लिए करायेगा एफडीपी

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अपने संबद्ध संस्थानों में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम कराने का निर्णय लिया है। कुलपति प्रो जेपी पांडेय के निर्देशन में स्क्रीनिंग के बाद इंजीनियरिंग और गैर इंजीनियरिंग विषयों के 21 एफडीपी संबद्ध संस्थानों में आयोजित किये जाएंगे। संस्थानों को इन्हें 15 सितंबर के पहले कराना होगा। इसे आयोजित कराने के लिए विश्वविद्यालय आर्थिक सहायता भी देगा।

पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पृथ्वी दिवस के अवसर पर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखनऊ द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एनएसएस, एनसीसी एवं रेंजर्स के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो अनुराधा तिवारी के दिशा निर्देशन में हुआ।

कड़कड़ाती धूप में भी गांव-गांव घूम रहे कार्यकर्ता

लखनऊ। नजदीक आ रहे हैं। सभी दलों के कार्यकर्ता अपने नेता को जिताने के लिए व्यस्त हो गए।कही बी जे पी तो कहीं सपा गठबंधन के कार्यकर्ता अपनी अपनी पूरी ताकत झोंकने में लगे हैं। गोसाईगंज के ग्राम अहिरन ढकवा में आर के चौधरी का आना हुआ।श्री चौधरी सपा और कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी हैं ।उन्होंने क्षेत्र के मिर्ज़ापुर ,दुल्लापुर,बाजू का पुरवा,मीसा ,मलौली सहित 20 गांवो का भ्रमण किया।चौधरी के साथ पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुस्कर, महताब सिंह, अशोक यादव पूर्व जिलाध्यक्ष लखनऊ , रामसुचित यादव, व राजबहादुर यादव जिला सचिव अनूप यादव।राम समुझ, सपा नेत्री अर्चना,पूर्व चेयरमैन ब्रजेश यादव सहित बहुत से लोग उपस्थित रहें। इसी कार्यक्रम मे अनिल यादव ने चौधरी का फूल मालाओं से स्वागत सम्मान किया।

सआदतगंज पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।थाना सआदतगंज पुलिस टीम ने दो फरार वारंटियों को किया गिरफ्तार। आपको बता दें कि इंस्पेक्टर सआदतगंज ब्रजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में काम कर रहे चौकी प्रभारी अम्बरगंज आशीष बालियान ने अपनी टीम के साथ मो0 शोएब सिद्दीकी पुत्र मो0 हाशिम सिद्दीकी (51) निवासी वजीरबाग और मो0 रईस अहमद उर्फ शानू पुत्र मो0 शरीफ निवासी (38) वजीरबाग चरही के पास थाना सआदतगंज को किया गिरफ्तार।

एल्युमिनियम पोल लदी डीसीएम डिवाइडर से टकराकर पलटी,चालक घायल

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।मोहनलालगंज।निगोहां कस्बे में रविवार की रात एल्युमिनियम पोल लदी डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद हाइवे की एक पटरी पर पलट गयी।जिसके बाद डीसीएम में लदे सारे पोल हाईवे पर बिखर गये ओर लखनऊ से रायबरेली जाने वाली एक पटरी पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम में फंसे घायल चालक को बाहर निकालकर एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिये सीएचसी भेजा।पुलिस ने हाइवे की मेंटिनेश टीम को क्रेन समेत मौके पर बुलाकर डीसीएम समेत सारे पोलो को हाइवे की पटरी से हटवाकर यातायात बहाल कराया। मोहनलालगंज के कनकहा गांव निवासी चालक राहुल (28 वर्ष) रविवार की देर रात डीसीएम में लखनऊ से एल्यूमिनियम के पोल लदाकर रायबरेली जा रहा था,जैसे ही वो डीसीएम लेकर निगोहां कस्बे में पहुंचा ही था कि तभी डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गयी ओर सारे पोल हाइवे की एक पटरी पर बिखरने से यातायात बाधित हो गया।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम? के अंदर फंसे चालक को बाहर निकलवाकर एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिये सीएचसी भेजने के साथ ही हाईवे की मेंटिनेश टीम को क्रेन समेत मौके पर बुलवाकर बहन डीसीएम समेत बिखरे पोलो को हटवाकर बाधित यातायात को सुचारू रूप से चालू कराया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया डीसीएम हाइवे पर पलटने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर हाईवे टीम की मदद से डीसीएम व बिखरे पोलो को हटवाकर यातायात शुरू कर दिया गया था।डीसीएम में फंसे घायल चालक को इलाज के लिये अस्पताल भेज दिया गया था।

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित हुआ मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में कुलपति प्रोफ़ेसर एनबी सिंह के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम को आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मनोज कांत सामाजिक कार्यकर्ता एवं सहयोगी के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ नलिनी मिश्रा रहीं।

यूपी की आठ सीटों का भी 26 को फैसला सुनायेंगे मतदाता :खुर्शीद आलम

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। देश के 543 लोकसभा सीटों में 102 सीटों पर बीते 19 अप्रैल को मतदान के साथ ही लोकसभा चुनाव का आगाज हो गया है। 26 अप्रैल को दूसरे चरण की वोटिंग होनी है जिसकी बाबत चुनाव आयोग तैयार है। लोकसभा के दूसरे चरण में 12 राज्यों की 88 सीटों पर पोलिंग होगी।जिन राज्यों में पोलिंग होनी है ,उनमें छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, असम, बिहार, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं।

कम नंबर आने से मायूस छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर। थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। क्षेत्र के रहीमाबाद में एक हाईस्कूल की छात्रा ने महज इस लिए फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली कि उसके बोर्ड परीक्षा में अंको का प्रतिशत उसके मन मुताबिक नही था। बेटी के इस कदम ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। माता पिता का रो रो कर बुरा हाल है।पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रमेश कुमार सिहं जो कि मूलतः बलिया के निवासी हैं ने रहीमाबाद क्षेत्र में मकान बनाकर अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। रविवार को शाम 5.00 बजे वह अपने बेटे के लिए किताबें व ड्रेस खरीदने के लिए अपनी पत्नी व बेटे संग निकलें थे। रमेश सिहं खरीददारी करके जब साँय 8.00 बजे अपने घर वापस आये तो गेट खोलने के लिए अपनी 15 वर्षीय बेटी आकांक्षा सिहँ को कई बार आवाज लगायी, परन्तु अन्दर से कोई हलचल न होने पर उनकी बेचैनी बढ़ने लगी। रमेश ने बगल के घर में जब बेटी के बारे में जानकारी की तो कोई जानकारी नहीं मिली। किसी बड़ी अनहोनी की आशंका में वह उनकी छत पर चढकर, किसी तरह अपने घर में पहुंचे और पीछे के कमरे तक आवाज लगाते हुए जैसे ही दरवाजा खोलकर अन्दर का नजारा देखा तो वह भौचक्क रह गये। आकाँक्षा गले में दुपटटा बाँधकर पंखे से मृत अवस्था में लटकी हुई थी। यह देखकर रमेश सिहं रोते चिल्लाते गेट खोलकर पत्नी को अन्दर ले गये । पड़ोसियों की मदद से किसी तरह बेटी को जब नीचे उतारा तो उसकी साँसे रुक चुकीं थी ।आकाँक्षा सिहं, गौतम बुद्ध विद्यालय, बिजनौर रोड़ में कक्षा 10 की छात्रा थी। वह हाईस्कूल बोर्ड परीक्षाफल में 55% अंक प्राप्त करने पर बहुत ही मायूस थी, मातापिता ने काफी समझाया कि आगे और मेहनत करने पर अच्छा रिजल्ट आयेगा। इन्टरमीडियट की तैयारी अभी से शुरु कर दो। परन्तु आकाँक्षा के अन्दर न जाने क्यों अपनी मर्जी के अनुसार परीक्षाफल न आने पर बेचैनी बढने लगी, जिससे उसने अपने हाथों अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

नहर में नहाने आये किशोर का अभी तक पता नहीं चला

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में बीते शनिवार को अपने दोस्त के साथ नहर में नहाने आये किशोर का रविवार को कुछ पता नही चल सका। रविवार को दिन भर प्राइवेट गोताखोरों व एनडीआरएफ की टीम ने इंद्रा नहर की तालाशी ली लेकिन कुछ पता नही चल सका। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि गोमती नगर विस्तार थाना क्षेत्र के मलेशेमऊ गांव निवासी मुबारक अली का 17 वर्षीय बेटा अली अपने दोस्त असलम के साथ शनिवार की दोपहर खुर्दही स्थित इंद्रा नहर में नहाने ले लिए आया था। नहर में तेज बहाव के चलते उसका संतुलन विगड़ा और नहर में डूब गया। पुलिस ने बताया कि नहर में खोजबीन के लिए रविवार की सुबह से ही एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई इसके साथ प्राइवेट खोताखोरो को लगाया गया। लेकिन किशोर का कुछ पता नही चला सका। पुलिस का मानना है कि पानी के तेज बहाव के चलते किशोर के दूर तक बहने की आशंका को देखते हुए अचली खेडा बैराज पर जाल डलवाया गया है।

महंगाई और बेरोजगारी ही देगी भाजपा को गहरी चोट : सुनील सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मथुरा में इंडिया गठबंधन कार्यक्रम में शामिल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि भाजपा का 400 सीट का नारा एक जुमला है। देश में कोई मोदी लहर नहीं है। पश्चिम के चुनावी चरणों में वोटिंग प्रतिशत ये बयां कर रहा है बीजेपी की हार सुनिश्चित है। बढ़ती महंगाई, आर्थिक मंदी, बेरोजगारी और संघर्षों से लोग चिंतित है, लेकिन मोदी सरकार देश का ध्यान भटकाने में लगी हुई है कही धर्म के मुद्दों को लेकर तो कही समाज को बांटने को लेकर। इस चुनाव में बीजेपी के लोगों का मुद्दों (महंगाई, बेरोजगारी) से ध्यान हटाने के पन्ना प्रमुखों को कार्यों में लगा दिया गया है। उन्होने कहा कि पहले लोग कहते थे कि इनका कोई विकल्प नहीं है। लेकिन जब से इंडिया गठबंधन बना है, लोग कहने लगे हैं कि यह गठबंधन 2024 में भाजपा की सरकार नहीं बनने देगी। सुनील सिंह ने कहा कि 2047 में देश विकसित भारत तो बनेगा, लेकिन उस दौरान आज का ना तो कोई देखने वाला होगा और ना ही कोई बोलने वाला बचेगा। इस बार चुनाव में किसान, खिलाड़ी, युवा, बेरोजगार सभी मिलकर बीजेपी को हराएंगे और बीजेपी के घमंड को चकनाचूर करेंगे।

यूपी का रण 2024 मुस्लिम मतदाताओं के बंटवारे पर टिकी सबकी नजर : खुर्शीद आलम

लखनऊ। यूपी में लोकसभा चुनाव दूसरे चरण में आठ सीटों पर दूसरे चरण 26 अप्रैल को मतदान होगा। उत्तर प्रदेश की पश्चिमी लोकसभा सीट पर इस बार हार-जीत के समीकरण ध्रुवीकरण से ही तय होगा। मुस्लिम की बहुलता के कारण उनके रूख़ पर सबकी नजरें हैं। सपा, कांग्रेस, आरएलडी सहित महागठबंधन के दलों ने कई ऐसे लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में उतारा है जो मतदाताओं को जोड़कर जीत की राह देख रहे हैं।

खुर्शीद आलम की मानें तो वहीं भगवा खेमे की नज़र मुस्लिम वोटों के बंटवारे पर है। भाजपा इसके साथ ही ध्रुवीकरण से सीट पर कब्जा बरकरार रखने की आस लगाए हुए है।पीलीभीत, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद व रामपुर एक विशेष समुदाय का गढ़ हमेशा माना जाता है। यह लोकसभा क्षेत्र में सियासी जंग रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। विधानसभा चुनाव की तरह मुस्लिम बहुलता क्षेत्र में मजबूत प्रत्याशी मैदान में उतारकर महागठबंधन की बेचैनी बढ़ा दी है, जबकि महागठबंधन भी जीत हासिल करने के लिए एड़ी से चोटी तक जोर लगा दिया है।खुर्शीद आलम की मानें तो अबकी बार नज़ारा कुछ और ही देखने को मिलेगा। दलित, मुस्लिम और पिछड़ी जातियों की बहुलता वाले सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद और रामपुर लोकसभा क्षेत्र में टिकटों के ऐलान के पहले से ही सियासी तपिश काफी बढ़ गई थी।

सपा के गढ़ में सेंध लगाने की चुनौती

पिछले पांच साल पहले तक बहुलता क्षेत्र सपा का गढ़ मानी जाती है। पिछले लोकसभा चुनाव से हुएं चुनावों में पश्चिमी बहुलता क्षेत्र में लगातार सपा का कब्जा रहने से इस तर्क को मजबूत आधार भी मिलता रहा, विधानसभा चुनाव में सपा को पटखनी लग गई थी।

मंडला आयुक्त डा. रोशन जैकब का आचौक निरीक्षण

कहा कि सीनियर सिटीजन पार्क के दृष्टिगत पार्क में एक्टिविटी कार्यक्रम कराया जाये

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने अमीरुदौला पब्लिक लाइब्रेरी व राजाराम पार्क (सीनियर सिटीजन पार्क) का औचक निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष एलडीए इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव सहित स्मार्ट सिटी के संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने संपूर्ण परिसर का जायजा लेते हुए उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पार्क के समस्त सिविल कार्य व उपकरण लगने के कार्य पूर्ण हो गए हैं तो नियमित रूप से पार्क को संचालित कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। सीनियर सिटीजन पार्क में लाइटिंग, बेंचिंग,फाउंटेन, ओपेन जिम व हॉर्टिकल्चर के समस्त कार्य चाक-चौबंध पाई गई। उन्होने कहा कि सीनियर सिटीजन पार्क के दृष्टिगत पार्क में एक्टिविटी कार्यक्रम कराया जाये। अमीरूदौला लाइब्रेरी के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों के निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था व शौचालय की नियमित साफ सफाई कराते रहे।

लाइब्रेरी में बैठने के लिये गुणवत्ता पूर्वक फर्नीचर की व्यवस्था तत्काल कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त को संबंधित द्वारा अवगत कराया गया कि लाइब्रेरी के पुस्तकों की कैटलॉगिंग का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। साथ ही मंडलायुक्त ने शेष कार्य में लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाइब्रेरी के कैंपस में बने कैफ़ेटेरिया का संचालन करने व बगल में सीटिंग की व्यवस्था भी करने के निर्देश दिए।

एस.एस स्कूल व कुम्हरावां इण्टर कॉलेज ने मेधावियों विधार्थियो को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बीकेटीएस एस पब्लिक स्कूल,हेमी,बीकेटी,का हाईस्कूल व कक्षा बारह का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।हाईस्कूल के विधार्थी प्रिंस वर्मा ने 93.33% अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया,वहीं सौरभ यादव ने 89% एवं अभय राजपूत ने 88 % अंक हासिल किए वहीं कक्षा बारह की छात्रा अर्चिता गुप्ता ने 88.4% अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया व सार्थक यादव ने 85.8%एवं हिमांशु यादव ने 85.4%अंक हासिल किए विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु स्कूल परिसर में बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी एवं कहा कि जीवन का हर दिन परीक्षाओं से भरा हुआ है,बच्चों को हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सी.के शर्मा एवं शिक्षक गण द्वारा सभी अभिभावकों का अभिनंदन किया गया।वहीं बीकेटी के कुम्हरावाँ इण्टर कॉलेज में भी यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 के टॉपर्स का स्वागत समारोह सोमवार को कालेज परिसर में आयोजित हुआ।हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम 2024 में हर्षिता सिंह 88%अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान,वंशिका बाजपेई 81%अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान,काजल 79%अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान।इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा(साहित्यिक वर्ग)नीलू 75%अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान,सपना सिंह 74%अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान,उमा शंकर प्रसाद 71.4%अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।वहीं (व्यावसायिक वर्ग)में गुड़िया78.4%अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान,हर्षित मिश्रा 78.3%अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान,अंकित रावत78.1%अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवेंद्र कुमार सिंह तथा शिक्षक महेंद्र यादव,जय प्रकाश ,अजय कुमार यादव,सत्य कुमार,बृजेश कुमार,एजय कुमार मिश्रा,रोहित कुमार, शिक्षिका अजिता मिश्रा,सुमन,अल्पना बाजपेई,निशा मिश्रा ने सभी टॉपर्स विद्यार्थियों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

लू से बचने के लिए आम जनमानस को जागरूक करेंगे सिविल डिफ़ेंस के वार्डन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रतिदिन बढ़ता तापमान और चिलचिलाती धूप लोगो को परेशान कर रही है ऐसे में लू लगने का खतरा भी बढ़ जाता है इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के ऑडिटोरियम में एक बैठक रखी गयी। इसमें सिविल डिफेंस लखनऊ के चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्र और मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज अग्रवाल व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीतीश कुमार वर्मा मौजूद रहे।

बैठक में सिविल डिफेंस के वार्डनों को लू से कैसे बचा जाए इसके सुझाव बताये गए। वहीं अमरनाथ मिश्र ने सभी वार्डनों से आग्रह किया कि सभी प्रखंड के वार्डन लू से बचने के सुझाव आम जनमानस तक पहुचाये और ज़्यादा से ज़्यादा लोगो को जागरूक करे। उन्होने कहा कि स्थानों को चिन्हित कर वहा पर पानी की मशीन अथवा पानी के गढ़ेह की व्यवस्था करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि लू से बचने के कुछ उपाय है जिसको अपना कर आसानी से बचा जा सकता है और सिविल डिफेंस इस कार्य को जान मानस तक पहुचा कर जागरूक करेगा।

महावीर जयंती पर 14 लोगों ने किया रक्त दान

लखनऊ । भगवान श्री महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सम्राट विक्रमादित्य सेवा संस्थान द्वारा सुशांत गोल्फ सिटी के साईं दाता मार्ग अर्जुनगंज में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें ओमप्रकाश पांडे, शीतला प्रसाद तिवारी, सुभाष, अशोक, रुद्रा, अवधेश, आशीष, मनोज, अमर सिंह, की उपस्थिति में रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।रक्तदान कार्यक्रम में 14 रक्तदाताओं ने अपना स्वैच्छा से रक्तदान किया । जिसकी जानकारी सुरेंद्र कुमार मिश्र नगर सेवा प्रमुख ने बताया कि आरएसएस समय समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन आगे भी करता रहेगा।

सार्वजनिक सूचना

मैं मोहम्मद मुख्तार पुत्र इस्माइल निवासी फातिमा नगर थाना मडियांव सीतापुर रोड लखनऊ का निवासी हूं। मैं अपने पुत्र मोहम्मद इम्तियाज और बहू इकरा को उनकी परिवार विरोधी गतिविधियों के चलते बेटे मो. इम्तियाज और बहू इकरा को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। दोनो ने परिवार विरोधी गतिविधियों में शामिल होकर परिवार के सदस्यों की छवि धूमिल करने की नियत से अपनी मर्जी से निकाह किया है। इसलिए इन्हे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदल करता हूं। इनके द्वारा किये गये किसी भी क्रियाकलाप से मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों का कोई लेना देना नहीं होगा।

नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद पर विराजमान होने जा रहे हैं : मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीजेपी बूथ अध्यक्षों को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया संबोधित

डिप्टी सीएम ने बूथ अध्यक्ष बैठक में जिन बूथ अध्यक्षो के नाम लिए वो सभी थे नदारद

सीतापुर बीजेपी संगठन की कार्य शैली से जाहिर की नाराजगी मांगा जवाब

सीतापुर । भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में सीतापुर सदर विधानसभा के खैराबाद स्थित जेपी लान में बूथ अध्यक्ष बैठक में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा पहुंचकर सदर विधानसभा के बूथ अध्यक्षों को संबोधित किया गया। बैठक में डिप्टी सीएम ने कई बूथ अध्यक्ष के नाम मंच से लिया उनके द्वारा जितने नाम पुकारे गए वो सभी बूथ अध्यक्ष अनुपस्थित मिले जिससे उपमुख्यमंत्री ने संगठन के पदाधिकारियों से अनुपस्थित होने का जवाब मांगा व पुनः इनकी बैठक करने को कहा।

बैठक को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का बूथ अध्यक्ष पार्टी का महत्वपूर्ण अंग है अपने कुशल बूथ प्रबंधन से प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को अपने बूथ पर कम से कम पिछले चुनाव की तुलना में 370 वोट अधिक भाजपा के पक्ष में मतदान करना है उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि हमारी केंद्र व प्रदेश सरकार की 300 से ज्यादा जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही है देश में ऐसा कोई नागरिक नहीं है जिसे किसी भी योजना के अंतर्गत लाभान्वित होने का मौका न मिला हो ऐसे में पार्टी पदाधिकारियों को जन-जन में जागरण करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करना है और नरेंद्र मोदी तीसरी बार भारत माता की सेवा के लिए देश के प्रधानमंत्री पद पर विराजमान होने जा रहे हैं बस चुनाव की अंतिम बेला में बूथ अध्यक्षों को अपने दायित्वों का अनुशासनात्मक निर्वहन करना है भारतीय जनता पार्टी एक सुनहरे भारत का निर्माण करने जा रही है जिसमें सभी पदाधिकारियों और बूथ अध्यक्षों का विशेष योगदान रहने वाला है। बैठक में बोलते हुए सदर सांसद / सीतापुर सदर भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा ने कहा की संपूर्ण लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में माहौल तैयार हो चुका है बस मतदान होने की देरी बची है और इस बार भाजपा के पक्ष में जितना मजबूत माहौल बना नजर आ रहा है इतना पूर्व में कभी नजर नहीं आया राजेश वर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सीतापुर सदर लोकसभा में अब तक की सबसे बड़ी जीत 2024 के चुनाव में दर्ज करने जा रही है ऐसे में सभी पदाधिकारियों व बूथ अध्यक्षों को परिश्रम की पराकाष्ठा करनी है और अपने कमल निशान पर जन-जन से मतदान कराना है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया की सीतापुर की पावन भूमि पर सदर विधानसभा की बूथ अध्यक्ष बैठक में बूथ अध्यक्षों का उत्साह देखकर ऐसा लग रहा है कि यह विधानसभा भारतीय जनता पार्टी को इतना प्रचंड सहयोग देने जा रही है की इसी जिला अध्यक्ष ने बताया की बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ है और हम सबके सर्वोच्च सम्मान का पात्र है वह भारतीय जनता पार्टी को शिखर पर पहुंचने वाला कारक है उन्होंने बैठक में आए सभी बूथ अध्यक्षों का अभिनंदन किया बैठक को सदर विधायक व नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने संबोधित करते हुए कहा की सदर विधानसभा में सभी बूथ अध्यक्षों को अपने बूथ का एक-एक वोट भारतीय जनता पार्टी को दिलवाना है और इसके लिए कठोर परिश्रम करने से पीछे नहीं हटना है। बैठक को जिला प्रभारी नीरज सिंह ने भी संबोधित किया एवं सभी बूथ अध्यक्षों से भारतीय जनता पार्टी के नियमानुसार कार्य करते हुए प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने का आवाहन किया। बैठक को खैराबाद नगर पालिका की अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता, व सीतापुर नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी द्वारा भी संबोधित किया गया। इसके बाद मोहनलालगंज सुरक्षित सीट के अंतर्गत सिधौली विधानसभा में भी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा बूथ अध्यक्ष बैठक को संबोधित किया गया एवं बूथ अध्यक्ष संवाद किया गया उक्त बैठक में सिधौली विधायक मनीष रावत मोहनलालगंज सुरक्षित सीट के सांसद भारत सरकार में नगर विकास राज्य मंत्री कौशल किशोर लोकसभा संयोजक, प्रभारी आदि ने अपने विचार रखकर बूथ अध्यक्षों को संबोधित किया साथ ही विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र नीरज वर्मा ,पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, भाजपा नेत्री गीता सिंह लोकसभा संयोजक अजय गुप्ता लोकसभा प्रभारी दिनेश तिवारी जया सिंह नैमिष रतन तिवारी, संदीप मिश्र आदि ने भी अपने विचार रखें।

प्राची निगम को भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

यूपी बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में कक्षा दस में प्रथम स्थान हासिल करने वाली प्राची निगम को बधाइयां देने वाले तथा सम्मानित करने वालों का तांता लगा हुआ है

सीतापुर। यूपी बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में कक्षा दस में प्रथम स्थान हासिल करने वाली प्राची निगम को बधाइयां देने वाले तथा सम्मानित करने वालों का तांता लगा हुआ है।रविवार को भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अमन सिंह चौहान, जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा ने प्राची के निवास स्थान पर पहुंच कर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। युवा मोर्चा पदाधिकारीयो ने कहा कि बेटी आगे बढ़ेगी तो हमारा देश भी आगे बढ़ेगा। बेटियों के उज्जवल भविष्य के लिए देश के प्रधानमंत्री तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अनेकों योजनाएं चला रहे है। जिससे बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में अपना तथा अपने परिवार का नाम रोशन कर रही है।

मंहगाई डायन खाय जात, बढ़ती महंगाई से आमजन के छूटे पसीने

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी (विवेक पाण्डेय)। आज लगातार बढ़ रही महंगाई ने आमजन की कमर तोड़कर रख दी है, जिससे अब मध्यम वर्गीय और गरीब तबके के लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी उन्हें तब होती है जब घर में कोई शादी समारोह पड़ जाती है। गौरतलब है की बढ़ती महंगाई के दौरान इस बार होने वाली शादियों में काफी ज्यादा इजाफा देखने को मिल रहा है। सहालग शुरू हो चुकी है, हर बार से ज्यादा इस बार की महंगाई ने शादियों का बजट बिगाड़ा है। बीते सहालग की तुलना में इस बार लगभग 40 से 50 फीसदी तक दाम बढ़ चुके हैं। शादी के कार्ड से लेकर भोजन तक सभी पर महंगाई की मार पड़ी है। बेटी को दिया जाने वाला गृहस्थी का सामान भी महंगा हुआ है। एलईडी टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, बेड, सोफा, ड्रेसिंग टेबल, सेंटर टेबिल, गद्दा रजाई, सिलाई मशीन, दोपहिया वाहन समेत सभी चीजें महंगी हुई हैं। पहले एक शादी में दिए

शादी समारोह के खर्च को लेकर आमजन परेशान

जाना वाला सामान औसतन एक से डेढ़ लाख रुपये में मिल जाता था। अब इसके लिए दो से तीन लाख रुपये लग रहे हैं। अधिकतर एलईडी टीवी और फ्रिज के मूल्य दो से तीन हजार रुपये बढ़ चुके हैं। व्यापारियों का कहना है कि अधिकांश कारखानों में कारीगरों की कमी किए जाने से उत्पादन सीमित हुआ है, जिससे दाम बढ़े हैं। बता दें कि आसमान छूती महंगाई से शादी समारोह में होने वाले खर्चों से लोग परेशान नजर आ रहे हैं। शादियों की सहालग को लेकर जहां लोग परेशान दिखाई दे रहे हैं तो वही शादियों में बुक होने वाले तमाम प्रकार की सुविधाओं और व्यंजनों की बढ़ती कीमत के चलते व्यापारिक लाभ को देखते हुए सभी के चेहरे खिले दिखाई दे रहे हैं। बीते दिन यानी की 18 अप्रैल से शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। इस बार बड़ी संख्या में शादियां होनी हैं। हालांकि, इस बार दुल्हा-दुल्हन दोनों पक्ष पर महंगाई की मार पड़ने वाली है। आसमान छूती महंगाई से विवाह समारोह का आयोजन खर्च में 40 से 50 फीसदी की भारी बढ़ोतरी हुई है। यह बढ़ोतरी बैंक्वेट हॉल, केटरिंग, ट्रांसपोर्टेशन, डेकोरेशन, फूल, ज्वैलरी, कपड़े आदि महंगे होने से हुई हैं। इसके साथ ही लेबर चार्ज भी काफी बढ़ा है। पेट्रोल-डीजल की महंगाई ने ट्रांसपोर्टेशन लागत बढ़ाने का काम किया है। विवाह समारोह में उपयोग में आने वाली कुर्सियों से लेकर स्टेज, टेंट आदि का किराया में 10 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में अगर पिछले साल किसी शादी के डेकेरोशन में 2 लाख रुपये का खर्च आता था तो वह इस बार बढ़कर कम से 3 लाख रुपये पहुंच गया है।

बैंड-बाजे से लेकर केटरिंग भी हो गया है महंगा

महंगाई की मार इस बार केटरिंग से लेकर बैंड-बाजा पर देखन को मिल रही है। पिछले साल की तुलना में इस बार खाना भी महंगा पड रहा है। बारात के समय आने वाली जिस बैंड पार्टी की बुकिंग 15000 रुपये तक में हो जाती थी, वह आज 35 हजार रुपये से कम पर तैयार ही नहीं होते। शादी वाले दिन घर में रात भर रह कर बाजा बजाने वाले दो-तीन लोगों की टीम की बुकिंग चार-पांच हजार रुपये में हो जाती थी। वे इस समय 10.000 रुपये से कम पर मान ही नहीं रहे हैं।

ज्वैलरी से लेकर कपड़े के दाम में भारी बढ़ोतरी

इस बार शादियों के बजट बढ़ाने में ज्वैलरी, कपड़े, जूते, चप्पल, दुल्हा-दुल्हन के शादी के जोड़े अहम रोल निभा रहे हैं। सोना महंगा होने से ज्वैलरी खरीदने का बोझ बढ़ा है। वहीं, कपड़े पिछले साल के मुकाबले 30 फीसदी तक महंगा होने से इसका भी बजट तेजी से बढ़ा है। ओवरऑल इस बार शादियों में बढ़ा खर्च दुल्हे और दुल्हन दोनों पक्ष को परेशानी में डालने का काम करेंगे। सभी की जुबान पर है मंहगाई डायन खय जात है।

सीएमएस के नेतृत्व में आईएमए ने मतदान के लिए किया लोगों को जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के बैनर तले जिला पुरुष चिकित्सालय में सीएमएस डॉ आरके कोली के नेतृत्व में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसके माध्यम से जिला चिकित्सालय में तैनात डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ व अन्य कर्मचारियों सहित आने वाले मरीजों के तीमारदारों को भी पहले मतदान फिर जलपान जागरूकता विषय पर जागरूक किया गया और मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया। सीएमएस डॉ आरके कोली ने बताया कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने का जो कार्यक्रम किया जा रहा है वह सराहना के योग्य है। आईएमए के अध्यक्ष डॉ अखिलेश खरे और डॉ सचिव मनोज शर्मा सहित संगठन के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हैं और इसके लिए वह उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मतदान हमारा अधिकार है और मतदान के बाद गर्व महसूस होता है। एक सशक्त लोकतंत्र के लिए मतदान की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसीलिए सभी को मतदान के लिए जागरूक करें और स्वयं भी मतदान अवश्य करें। सचिव डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि संगठन इससे पहले भी स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर कार्यक्रम कर चुका है। जिसमें सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को मतदाता जागरूकता पोस्ट भेंट कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी और संगठन इसे लगातार जारी रखे हैं।

मछरेहटा थाने में उपनिरीक्षक मनोज के आत्महत्या पर मानवाधिकार आयोग ने जारी की नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सीतापुर के मछरेहटा थाना में तैनात दरोगा मनोज कुमार की मौत के मामले में मानवाधिकार आयोग ने पुलिस अधीक्षक सीतापुर को नोटिस जारी करते हुए जांच के आदेश दिए हैं तथा 15 मई तक जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा है । उक्त मामले की शिकायत इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता डॉ. गजेंद्र सिंह यादव ने मानवाधिकार आयोग में दर्ज कराई थी तथा उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी । ज्ञात हो कि सीतापुर के मछरेहटा थाने में तैनात दरोगा मनोज कुमार ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से सीने में गोली मार ली, जिससे दरोगा की मौत हो गई। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया था। फतेहपुर जिले के कल्याणपुर थाने के जलाल गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र राम अवतार मछरेहटा के हल्का नंबर चार में तैनात थे। शुक्रवार सुबह सवा दस बजे थाना परिसर में मुख्य भवन के पीछे सर्विस रिवॉल्वर से सीने में गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर थाने के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तो सिपाही मनोज कुमार खून से लथपथ पड़े थे। उनके दाहिने हाथ में रिवॉल्वर थी। साथी पुलिसकर्मी दरोगा को पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में दरोगा को मृत घोषित कर दिया गया। इमरजेंसी में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. इंद्रेश्वर वर्मा ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही सिपाही की मौत हो चुकी थी। आरोप है कि थानाध्यक्ष राज बहादुर रुपये की मांग कर रहे थे। उनके इस कार्य से पूरा थाना परेशान था। थाने के अबू हादी, शाने आलम, रंजीत यादव और सुनील रुपये वसूल कर थानाध्यक्ष को देते थे। ईमानदार कर्मचारी का कोई सम्मान नहीं था। उक्त लोग फर्जी मुकदमे में फंसाकर वसूली का दबाव बनाते थे और न करने पर अभद्र टिप्पणी करते थे।अतः अधिवक्ता ने कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाने की मांग करते हुए मामले मानवाधिकार आयोग में दर्ज कराया था ।

लोकसभा चुनाव: सपा, बसपा और धौरहरा में लोकजन संघर्ष पार्टी के प्रत्याशी ने भरा पर्चा

खीरी से भाजपा, धौरहरा से बसपा प्रत्याशी ने दाखिल किया दूसरा सेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के तहत सोमवार को नामांकन के चौथे दिन सोमवार को 28-खीरी संसदीय क्षेत्र से सपा से उत्कर्ष वर्मा ने चार सेट और बसपा से अंशय कालरा ने एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी के साथ भाजपा से अजय कुमार ने आज पुनः एक सेट सेट दाखिल किया। 29-धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए लोक जन संघर्ष पार्टी से सुदेश कुमार ने एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बसपा से श्याम किशोर अवस्थी ने पुनः रिटर्निंग अफसर के समक्ष अपना नामांकन पत्र दो सेट में दाखिल किया। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। बताते चले कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली। निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रत्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है। नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के न्यायालय कक्ष में जमा करने का समय प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से 03 तक किया जा सकता है। नामांकन का अंतिम दिनांक 25 अप्रैल 2024 आयोग द्वारा निर्धारित है।

सीएमओ व सीएमएस ने हीटवेव और डेंगू वार्ड का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। हीट वेव, डेंगू और संक्रामक रोगों व हनुमान जयंती के उपलक्ष में होने वाली पदयात्रा के दृष्टिगत जिला चिकित्सालय में बनाए गए वार्डों और इमरजेंसी सेवाओं के दृष्टिगत सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता और सीएमएस डॉ आरके कोली ने संयुक्त रूप से सोमवार को वार्डों और इमरजेंसी सेवाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता भी उनके मौजूद रहे।

निरीक्षण के क्रम में सीएमएस डॉ आरके कोहली ने बताया कि अप्रैल माह में हीट वेव का खतरा बढ़ गया है। साथ ही डेंगू और संक्रामक रोगों का खतरा भी बढ़ा है। ऐसे में रोगियों के लिए हीटवेव वार्ड और डेंगू वार्ड बनाया गया है। हीटवेव वार्ड वातानुकूलित वार्ड है। जिससे मरीजों को गर्मी से बचाया जा सके। इसके दृष्टिगत सेवाओं का जायजा लेने के लिए सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से सोमवार को दोनों वाडी का निरीक्षण किया गया। दवाओं के रखरखाव और उपलब्धता के साथ इमरजेंसी सेवाओं की जानकारी ली गई। तैनात स्टाफ से व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। तीन ऑक्सीजन कंसलटेटर और दो ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था की गई है। साथ ही विषम परिस्थितियों में अतिरिक्त ऑक्सीजन के लिए भी व्यवस्था कर दी गई है। दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था है। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा जनमानस के लिए हीट वेव से बचाव को लेकर एडवाइजरी भी जारी की जा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी इस एडवाइजरी का पालन करके लोग हीट वेव से बच सकते हैं।

हीट वेव से बचाव के लिए क्या करें क्या न करें

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि अधिक से अधिक पानी पिएं, पसीना सोखने वाले व हल्के रंग के वस्त्र पहनें। धूप मे निकलते समय चश्मे छाते व चप्पलों का प्रयोग करें। खुले मे कार्य करते हैं तो चेहरा, हांथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें यदि सम्भव हो तो छाते का प्रयोग करें। सम्भव हो तो पूर्वाहन 11 बजे से 04 बजे के मध्य धूप मे निकलने से बचें। घर मे बने पेय पदार्थ लस्सी, नींबू पानी एवं छाछ इत्यादि का प्रयोग करें। पेट में मरोड़, घमोरियां, शरीर में कमजोरी, चक्कर आना, सिर में तेज दर्द, उबकाई जैसे लक्षण सामने आए तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर चिकित्सीय सलाह लें।

चुनाव में इंडी गठबंधन का देश से हो रहा सुपड़ा साफ : धर्मेंद्र मिश्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर । लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा एडवोकेट ने आज पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता कर बताया कि इंडी गठबंधन के लोग पहले चरण के चुनाव में पूरे देश से उनका सुपड़ा साफ हो रहा है जिससे बौखला गए हैं और बौखलाहट मैं राजद नेता बिहार के जमूड सीट पर सभा कर रहे थे तभी उनकी पार्टी के समर्थक ने हमारे नेता चिराग पासवान को गाली गलौज किया लेकिन गठबंधन के नेताओं द्वारा उन्हें ना तो रोका गया और ना ही उनके खिलाफ कोई भी कार्रवाई की गई जिससे स्पष्ट है कि इंडी गठबंधन के नेताओं ने राजनीतिक एवं संवैधानिक मर्यादा भूल गए हैं उन्होंने चिराग पासवान जो दलित समाज के नेता हैं उनकी माता को गाली दी है जो देश की आधी आबादी है।इंडी गठबंधन के लोगों ने देश की आधी आबादी को गाली दी है जिसको कड़े शब्दों में निंदा लोग जलसक पार्टी रामविलास करती है और आप लोगों के माध्यम से चुनाव आयोग से मांग करती है कि गठबंधन के लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें और चुनाव प्रचार में पाबंदी लगाई हमारे नेता चिराग पासवान ने अपनी पार्टी का गठबंधन भाजपा एनडीए से किया है जिस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता पूरे देश में एनडीए के प्रत्याशी को जीतने का कार्य करेगा और नरेंद्र मोदी के 400 पर नारे को सफल बनाएगी साथ ही गठबंधन विस्तार को लेकर जिला अध्यक्ष राजू पासवान ने आज व्यापार प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता को वहीं जिला उपाध्यक्ष कन्नोसिस राजा उर्फ़ साबिर को मनोनीत किया इस अवसर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कलीम खान जिला महासचिव अनिल पासवान एडवोकेट आज पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

पुलिस एक पीड़ित दलित का मकान जबरन कब्जा कराने का कर रही है प्रयास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खुटार शाहजहांपुर। खुटार पुलिस का एक और नया कारनामा सामने आया है जिसमें पुलिस एक पीड़ित दलित का मकान जबरन कब्जा कराने का प्रयास कर रही है आरोप है कि खुटार थाने में तैनात एक महिला होमगार्ड उनके मकान पर कब्जा कर रही है महिला होमगार्ड है इसीलिए पुलिस उसका का साथ दे रही है और उसे धमका कर समझौता करा रही है। नगर खुटार के मोहल्ला बगियानाथ निवासी रामप्रकाश पुत्र सीताराम ने आईजीआरएस के माध्यम से पुलिस के उच्च अधिकारियों को शिकायत दर्ज कराई है कि उनका मकान नगर के मोहल्ला बगियानाथ में है मकान उनके पिता के नाम दर्ज था उनकी मृत्यु के बाद वारिसान के आधार पर विरासत उनके नाम पर भर गई अपने मकान के वह अभिलेखों में भी मालिक हैं उनके मकान के आधे हिस्से पर खुटार में तैनात एक महिला पीआरडी कर्मचारी कब्जा करने का प्रयास कर रही हैं रविवार को कब्जे के प्रयास के लिए महिला कर्मी ने घर में तोड़ फोड़ की तो विरोध किया जिस पर महिला ने पुलिस बुलवा ली और पुलिस ने उन्हें थाने बुला लिया और उन्हें हवालात में बंद कर दिया और जल्द ही मकान खाली करने को

पीड़ित ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर की कार्यवाही की मांग

धमकाया वरना जेल भेज दिया जाएगा डरा धमकाकर समझौते पर अंगूठा लगवा लिया पुलिस पीआरडी कर्मचारी का अनियमित रूप से सहयोग कर रही है और उन्हें धमका रही है उन्होंने उच्च अधिकारियों से कार्यवाही तथा न्याय की मांग की है।पीड़ित का कहना है कि थाना प्रभारी ने हवालात में बंद कर डराया धमकाया तथा जवरन समझौते पर अंगूठा लगवा लिया है खुटार पुलिस अन्याय कर रही है।थाना प्रभारी ने मीडिया को बताया है कि पुलिस ने किसी को डराया धमकाया नहीं है उन लोगों ने आपस में समझौता किया है मकान पर महिला का भी अधिकार बनता है विवाद की स्थिति मे कार्यवाही की जाएगी।

दहेज हत्या के अपराध में वांछित चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंडा (शाहजहांपुर)। थाना पर शनिवार को वादी जगदीश पुत्र रामदयाल नि0 लहा थाना पूरनपुर पीलीभीत द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-294/2024 धारा 498ए/304बी भादवि व 3/4 दहेज अधि0 बनाम ओमिन्दर आदि 07 नफर पंजीकृत होकर विवेचना क्षेत्राधिकारी महोदय पुवायां द्वारा की जा रही है। विवेचनात्मक कार्यवाही से मुकदमा उपरोक्त में धारा 315 भादवि की वृद्धि की गयी तथा प्रकरण की गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्राधिकारी महोदय पुवायां जनपद शाहजहांपुर द्वारा प्रेषित तहरीर गिरफ्तारी के क्रम में नामजद अभि0 ओमिन्दर उर्फ ओविन्दर पुत्र नरेश कुमार नि0ग्राम देवकली थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर आदि की अतिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु एक टीम का गठन किया गया। मुखबिर की सूचना/निशादेही पर अभियुक्त ओमिन्दर उर्फ ओविन्दर उपरोक्त को कारण गिरफ्तारी बताकर बण्डा बिलसंडा रोड देवकली तिराहा कस्बा बण्डा से आज दिनांक 22.04.2024 को समय 11.30 बजे पकड लिया। पकडे जाने पर नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो इसने अपना नाम ओमिन्दर उर्फ ओविन्दर पुत्र नरेश कुमार नि0ग्राम देवकली थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर बताया। अभियुक्त उपरोक्त को विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव को दिए दिशा निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु दिन सोमवार को ठा0 युगराज सिंह महाविद्यालय में पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण दो पालियों(प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से अपराह्न 01 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक) में संपन्न हुआ। पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियो को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिए जा रहे प्रशिक्षण को प्रभारी अधिकारी(कार्मिक)/मुख्य विकास अधिकारी श्री पवन कुमार मीना एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री अविनाश त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षार्थियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर ले साथ ही ईवीएम, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट, को कैसे जोड़ते है, निर्वाचन के प्रपत्रो को बिंदूवार कैसे भरा जाएगा आदि को ध्यानपूर्वक सीख ले यदि कोई शंका है तो उसका समाधान कर ले। 2024 क्यू आर कोड को स्कैन कर निर्देश पुस्तिका डाउनलोड कर ले। मूल्यांकन पेपर के सही सवालों का सही सही जवाब देंगे तभी प्रशिक्षण पूर्ण माना जायेगा। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि प्रथम पाली में 880 द्वितीय पाली में 880 कुल 1760 पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया जिसके सापेक्ष प्रथम पाली में 07 एवं द्वितीय पाली में 11 अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों का वेतन बाधिक कर दिया गया है यह प्रशिक्षण 25 अप्रैल 2024 तक चलेगा उक्त अवधि में किसी भी दिन अनुपस्थित कार्मिक प्रशिक्षण प्राप्त कर ले अन्यथा की स्थिति में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्री प्रमोद सिंह चंद्रौल, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री शेषमणि सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री शिवपूजन द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी श्री आर0एस0 वर्मा सहित संबंधित उपस्थित रहे।

मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर। सांई सिटी इंटर कॉलेज सांई विहार जयराम नगर फतेहपुर का हाई स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत-व इंटर का परिणाम 99% रहा। हाई स्कूल में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं सरस्वती यादव, राशिका पाल, सेजल मौर्य, वैष्णवी सिंह,अभिनव सिंह पटेल व इंटर में प्रियांशु मिश्रा, ऋषभ कुमार,वैष्णवी सिंह, अंशिका विश्वकर्मा,अंजली पटेल को रोली-टीका व फूल-माला? पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय के प्रबंधक श्री पवन सिंह गौर ने छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराते हुए कहा कि मेहनत का फल अवश्य मिलता है।कठिन परिश्रम करने वाले अवश्य अपनी मंजिल को प्राप्त करते हैं।इस मौके पर प्रधानाचार्य अरविंद कुमार सहित समस्त गुरूजन उपस्थित रहे।

स्टांप व निबंधन शुल्क चोरी में मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चौडगरा फतेहपुर । जनपद के मलवां विकास खण्ड के पहुर ग्राम पंचायत में जमीन खरीद फरोक्त के दौरान स्टाम्प ड्यूटी एवं निबंधन शुल्क चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज होने से क्षेत्र में हडकम्प मच गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायत पर जांच के दौरान उपनिबंधक बिन्दकी गोविन्द कुमार नें 29 मार्च को मौके में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट शाशन को भेजी थी। जिसके बाद रिपोर्ट के आधार पर सरकारी राजस्व को छति पहुंचाने के मामले में सरकार बनाम नरेन्द्र सिंह निवासी पहुर के खिलाफ वाद दर्ज कर विभाग कार्रवाई में जुटा गया। जानकारी के अनुसार खरीदी बिक्री के दौरान गाटा संख्या 138 में आवासीय निर्माण, बाउंड्री वॉल, सबमर्सिबल पंप आदि होने की जानकारी बिक्री के दौरान छुपाने का आरोप शिकायतकर्ताओं नें महानिरीक्षक निबन्धन को शिकायत पत्र देते हुए आरोप लगाए थे।

ओयल ट्रामा सेंटर और पीएचसी का भी सीएमओ ने किया निरीक्षण

लखीमपुर-खीरी। हनुमान जयंती के उपलक्ष में होने वाली पद यात्रा की दृष्टिगत सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा ओयल स्थित ट्रामा सेंटर और पीएचसी का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने हनुमान जयंती पर होने वाली पदयात्रा पर अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए। दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हजारों की भीड़ इस पदयात्रा में शामिल होती है। जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके लिए दो एंबुलेंस डॉक्टर्स टीम व आकस्मिक दवाओं के साथ के साथ यात्रा के रास्ते में तैनात की गई है। विषम परिस्थितियों में जरूर के अनुसार इन्हें बढ़ाया जा सकता है।

महर्षि विद्या मन्दिर के बच्चों ने लिया धरती माँ को बचाने का संकल्प

फतेहपुर। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से सम्बद्ध महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल फतेहपुर में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्यों द्वारा पर्यावरण संरक्षण कर जल की एक एक बूँद बचाने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने वन व वन्य जीवों की रक्षा करने ईको फ्रेन्डली वातावरण बनाने का संकल्प प्रातः कालीन बेला में लिया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा धरती बचाओ जीवन बचाओ विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री प्रमोद कुमार त्रिपाठी जी ने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस मनाने का मुख्य आशय पर्यावरण और पृथ्वी के संरक्षण के प्रति लोगो को जागरूक करना हैं। अन्न, जल वायु व जीवन प्रदान करने वाली जगत कल्याणी माँ वसुंधरा आज प्रदूषण के दंश को झेल रही है। हमें सृष्टि को बचाने के लिए धरा को बचाना ही होगा। हमारी पृथ्वी एक मात्र ऐसा ग्रह है जो मनुष्यों और अन्य जीवित प्राणियों का भरण-पोषण कर सकती है। पर्यावरण प्रदूषण बढ़ते हुए वैश्विक तापमान गर्मी, सूखा व बाढ़ का कारण हैं। इसका एकमात्र उपाय यह है कि हमें अपने वातावरण को स्वस्थ रखने के लिए प्रयत्नशील रहना होगा। यह कार्यक्रम सामाजिक अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित किया गया।

हरदोई मार्ग दुर्घटना में महिला नर्स की मौत, पति ने कर ली आत्महत्या

हरदोई। लखनऊ-हरदोई राजमार्ग के सुरसा थाना क्षेत्र में ग्राम पचकोहरा के पास हुए सड़क हादसे में एक महिला नर्स की मौत हो गई। इसकी खबर मिलते ही नर्स के शिक्षक पति ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्वास्थ्य केंद्र टड़ियावां में नर्स के पद पर तैनात मणिकर्णिका का विवाह तीन माह पूर्व पिहानी ब्लॉक के टीकमपुरवा में शिक्षक के पद पर कार्यरत योगेश कुमार के साथ हुआ था। परिवार के मुताबिक, नर्स स्कूटी से ड्यूटी जा रही थी तभी एक सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी जैसे ही पति योगेश को हुई तो उसने घर पर ही आत्महत्या कर ली। मणिकर्णिका अपने माता-पिता की इकलौती संतान थीं। घटना से दोनों मृतकों के परिजनों व शुभचिंतकों में शोक की लहर है। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंच कर दुर्घटना की जांच में जुटी है।

लोकसभा सभा चुनाव को लेकर बिहार- नेपाल बॉर्डर पर अलर्ट

गोरखपुर । लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। चुनाव में किसी तरह का खलल न पड़े, इसको लेकर गोरखपुर जोन के एडीजी डॉ. केएस प्रताप के निर्देश पर तीनों मंडल गोरखपुर, बस्ती और देवीपाटन के जिलों के संवेदनशील इलाकों को चिह्नित किया गया है। क्योंकि, जोन के जिलों का एक बड़ा हिस्सा नेपाल के साथ दूसरे राज्य से सटा है। यहां के 68 स्थानों को चिह्नित कर नाकेबंदी की जाएगी। एडीजी जोन के अंतर्गत गोरखपुर, बस्ती और देवीपाटन मंडल के 11 जिले आते हैं। इन जिलों में पांचवें, छठवें और सातवें चरण में चुनाव होना है। इन जिलों का बड़ा हिस्सा नेपाल, बिहार से जुड़ा है। महराजगंज, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, बहराइच जिले की सीमा का एक बड़ा हिस्सा नेपाल से सटा हुआ है। अंतरराज्यीय और अंतरजनपदीय सीमा वाले स्थानों को चेकिंग के लिए चिह्नित करने के साथ जांच के लिए विशेष टीम का भी गठन किया गया है। जोन में क्वीक रिस्पांस टीम (क्योआरटी) की 23, स्पेशल सर्च टीम (एसएसटी) की 261 और एफएसटी की 243 टीम का गठन किया गया है। एडीजी गोरखपुर जोन डॉ. केएस प्रताप ने बताया कि लोकसभा चुनाव में अराजकतत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जोन के जिलों का दूसरे देश और प्रांत से जुड़ी 68 और अंतरजनदीय सीमा पर 188 स्थानों को चिह्नित कर विशेष चेकिंग का निर्देश दिया गया है।

पुलिस ने चिता से उठवा ली विवाहिता की लाश, पोस्टमार्टम को भेजा

मीरजापुर। कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत मझवां गांव की विवाहिता की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सोमवार को परिजन पुलिस को सूचना दिए बगैर अंतिम संस्कार के लिए शव को श्मशान घाट लेकर पहुंचे। इस बीच सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चिता से शव को उठवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मझवां गांव निवासी राज उर्फ गोलू सिंह की 34 वर्षीय पत्नी नेहा सिंह की रविवार को संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सोमवार को परिजन अंतिम संस्कार कर ही रहे थे कि पुलिस पहुंच गयी। इसके बाद अंतिम संस्कार कर रहे परिवार को रोककर पुलिस ने शव को चिता से उठवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवाहिता के चचेरे भाई सुजीत कुमार ने बताया कि नेहा के दो बच्चे हैं और मामला संदिग्ध है। उसने हत्या की आशंका व्यक्त की। वहीं, नेहा की मां मीना देवी अपनी इकलौती बेटी मीना के साथ ही उसके ससुराल मझवां में ही रहती हैं।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, जिला रेफर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खुटार शाहजहांपुर। सोमवार दोपहर खुटार पुवायां मार्ग पर एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से खुटार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया जहां से डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव सौफरी निवासी संजीव कुमार किसी कार्य वंश अपने घर से पुवायां जा रहें थे तभी अचानक खुटार पुवायां मार्ग स्थित रौतापुर कला पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से खुटार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया जहां से डाक्टरों ने हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।

उत्तीर्ण हुई बालिकाओं का सम्मान समारोह किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर । शहर के पीरनपुर इलाके में स्थित चंद्र बालिका इंटर कॉलेज में आज हाई स्कूल इंटर में उत्तीर्ण हुई बालिकाओं का सम्मान समारोह किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश गुप्त व संचालिका श्रीमती प्रीति गुप्त ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को फूलमाला एवं मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया और उनका संवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की उन्होंने बताया कि सभी सम्मानित अभिभावकों और बच्चों को यह अवगत कराते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि इस बार शौकीन ना होने के बावजूद चंद्र बालिका इंटर कॉलेज का बोर्ड परीक्षा परिणाम हाई स्कूल और इंटरमीडिएट का 100 फ़ीसदी रहा जिसमें हाई स्कूल की टॉपर ने 94 फ़ीसदी वी इंटर किताब पढ़ने 93 फ़ीसदी अंक हासिल कर विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया इस मौके पर अभिभावक एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा ।

गोण्डा लोकसभा : बसपा प्रत्याशी पर निर्भर करेगी चुनावी फिजा

26 अप्रैल से नामांकन शुरू हो जायेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। लोकसभा सीट 59 गोण्डा का चुनाव पचावे चरण में है।नामांकन की तारीख भी नजदीक आ रही है।

26 अप्रैल से नामांकन शुरू हो जायेगा। जहां समाजवादी पार्टी(इण्डिया गठबंधन) ने सबसे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री और समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है तो भारतीय जनता पार्टी ने मौजूदा सांसद कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ राजा भैया पर तीसरी बार भरोसा जताते हुए अपना प्रत्यारी बनाकर चुनाव मैदान में उतार दिया है।

दोनों दलों के प्रत्याशी बीते लम्बे समय से अपने-अपने पक्ष में मतदाताओं को रिझाने के लिये लोकसभा क्षेत्र की खाक छान रहे हैं। वहीं पर बहुजन समाज पार्टी जिसने अभी तक बसपा प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर सकी है।

बहुजन समाज पार्टी की ओर से प्रत्याशी की घोषणा में लेट लतीफी लोकसभा क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। यहां तक कि बसपा के पदाधिकारियों पर भी टिकट को लेकर आमजन तरह तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी के टिकट की घोषणा में लेट लतीफी को लेकर लोकसभा क्षेत्र में चर्चा है कि बसपा के जिम्मेदार पदाधिकारी सपा और भाजपा के नेताओं के सम्पर्क में है और वे टिकट को लेकर गुणा भाग कर रहे है।जन चर्चा यह है कि बहुजन समाज पार्टी कोई ऐसा प्रत्याशी लडाने के फ़ेर में है जिससे वोटों का बिखराव हो। वही सूत्र बता रहे है की भारतीय जनता पार्टी - बसपा किसी मुस्लिम प्रत्याशी को लड़ाकर मुस्लिम वोट को बसपा की तरफ डायवर्ट कराने के फिराक में लगे हुए है। मुस्लिम प्रत्याशी के रूप में एक नाम जनचर्चा में चल रहा है। बसपा नेताओं से सम्पर्क साधकर गुणा भाग लगा रहे है और अपने जीत की राह आसान करने में लगे हुए है। तो वहीं सूत्र बता रहे है कि सपा प्रत्याशी बसपा से सम्पर्क साधकर किसी ब्राह्मण समाज से बसपा प्रत्याशी को लड़ाना चाह रहे हैं जिससे कि ब्राह्मण समाज का वोट बसपा की ओर डायवर्ट हो जाये और उनकी जीत की राह आसान हो जाये। सूत्र बता रहे है की ब्राह्मण समाज से एक पूर्व विधानसभा प्रत्याशी के नाम की चर्चा बसपा को प्रत्याशी के रूप में पर चल रही हैं।जन चर्चा यह है कि इन्हीं दोनों दलों के बीच बसपा के पदाधिकारी पिछले कई दिनो से पेण्डुलम बनकर रह गये हैं और कोई निर्णय नहीं ले पा रहे हैं। हालांकि बसपा के नेताओं से जब सम्पर्क साधा गया तो उनका कहना था कि लोग कुछ भी कहे लेकिन टिकट का निर्णय उनके हाथ में नहीं है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती को निर्णय लेना है।वही जन चर्चा कुछ भी हो चुनाव है चुनाव में तरह-तरह के कयास लगते रहते है।चर्चाएं होती रहती है।गुणा भाग भी चलता है प्रत्याशी और दल अपनी जीत की राह को आसान बनाने के लिये तरह-तरह के बिसात बिछाते है।बिछाये भी क्यों न उन्हें चुनाव में अपना परचम जो लहराना है। बहरहाल बसपा के प्रत्याशी की घोषणा में लेट लतीफी की हकीकत क्या है यह तो सम्बन्धित दल के प्रत्याशी और पदाधिकारी ही जाने।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ जन जागरूकता कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रशासक, ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकारी/परियोजना, लखनऊ डॉ. हीरालाल आईएएस के मार्गदर्शन में जनजागरूकता अभियान के तहत ग्राम पंचायत-हेमरिया स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय टिकोरा मोड़ में कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, बहराइच के तत्वावधान में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में प्रधानाचार्य, सहायक अध्यापक व स्कूल के बच्चों की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पृथ्वी दिवस की महत्ता, पृथ्वी बचाओं-जीवन बचाओ, पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओं, पर्यावरण एवं जल संरक्षण व जलवायु परिवर्तन के सम्बन्ध में भूमि संरक्षण अधिकारी राम चन्द्र, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री उदय शंकर त्रिपाठी, श्री हीरालाल यादव अवर अभियन्ता एवं श्री ओम प्रकाश पाण्डेय लेखाकार के द्वारा भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। उक्त आयोजन में आमंत्रित पर्यावरणविद् श्री रमेश चन्द्रा एवं उनके साथ सहयोगी श्रीमती पुष्पा ने भी भाग लियां एवं उनके द्वारा भी पर्यावरण को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के बारे में महत्वपूर्ण प्रकाश डालते हुए स्कूल के बच्चों को प्रेरित किया गया।

इसके उपरान्त पृथ्वी दिवस की महत्ता, पृथ्वी बचाओं-जीवन बचाओ, पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओं, पर्यावरण एवं जल संरक्षण व जलवायु परिवर्तन के सम्बन्ध में भूमि संरक्षण अधिकारी महोदया आकांक्षा यादव द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त उक्त विषय पर भूमि संरक्षण अधिकारी राम चन्द्र, विद्यालय के प्रधानाचार्य उदय शंकर त्रिपाठी, अवर अभियन्ता हीरालाल यादव एवं लेखाकार ओम प्रकाश पाण्डेय द्वारा पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मौजूद लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे पर्यावरणविद् रमेश चन्द्रा एवं सहयोगी श्रीमती पुष्पा द्वारा भी पर्यावरण को संरक्षित रखने हेतु अधिक से अधिक पौध रोपित करने तथा स्वच्छता के प्रति छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित सभी लोगों एवं छात्र-छात्राओं को जल, वृक्ष एवं धरा को संरक्षित रखने हेतु संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर भूमि संरक्षण इकाई-बहराइच प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के अवर अभियन्ता, लेखाकार, ड्राफ्ट मैन, सहायक भूमि संरक्षण निरीक्षक, सींचपाल, अनुरेखक एवं वरि.सहायक उपस्थित रहे।

पॉवर परिवर्तक बदलने के कारण बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्युत वितरण उपखण्ड द्वितीय बहराइच के उपखण्ड अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि 23 अप्रैल 2024 को 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र-सिविल लाइन पर क्षमता वृद्धि हेतु पॉवर परिवर्तक (5 एमवीए से 10 एमवीए) बदलने का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। जिस कारण 33/11 के.वी. सिविल लाइन उपकेन्द्र के समस्त फीडर प्रातः 07.00 बजे से रात्रि 11.00 बजे तक बन्द रहेंगे। इस दौरान पंचवटी, माधवरेती, वीआईपी, फायर स्टेशन, नवोदय, दिवानी कचेहरी एवं टेलीफोन फीडर से सम्बन्धित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति से प्रभावित रहेगी। श्री कुमार विद्युत उपभोक्ताओं से अपेक्षा की है कि तद्नुसार पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था पूर्व से ही कर लें।

पांचवे दिन 02 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत नामांकन के पांचवे दिन 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए अरविन्द कुमार पुत्र सुन्दर लाल ने भारतीय अवाम पार्टी (राष्ट्रीय) दल से तथा रमेश चन्द्र पुत्र माता प्रसाद द्वारा समाजवादी पार्टी से नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। जबकि राम मिलन पुत्र अमर नाथ, प्रभूनाथ पुत्र बहराईची व बिरजेश कुमार पुत्र रामहर्ष द्वारा क्रमशः नामांकन पत्र के दो, एक व तीन सेट प्राप्त किये गये हैं।

वैवाहिक कार्यक्रम से गायब हुआ कैटर्स, बिना खाना खाये वापस लौटे मेहमान

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। वैवाहिक कार्यक्रम में कैटर्स के गायब हो जाने पर मेहमानों को बिना भोजन के ही वापस लौटना पड़ा। इस मामले को लेकर दूल्हे के बड़े भाई ने पुलिस से शिकायत कर कैटर्स के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है।मामला बाराबंकी जनपद के जवरी कला, देवा के रहने वाले क्षेत्र पंचायत सदस्य दिलीप रावत के छोटे भाई के वैवाहिक कार्यक्रम का है। यह वैवाहिक कार्यक्र माती स्थित आर्शीवाद पैलेस में बीते 18 अप्रैल आयोजित हुआ। वैवाहिक कार्यक्रम में आने वाले लोगों के खाने पीने के लिये पीड़ित दिलीप रावत ने ग्राम महिमा मजरा बबुरी गांव के रहने वाले कैटर्स भोला को कार्यक्रम में खाने की जिम्मेदारी दी थी। इसके लिये पीड़ित दिलीप ने एडवांस के तौर पर पहले 15 हजार फिर 30 हजार का भुगतान भी कर दिया, लेकिन वैवाहियक कार्यक्रम के दिन कैटर्स भोला पैसा लेकर फरार हो गया और फोन भी बंद कर लिया। इस घटना से पीड़ित दिलीप के हाथ पर पैर फूल गये। पीड़ित ने हालात को समझते हुए कार्यक्रम में आने वाले ज्यादातर मेहमानों को फोन कर मना किया तो जो मेहमान कार्यक्रम में पहुंचे चुके थे उन्हें किसी तरह से बाहर से इंतजाम कराकर जैसे तैसे उनके खाने पीने की व्यवस्था की। कार्यक्रम के दूसरे दिन पीड़ित ने जब कैटर्स भोला को फोन कर अपने पैसे वापस मांगे तो उसने अनाकानी शुरू कर दी। जिससे परेशान पीड़ित दिलीप रावत ने इसकी लिखित शिकायत देवा कोतवाल से की। पुलिस ने पीड़ित के शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

संग्रामपुर के पंचायत भवन का दरवाजा तोड़कर सामग्री चोरी

तिलोई अमेठी। थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव संग्रामपुर स्थित पंचायत भवन का दरवाजा तोड़कर बेखौफ चोरों द्वारा कुर्सी मेज पंखा के साथ ही अन्य सामग्री पार किये जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान ने पुलिस को लिखित तहरीर सौंप दी है लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया है। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत संग्रामपुर के ग्राम प्रधान अभिमन्यु वर्मा ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि रविवार की रात में बेखौफ चोरों द्वारा पंचायत भवन का दरवाजा तोड़कर पंखा, कुर्सी, मेज, कैमरा को पार कर दिया गया है और अलमारी को तोड़कर कुछ अभिलेख उठा ले गये और कैमरों को भी तोड़ डाला गया है।सोमवार की सुबह को घटना की जानकारी जब ग्राम प्रधान अभिमन्यु वर्मा को हुई ।

नपा परिषद ने नहीं शुरू की प्याऊ की व्यवस्था

प्यास से जनता परेशान, हैंडपम्प भी पड़े ख़राब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पहले स्थापित किये जा चुके हैंड पंप को पालिका रीबोर भी नहीं करा रही है,जिससे एक बार पानी देना बंद करने वाले तमाम हैंड पंप दोबारा उपयोगी नहीं बनते हैं नगर पालिका परिषद द्वारा अभी तक प्याऊ का संचालन नहीं शुरू कराया जा रहा है।इससे लोगों को मजबूरी में हलक तर करने के लिये पानी खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है।वहीं राहगीरों को पेयजल मुहैया कराने वाले अधिकांश हैंड पंप खराब पड़े हैं।बता दें कि अब शासन नगर पालिका परिषद को शहरी क्षेत्र के लिये हैंड पंप नहीं आवंटित करता है।इससे सीमा क्षेत्र में विकसित हो रही आबादियों में पाइप लाइन का विस्तार न होने तक पालिका हैंड पंप नहीं स्थापित करा पा रही है, क्योंकि शहर को अमृत पेयजल योजना के अंतर्गत शामिल किये जाते ही शासन ने नये हैंड पंप आवंटित करना बंद कर रखा है।पहले स्थापित किये जा चुके हैंड पंप को पालिका रीबोर भी नहीं करा रही है, जिससे एक बार पानी देना बंद करने वाले तमाम हैंड पंप दोबारा उपयोगी नहीं बनते हैं। शहर से होकर गुजरने वाली सड़क गोंडा बलरामपुर रोड जिलाधिकारी कार्यालय के सामने, जेल रोड जेल के पास

आदि जगहों पर पर दशकों पूर्व स्थापित किये गये तमाम हैंड पम्प खराब पड़े हैं,लेकिन पालिका इनकी मरम्मत (रीबोर) नहीं करा रही है।इन जगहों पर स्टैंड पोस्ट का भी अभाव है।वहीं पालिका प्याऊ भी संचालित नहीं करा रही है।गर्मी के दिनों में कड़क धूप कुछ ही देर में राहगीरों का गला सुखाने लगती है,जिसे तर करने के लिये लोगों को बिना जेब हल्की किये पानी नहीं नसीब होता है।पाउच में भरे 200 एमएल पानी के लिये राहगीरों को तीन रुपए खर्च करने पड़ते हैं, जबकि दस रुपए की छोटी बोतल और बीस की बड़ी बोतल भी पानी की प्यास नहीं बुझा पाती है।गांवों से कामकाज के संबंध में शहर पहुंचने वालों के लिये पानी मद पर रकम खर्च करना रास नहीं आता है। पालिका के जलकल अवर अभियंता का कहना है कि यांत्रिक रूप से खराब हैंड पंपों की मरम्मत कराये जाने का दावा करते हैं।उन्होंने बताया कि रीबोर का कार्य शासन की ओर से बजट प्राप्त होने पर ही कराया जा सकता है।शासन स्तर से आवंटन होने पर नये हैंड पंप स्थापित कराये जायेंगे।लेकिन यहां तो सिर्फ हवा हवाई है।

भूल सुधार

कैनविज टाइम्स समाचार पत्र के 20 मार्च 2024 के अंक में पेज नं. छह पर प्रकाशित खबर 'क्या श्रेया वर्मा चुनाव जीत कर हरियाणा से चलाएगी गोंडा की बागडोर जनता पूछ रही सवाल-स्थानीय व बाहरी प्रत्याशी का मुद्दा गरम जनता स्थानीय प्रत्याशी पर कर रही भरोसा' में एक प्रत्याशी का पलड़ा भारी प्रकाशित हो गया था, जिसे दोनों प्रत्याशियों में बराबर की टक्कर पढ़ा जाए।

80 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले में लगातार तेज हवाओं के साथ आग का तांडव देखने को मिल रहा है। जिले में अलग-अलग स्थानों पर लगी आग से हजारों बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी है। जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। देहात कोतवाली क्षेत्र के पंडित पुरवा गांव में सोमवार को लगी आग से 80 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

यह आग सुबह 10 बजे के करीब उस समय लग गई जब खेत में लोग अपने गेहूं की कटाई कर रहे थे।कटाई करते समय जय प्रकाश के खेत में आग लग गई और देखते ही देखते आसपास के खेतों को भी अपने चपेट में ले लिया। जिससे 80 बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी, लेकिन 1 घंटे बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची।फायर ब्रिगेड की टीम और ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

तेज हवाओं से फैली आग

आग लगने से जय प्रकाश, राम दत्त, सुनील, वैभव, सम्मयदीन, निबरे, शिव प्रकाश, उर्मिला देवी सहित एक दर्जन किसानों की गेहूं की फसल जली है। पीड़ित जय प्रकाश ने बताया कि हम लोग अपने खेतों में गेहूं काट रहे थे।इसी दौरान मेरे गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते तेज हवाओं के चलते आग आसपास के खेतों में पहुंच गई।हम लोगों ने काफी प्रयास किया, लेकिन अपने गेहूं को नहीं बचा पाए।बाजार से खरीदकर खाना पड़ेगा उर्मिला देवी ने बताया कि लगभग कई लोगों का मिला करके 80 बीघा गेहूं जला है।अब हम लोगों को बाजार से खरीद करके गेहूं लाना पड़ेगा।सरकार को जगह-जगह फायर ब्रिगेड की गाड़ी लगनी चाहिए ताकि कहीं आग लगे तो तुरंत बुझाया जा सके।

बूथ जितना सशक्त, परिणाम उतना ही होगा शानदार : संजय भाटिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर।बूथ जितना सशक्त होगा, उतना ही परिणाम ऐतिहासिक व शानदार होगा. यह कहना है बीजेपी के प्रदेश सह प्रभारी व करनाल के सांसद संजय भाटिया का.वह सोमवार को गोलाघाट स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर आयोजित लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति तथा लोकसभा कोर समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने नव मतदाता, सोशल,आईटी व मीडिया, युवा,महिला व लाभार्थी व झुग्गी झोपड़ी संपर्क समेत 29 विभागों की वन टू वन समीक्षा की। उन्होंने कहा देश को प्यार व ताकतवर होते देखने वाला हर समाज का व्यक्ति भाजपा को वोट करेगा।उन्होंने कहा 2019 के चुनाव में पार्टी को प्राप्त मतों से 10 प्रतिशत अधिक मत बढ़ाने के लिए हमें कार्य करना है।चुनावी युद्ध के दौरान लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति व कोर कमेटी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है।यहां पर आक्रामक रणनीति बनाकर जमीन पर क्रियान्वयन किया जाता है।प्रदेश सहप्रभारी भाटिया ने कहा विपक्ष के पास कोई एजेंडा नहीं है।उनका एजेंडा झूठ बोलना, भ्रमित करना व जाति का कार्ड खेलना है।हमारा एजेंडा राष्ट्रवाद,विकसित भारत बनाने व गरीब को मजबूत करने का है।उन्होंने कहा बूथ व बूथ समिति जितनी सशक्त होगी, परिणाम भी उतना शानदार होंगा।भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने स्वागत भाषण बैठक की रुपरेखा रखी। बैठक को जिला प्रभारी व प्रदेश मंत्री मीना चौबे, लोकसभा प्रभारी के के सिंह, लोकसभा संयोजक जगजीत सिंह छंगू ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि प्रदेश सह प्रभारी संजय भाटिया ने सुलतानपुर विधानसभा के चुनावी प्रबंधन व कोर कमेटी की बैठक में कार्यकर्ताओं को जीत के मंत्र दिए।

केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर लोकसभा प्रबंधन व कोर कमेटी की बैठक हुई आयोजित

खेल तथा तकनीकी महोत्सव प्रतिभा 2024 का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर कैम्पस स्थित इंजीनियरिंग संकाय के द्वारा दो दिवसीय खेल तथा तकनीकी महोत्सव ल्लप्रतिभा 2024ल्ल का फरीदीपुर परिसर स्थित सेमिनार हाल में भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के प्रबंधक तथा शहर विधायक विनोद सिंह ने फीता काटकर महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में जेपी हास्पिटल के संचालक डा. जे. पी. सिंह, फार्मेसी संकाय के निदेशक प्रो.(डा.) महेश प्रसाद, बी. एड. विभागाध्यक्ष डा. बिहारी सिंह, मैनेजमेंट कोर्स की निदेशक डा. इन्द्रजीत कौर उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में विधायक विनोद सिंह ने छात्रों को खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लेने व अनुशासन का पालन करने की सीख दी। प्रो.(डा.) महेश प्रसाद ने खेलों के सफल आयोजन की अग्रिम शुभकामनाएं दी और छात्र छात्राओं को खेल भावना का पालन करते हुए सभी खेलों में भाग लेने को प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक प्रो.(डा.) डी एस पुन्धीर ने बताया कि तकनीकी संस्थान में छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के खेल व तकनीकी महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें विभिन्न खेल तथा तकनीकी ज्ञान से सम्बन्धित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। संस्थान के डीन रत्नेश सिंह ने बताया कि महोत्सव में दो दिन में कुल 28 प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। महोत्सव के प्रथम दिन आयोजित रोबो-रेस प्रतियोगिता में बी.टेक. कम्प्यूटर साइंस एन्ड इंजीनियरिंग की जान्हवी सिंह, वर्षा प्रजापति, आदिल, एवं पार्थ की टीम ने प्रथम तथा डिप्लोमा इलेक्ट्रानिक्स के साहिल, आयुष मिश्रा, आदर्श मिश्रा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टेक्निकल क्विज प्रतियोगिता में कम्प्यूटर साइंस तृतीय वर्ष की छात्रा मीनाक्षी सिंह ने प्रथम और सिविल चतुर्थ वर्ष के सौरभ सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता में बी. फार्म प्रथम वर्ष के छात्र शिवम यादव ने प्रथम तथा बी. टेक. मेकैनिकल चतुर्थ वर्ष के छात्र राम सिंह वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। माडल प्रेजेंटेशन में प्रिंस यादव, सिद्धार्थ पान्डेय, समीर कुशवाहा , नितिन अग्रहरि की टीम ने प्रथम तथा निगत फातिमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महोत्सव की कोर कमेटी के सभी सदस्य तथा समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

एसपी ने फीता काटकर पयागीपुर पर नए ट्रैफिक बूथ का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। सोमवार को नगर के पयागीपुर में ट्रैफिक पुलिस सहायता केंद्र का एसपी सोमेन वर्मा ने शुभारंभ किया। जहां अपर पुलिस अधीक्षक से लेकर सीओ ट्रैफिक व अन्य पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। आज ट्रैफिक पुलिस सहायता केंद्र का एसपी ने फीता काटकर शुभारंभ करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ट्रैफिक नियमों का पालन कराते हुए आमजन को प्रेरित किया जाए। वही अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चंद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यातायात निरीक्षक चंद्रभान वर्मा और उनकी टीम को मैं बधाई देता हूं। आपको मालूम है पयागीपुर चौराहा सुल्तानपुर का प्रवेश द्वार है। ये व्यस्ततम चौराहों में से एक है। इस चौकी की स्थापना से यहां पे यातायात प्रबंधन में बहुत सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा यातायात प्रबंधन आजकल छोटे नगरों की बहुत बड़ी समस्या बनता जा रहा है। उन्होंने ये भी कहा कि हम लोग यातायात निदेशालय द्वारा जो भी स्वीकृत धनराशि है उससे कैमरे लगाए हैं। चुनाव के बाद एक यातायात प्रबंधन योजना सुल्तानपुर नगर का तैयार करेंगे। जिससे यहां की यातायात व्यवस्था और अधिक सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। उन्होंने कहा जिन संभ्रांत लोगों ने बूथ की स्थापना में सहयोग दिया, जैसे ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिंह को धन्यवाद देता हूं कि इन्होंने हम लोगों को सहयोग प्रदान किया। चौकी की स्थापना से हमारा एक केंद्र विकसित हुआ है अब हमारा यातायात कर्मी के लिए एक स्थान मिला है।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सूचना सं.	1128–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ–द्वितीय कॉल दिनांक 22.04.2024
कार्य का नाम	लखनऊ मंडल के अंतर्गत LC गेटों पर AT सप्लाई और अन्य इलेक्ट्रिक कार्यों के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य।
अनुमानित लागत	₹1,02,75,050.20 (एक करोड़ दो लाख पिचहत्तर हजार पचास रुपये एवं बीस पैसे मात्र)
ई–निविदा की कीमत	शून्य
कार्य पूर्ण करने की अवधि	24 माह
बयाना राशि	₹2,01,400/- (रु० दो लाख एक हजार चार सौ मात्र)
ई–निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि	दिनांक 17.05.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में।
प्रस्ताव की वैधता	ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन
उत्तर रेलवे की वेबसाइट	अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है

सूचना सं.: 1128–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ–द्वितीय कॉल दिनांक 22.04.2024

1203/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।विश्व पृथ्वी दिवस पृथ्वी है त्रस्त,प्लास्टिक का कचरा भरा सर्वत्र,संतोष तब धरती से विदा हो प्लास्टिक जब,उपरोक्त विचार, ग्लोबल साइंस क्लब के राजस्व मंदिर लक्ष्मीगंज शर्मा ने अवध पब्लिक स्कूल में मनाया जा रहे विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक डॉक्टर जे एन मिश्रा को विद्यालय में प्लास्टिक मुक्त, पृथ्वी ग्रह बनाने संबंधी, सुलभ सफल और सार्थक वीडियो को विद्यालय में संचालित करने के लिए, स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बताया गया कि कचरा दो प्रकार का होता है जैव अपघटनीय तथा गैर जैव अपघटनीयम् प्लास्टिक,पॉलिथीन आदि गैर जैव अपघटनीय कचरा है।

घर में सूखा कचरा और गीला कचरा अलग-अलग करने की सलाह दी गई उनके लिए क्रमशः नीला व हरा डस्टबिन सुझाया गया। गीला कचरा जहां कंपोस्ट में परिवर्तित होकर किचन गार्डन में सब्जियों की गुणवत्ता बढ़ाएगा भाई सूखा कचरा हमें आर्थिक लाभ देगाम् कचरा नियंत्रण के लिए 6 आर सुझाए गए रिड्यूस,रीयूज रीसाइकिल, रीकन्फॉर्म, रीजेनरेट व रिपेयर कचरा नियंत्रण के लिए एक आर बहुत जरूरी है जो जो है रिस्पांसिबल विद्यालय की प्रधानाचार्य आरती मिश्रा ने बताया कि प्लास्टिक बैग को बार-बार इस्तेमाल में लाएं सामान खरीदने जाए तो अपने साथ कैरी बैग लेकर जाएं ।

सिंगल उसे प्लास्टिक के उपयोग से बचें,मिट्टी के पारंपरिक तरीके से बने बर्तनों के इस्तेमाल को बढ़ावा दें, प्लास्टिक सामान को कम करने की कोशिश करें, धीरे-धीरे प्लास्टिक से बने सामान की जगह दूसरे पदार्थ के बने सामान अपनायें,पीईटीई और एचडीपीई प्रकार के प्लास्टिक सामान को वरीयता दें क्योंकि इनका पुनर्चक्रण आसानी से हो जाता है, प्लास्टिक के समान को फेंकने की कोशिश ना करें तथा अपने आसपास प्लास्टिक के कम इस्तेमाल के लिए चर्चा करें। संरक्षक डॉक्टर जैन मिश्रा ने बताया कि अब बातें सुनने का समय नहीं कुछ करने का समय है आज विश्व पृथ्वी दिवस पर कुछ करने का संकल्प लें तथा अगले विश्व पृथ्वी दिवस पर विचार करें कि हमने साल भर क्या किया। इस अवसर पर आयोजित जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता में आयुष पटेल, इशा भारद्वाज,पारस शिवनानीनी ने श्रेष्ठता दिखाइए। इन्हें प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गयाम् कार्यक्रम समन्वयन में प्रखर त्रिवेदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

शॉट सर्किट से लगी आग में मशीनरी स्टोर की दुकान खाक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। दोस्तपुर में सोमवार को उस समय अफरातफरी मच गई जब यहां एक मशीनरी स्टोर की दुकान व गोदाम में आग लग गई। सुल्तानपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचने में नाकाम रही। हालांकि अंबेडकर नगर से दमकल की कई गाड़ियां पहुंची जिससे आग पर काबू पाया जा सका। आग से लगभग 50 लाख रुपए सामान की क्षति होने की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार घटना दोस्तपुर थानाक्षेत्र के शाही पुल स्थित भूषण मशीनरी स्टोर व गोदाम की है। जहां सोमवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने दुकान, गोदाम को अपनी आगोश में ले लिया। बताया जा रहा है कि आग की चपेट में आकर एक पिकअप गाड़ी भी जलकर राख हुई है। स्थानीय कस्बे के लोगों ने पहले स्वयं आग पर काबू पाने का प्रयास किया। अंत में सुल्तानपुर और अंबेडकर नगर से फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। स्थानीय लोगों की माने तो कादीपुर से फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ही आग बुझाने पहुंच सकी। इसके बाद डीएम अंबेडकर नगर को सूचना हुई। उन्होंने एसपी अंबेडकर नगर को फायर सर्विस की गाड़ियां भेजने का निर्देश दिया। जिस पर अंबेडकर नगर से फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां 20 मिनट के अंदर ही पहुंची और आग पर काबू पाया गया। दुकान मालिक करुणा शंकर जायसवाल ने बताया कि आग से लगभग 50 लाख रुपए का भारी नुकसान हुआ है। उधर सूचना मिलते ही जिला अग्नि शमन अधिकारी, सीओ कादीपुर विनय गौतम, एसओ दोस्तपुर राम आशीष उपाध्याय व एसओ बेवाना मनोज शुक्ला मौके पर पहुंचे थे। सीओ विनय गौतम ने बताया कि करुणा शंकर का पीवीसी पाइप्स का बड़ा गोदाम है। जिसमें शॉट सर्किट से आग लगी।

जेआर प्रिप्रेटरी के छात्रों ने उत्साह से मनाया पृथ्वी दिवस किया वृक्षारोपण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।नगर में स्थित जेआर प्रिप्रेटरी विद्यालय के प्रांगण में पृथ्वी दिवस साप्ताहिक पर्व के रूप में मनाया गया।जिसके अंतर्गत सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने प्रतिदिन विभिन्न एक्टिविटीज में भाग लिया।विशेष प्रार्थना सभा हुई,जिसमें पृथ्वी को संरक्षित करने के लिए कविता भाषण,पोस्टर मेकिंग आदि का आयोजन हुआ। नाट्य रूपांतरण द्वारा पृथ्वी की उपयोगिता को दर्शाया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य पूनम अग्रवाल ने सभी को पृथ्वी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि पृथ्वी बचाओ एक ऐसी पहल होनी चाहिए जिसमें सभी का योगदान हो और जैसे हम एक इंसान की देखभाल करते हैं। ऐसे ही हमें अपनी पृथ्वी की भी रक्षा करनी चाहिए।विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम अग्रवाल ने बच्चों के इस प्रयास की अथक सराहना की और कहा पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन है।हर वर्ष 22 अप्रैल को पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है।उन्होंने बच्चों को पर्यावरण बचाने हेतु वृक्षारोपण का संदेश दिया। इस अवसर पर सोनी भारद्वाज,कोहिनूर,मुस्कान, सौम्या सिंह,नेहा वी, लक्ष्मी कटियार सहित अन्य अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

इसौली का युवक तीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने निजामुददीन गोमती नदी पुल के पास से तीस ग्राम स्मैक के साथ गैरजनपद के एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत सोमवार को उप निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मशरूम पुत्र फारूक निवासी ग्राम इसौली थाना बल्दीराय जनपद सुलतानपुर को निजामुददीन गोमती नदी पुल के पास से समय करीब सवा आठ बजे गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा युवक की तलाशी में उसके कब्जे से तीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है।इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के उप निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

निर्वाचन के दौरान किसी व्यक्ति को डराना, धमकाना उसे रिश्वत देना अपराध, होगी कड़ी कार्यवाही

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा-171ख के अनुसार कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचक अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से नकद या वस्तु रूप में लेनदेन करने पर वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डित होगा। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त भारतीय दंड संहिता की धारा-171ग के अनुसार जो कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक, या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट लगाने की धमकी देता है, वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय है तथा उड़न दस्ते, रिश्वत देने वालों और लेने वालों के विरूद्ध मामले दर्ज करने और ऐसे लोगों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए गठित किये गये है जो निर्वाचकों को डराने और धमकाने में लिप्त है। इस सम्बन्ध में उन्होंने जनपद के समस्त नागरिकों से अनुरोध किया है कि वह रिश्वत लेने से परहेज करें और यदि कोई व्यक्ति रिश्वत की पेशकश करता है या उसे रिश्वत और निर्वाचकों को डराने/धमकाने की जानकारी है, तो शिकायत प्रकोष्ठ के टोल फ्री नम्बर-1950 एवं कन्ट्रोल रूम नम्बर 05368-244188 पर सूचित कर सकते है।

भाईयो ने बहन की शादी में सहयोग के लिए बढ़ाया हाथ

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के धनपतगंज ब्लॉक के चदीपुर ग्राम सभा के पूरे पताई का पुरवा के एक गरीब ब्राह्मण है जिनके बेटी की शादी 21 अप्रैल 2024 को है जैसे ही इसकी सूचना 'परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक' के वरिष्ठ पदाधिकारी एवम फौजी रंजीत मिश्रा जुड्डापट्टी को मिली ये खबर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित तिवारी को बताया। उन्होंने तो तत्काल प्रभाव से बिटिया के शादी में संगठन के माध्यम से सहयोग करने का निर्णय सर्व सहमति से लिया गया जिसको हर वक्त की तरह इस बार भी 'मिशन कन्यादान' का नाम देते हुए संगठन ने धन संग्रह किया और रोजाना यूज होने वाले समान को लेकर संगठन परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक के धनपतगंज ब्लॉक अध्यक्ष देवी प्रसाद पांडेय, समाज सेवी शिवम तिवारी, नितिन मिश्रा, कुशाग्र मिश्रा, विजय शंकर मिश्र उर्फ पप्पू, राम सागर मिश्रा वा अन्य बंधु पहुंचे सहयोगी एडवोकेट बिपिन मिश्रा, एडवोकेट देवेंद्र पाठक, अर्पण पांडेय, भानु मिश्रा, नरेंद्र पांडेय, अभिषेक पांडेय, विजय शंकर मिश्र, जय शंकर मिश्र, विकास मिश्रा ठेकेदार, पियूष तिवारी,अनुराग मिश्र शुभ, धर्मेंद्र पांडेय, बीवेश मिश्रा, प्रफुल मिश्रा , पूर्णेदु पांडेय, रजनीश उपाध्याय रज्जन, राम मिश्रा वा अमित तिवारी ने आर्थिक मदद किया। संगठन के माध्यम से समान (सीलिंग पंखा, मिक्सर मशीन, प्रेस) को लड़की के पिता को संप्रेम भेट किया। जब इसकी खबर गांव और वहा मौजूद स्थानीय लोगों को पता चला तो लोगो ने संगठन की बहुत सराहना की और कहा आज ब्राह्मण समाज को ऐसा ही निः स्वार्थ भाव से काम करने वाले संगठन की जरूरत है जब लोगो को पता चला कि ये संगठन का इस वर्ष का चौथा कन्यादान है तो बहुत ही प्रंशसा किया और लोगो ने संगठन से जुड़ने की इच्छा जताई।

राहुल गांधी की तबियत खराबी और कोर्ट रिक्त होने टली सुनवाई, 2 मई की तारीख नियत

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी के मामले में आज सुलतानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तारीख कोर्ट रिक्त होने के कारण एक बार फिर टल गई है। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि तबियत खराबी के चलते वह आज कोर्ट में पेश नहीं हो सकें। जिसपर विपक्षी अधिवक्ता संतोष पांडेय ने विरोध जताया परंतु कोर्ट ने बचाव पक्ष का प्रार्थना पत्र एक्सेप्ट करते हुए मानहानि मामले में कोर्ट ने 2 मई की तारीख नियत कर दी है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट रिक्त होने के कारण सोमवार को सुनवाई टल गई। मामले में राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए 2 मई की तारीख नियत की गई है। कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था। मामले में राहुल गांधी की जमानत कोर्ट से हो चुकी है जिसमें सोमवार को उनका बयान विशेष कोर्ट में दर्ज किए जाने के लिए तारीख नियत थी।बताते चले एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव के ट्रांसफर के बाद अभी तक उक्त कोर्ट का चार्ज किसी न्यायिक अधिकारी को नही मिला है।

महिला ने डायग्नोस्टिक सेंटर पर गलत जांच रिपोर्ट देने का लगाया आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। थाना कमरौली के औद्योगिक क्षेत्र की आवासीय कालोनी के एक चर्चित अस्पताल के अंदर लम्बे अरसे से संचालित डायग्नोस्टिक सेंटर के द्वारा एक महिला को दूसरे की रिपोर्ट संशोधित कर गलत रिपोर्ट दे दी गई है उसी जांच रिपोर्ट के आधार पर महिला चिकित्सक द्वारा महिला का इलाज भी कर दिया गया है। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित महिला ने सूबे के उप मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर संचालको के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की है।औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर के साथ ही बीएचईएल में एक दो नही बल्कि दर्जनों की संख्या में डायग्नोस्टिक सेंटर के साथ ही निजी नर्सिंग होम और अस्पताल नियम कानूनों को ताक पर रखकर संचालित किये जाते हैं जिनसे स्वास्थ्य विभाग भली वाकिफ भी है।इन डायग्नोस्टिक सेंटर और पैथालाजी द्वारा जांच के नाम पर मरीजों की जेबों पर डाका डाला जा रहा है।पड़ोसी जनपद के थाना हलियापुर क्षेत्र की एक महिला ने सूबे के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को भेजे गये शिकायती पत्र में लिखा है कि एक चर्चित प्राइवेट अस्पताल के अंदर संचालित डायग्नोस्टिक सेंटर जगदीशपुर जनपद अमेठी के द्वारा दूसरे की रिपोर्ट संशोधित कर गलत रिपोर्ट दिया गया जिसमें अनुचित जानकारी दी गई है। महिला ने लिखा है कि मुझे जिस बारकोर्ड नम्बर की रिपोर्ट दिया गया तो मैनें कस्टुमर केयर नम्बर पर फोन कर पूंछा तो उन्होंने कहा कि यह बारकोड नम्बर दूसरी महिला के नाम से है तो मुझे शंका हुआ कि यह रिपोर्ट गलत उसके बाद मैंने 112 नम्बर डायल कर पुलिस को सूचना दिया और 112 पुलिस के द्वारा इस मामले की जांच पर कोई उचित कार्यवाही नहीं की गई। पीड़िता ने लिखा है कि मैं इस समस्या को तत्काल ध्यान में लेने की अपील करती हूं ताकि किसी भी गरीब को ऐसी समस्या का सामना न करना पड़े।

पुलिस ने नीरज के शव का पोस्टमार्टम तो कराया लेकिन नहीं दर्ज किया मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मृतक का पिता मुकदमा दर्ज कराने के लिये अधिकारियों की चौखट की कर रहा परिक्रमा

अमेठी। थाना इन्हौना पुलिस ने क्षेत्र के गांव सराय माधौ में बारह दिन पूर्व एक नवयुवक का फांसी के फंदे पर झूलते हुये शव का पोस्टमार्टम तो करवा दिया लेकिन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने में आनाकानी कर रही है।मृतक के पिता अपनी फरियाद लेकर आला अधिकारियों की चौखट की परिक्रमा कर रहे हैं लेकिन न्याय मिलता नजर नही आ रहा है। पीड़ित परिवार ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुये इंसाफ की गुहार लगाई है।थाना क्षेत्र के गांव सराय माधौ निवासी प्रहलाद यादव के इक्कीस वर्षीय सुपुत्र नीरज कुमार का शव बीती दस अप्रैल की शाम को एक पेड़ से लटकती हुई पाई गई थी। मृतका के पिता प्रहलाद यादव ने पुलिस अधीक्षक को भेजे गये पत्र में लिखा है कि मेरा बेटा नौ अप्रैल को घर से गायब हो गया है प्रार्थी के घर पर प्रार्थी की पत्नी व दो छोटे बच्चे ही रहते हैं।प्रार्थी व उसका बड़ा बेटा शहर में रहता है।पीड़ित के घर में दोपहर के बाद पड़ोसी गांव पूरे गजराज सराय गोपी थाना सुबेहा बाराबंकी के चार नामजद लोगों के द्वारा मेरे घर में जाकर मारने पीटने की धमकी दी ऐसी धमकी दोपहर से लेकर शाम लक तीन बार दी गई तथा यह भी कहा कि इनको मैं चौबीस घण्टे के अंदर जान से मार देंगे। मृतक के पिता ने लिखा है कि इन लोगों के धमकी देने के बाद मेरा पुत्र नीरज गायब हो गया उसके बाद मेरे पुत्र का पता नही चल पाया देर रात जब मेरा पुत्र वापस नही आया तो अपने रिश्तेदार व सगे संबंधी में पता किया लेकिन कोई पता नही चल पाया उसके बाद संदिग्ध परिस्थितियो ने मेरे पुत्र की लाश पेड़ में लटकती एक बाग में मिली जिसकी सूचना हमें दिनांक दस अप्रैल को शाम करीब चार बजे प्राप्त हुई वहां पर मृतक का मोबाइल व पर्स मुझे प्राप्त हुआ जिसमें से नीरज के फोन में काल डिटेल, सोशल मीडिया एकाउंट फार्मेट कर दिया गया है जिससे हत्या की आशंका जताई जाती है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया और पीएम रिपोर्ट भी आ गई लेकिन पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नही समझा है। पीड़ित परिवार अपने बेटे की मौत के बाद अधिकारियों की चौखट पर न्याय की गुहार लगा रहा है लेकिन मृतक के परिजनों को न्याय कब मिलेगा यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है।

पीडीए प्रत्याशी को तन–मन–धन से सहयोग करेगा मोस्ट

मोस्ट पदाधिकारियों के साथ हुई परिचयात्मक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। मोस्ट कल्याण संस्थान, उत्तर प्रदेश के प्रधान कार्यालय निषाद भवन, विनोवापुरी, सुलतानपुर में 38-लोकसभा के पी.डी.ए. प्रत्याशी पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद के साथ मोस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारियों की परिचयात्मक मीटिंग हुई। मोस्ट संरक्षक से.नि. एडीओ भारत राम ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लोकसभा प्रत्याशी राम भुआल निषाद को इस आशा व विश्वास के साथ भेंट की कि बाबा साहब के मिशन को आगे बढ़ाएंगे।

मीटिंग में लोकसभा प्रत्याशी राम भुआल निषाद ने कहा कि संस्था के द्वारा जो सुझाव आये हैं उसे गंभीरता से लूंगा, कोई भी काम मैं जिम्मेदारी से करता हूँ, कदम से कदम मिलाकर हम आपके साथ चलेंगे। मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद ल्लगुरुजील्ल ने लोकसभा प्रत्याशी राम भुआल निषाद (पूर्व मंत्री) ने मोस्ट कार्यालय आकर मोस्ट वरिष्ठ पदाधिकारियों का समाज हित में सुझाव प्राप्त करने व उस पर अमल करने का वचन देने के लिए आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर पूर्व विधायक अनूप संडा, पूर्व विधायक भगेलू राम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव, एडवोकेट देवतादीन निषाद, मोस्ट संरक्षक डॉ. कमालुद्दीन खान, पेरियार सम्भोले वर्मा, रज्जन प्रसाद, पूर्व जिला पंचायत सदस्य छोटेलाल निषाद, वकील अहमद, रामेश्वर गुप्ता, हाजी मोहम्मद दाऊद खान, मोस्ट प्रमुख ज़ीशान अहमद, जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, जिला संयोजक राकेश कुमार निषाद, सह संयोजक संतोष सोनकर, मोहम्मद आरिफ, अनिल कुमार निषाद, पिन्टू निषाद, मोहम्मद आमिर, रमाकांत यादव, पिन्टू निषाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में मतदान कार्मिकों को आज दूसरे दिन दिया गया प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी।अनुपस्थित एक कार्मिक का माह अप्रैल का वेतन रोकने के निर्देश अमेठी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मनीष महिला महाविद्यालय गौरीगंज में आज दूसरे दिन मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक सूरज पटेल की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारी प्रथम) को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया।

आज दूसरे दिन प्रशिक्षण में 936 मतदान कार्मिकों में से 935 मतदान कार्मिक उपस्थित रहे तथा एक मतदान कार्मिक उमेश प्रताप सिंह प्रधानाध्यापक खंड शिक्षा अधिकारी जामों अनुपस्थित रहे जिनका माह अप्रैल 2024 का वेतन रोकने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिए गए। प्रशिक्षण में मतदान कार्मिकों को ईवीएम/वीवीपैट मशीनों को जोड़ने, कंट्रोल यूनिट/वैलेट यूनिट और वीवीपैट को जोड़ने, माक पोल कराने, माकपोल की पर्ची लिफाफ़े में रखकर शील्ड करने, मतदाता रजिस्टर, मत पत्र लेखा को तैयार करने, पीठासीन की डायरी को भरने आदि महत्वपूर्ण चीजों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया की गंभीरतापूर्वक पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, जो कुछ शंका हो उसका समाधान अपने मास्टर ट्रेनर से कर लें। उन्होंने कहा कि ईवीएम मशीन संबंधित सभी प्रक्रिया को अच्छी तरह से जान लें। उन्होंने मास्टर ट्रेनर को भी निर्देशित किया कि मतदान कार्मिकों को गंभीरतापूर्वक एवं अच्छे ढंग से प्रशिक्षण दें ताकि निर्वाचन की प्रक्रिया को मतदान कार्मिक अच्छे से समझ कर जनपद में मतदान सकुशल संपन्न कराएं। प्रशिक्षण के आज दूसरे दिन जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक अजय सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

स्मृति ईरानी का दावा– वायनाड में वोटिंग के बाद अमेठी आएंगे राहुल गांधी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी।क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने सोमवार को दावा किया कि राहुल गांधी 26 अप्रैल को वायनाड में मतदान होने के बाद अमेठी आएंगे। स्मृति ने कहा कि राहुल लोगों को जातिवाद के नाम पर विभाजित करने के साथ ही मंदिर- मंदिर जायेंगे। स्मृति ईरानी ने 2019 लोकसभा चुनाव में अमेठी से तत्कालीन सांसद और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को हराया था। हालांकि कांग्रेस ने अभी तक अमेठी से अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। राहुल गांधी 2019 लोकसभा चुनाव में केरल की वायनाड सीट से चुनाव जीते थे और 2024 में भी वहां से चुनाव मैदान में हैं। वायनाड में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। स्मृति ईरानी ने सोमवार को भेंटुआ और भादर में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा, ''26 अप्रैल को वायनाड में मतदान होने के बाद राहुल गांधी अमेठी को परिवार बताने आएंग और यहां समाज में जातिवाद की आग लगाने का काम करेंगे।केंद्रीय मंत्री ने इशारा किया कि 26 अप्रैल के बाद राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया था पर वह अमेठी में मंदिर-मंदिर घूमते नजर आएंगे, जिससे सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है।उन्होंने आरोप लगाया, ''राहुल गांधी ने सम्राट साइकिल की जमीन हड़प रखी है, मैं पिछले 10 वर्षों से जमीन वापस करने के मामले को उठा रही हूं और मांग कर रही हूं लेकिन आज तक किसानों को उनकी जमीन राहुल गांधी ने वापस नहीं की।'' ईरानी ने तंज कसते हुए कहा, ''जमीन हड़पने की बीमारी जीजा जी (राबर्ट वाद्रा) में ही नहीं है, साले साहब (राहुल गांधी) में भी है।स्मृति ईरानी ने कहा, ''राहुल गांधी ने कभी भी अमेठी की बात को संसद में नहीं रखा। राहुल तो संसद से भी लापता रहते थे।'' केन्द्रीय मंत्री ने राहुल गांधी को बार-बार 'लापता सांसद' बताते हुए कहा कि वह 15 साल तक अमेठी के सांसद रहे, लेकिन अमेठी का कोई विकास नहीं हुआ। भाजपा ने ईरानी को अमेठी से तीसरी बार उम्मीदवार बनाया है।

अमेठी नगरपालिका अध्यक्ष के पति का कोतवाली में सरेआम विरोधी की धुनाई करना भारी पड़ा, स्मृति ईरानी के हैं करीबी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। अमेठी में नगरपालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह के पति दीपक सिंह और 12 अन्य लोगों पर मारपीट, लूट और बलवा का केस दर्ज किया गया है। दीपक सिंह स्मृति ईरानी के करीबी हैं। अमेठी लोकसभा चुनाव में सियासी माहौल गरम होने के बीच बड़ी खबर सामने आई है। यहां अमेठी नगर पालिका अध्यक्ष और भाजपा नेता के पति दीपक और 12 अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट, अपहरण और लूट का मुकदमा दर्ज किया गया है। दीपक भाजपा सांसद स्मृति ईरानी के बहुत करीबी माने जाते हैं. जनपद मुख्यालय गौरीगंज नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह के पति दीपक सिंह और उनके साथियों के ऊपर न्यायालय के आदेश पर पंजीकृत मुकदमा किया गया है. गौरीगंज विधानसभा से तीन बार के विधायक राकेश प्रताप सिंह के भतीजे अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है. पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। दरअसल, 10 मई 2023 को निकाय चुनाव के दौरान यहां मारपीट की घटना हुई थी. इस पर कोर्ट के आदेश पर अब मुकदमा पंजीकृत हुआ है.अमेठी नगर पालिका अध्यक्ष के पति द्वारा विरोधी खेमे के नेता को पीटने का मुद्दा काफी सुर्खियों में आया था। दीपक सिंह ने उसे कोतवाली में ही खूब पीटा था। उनके समर्थक भी इसमें शामिल थे. हालांकि इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस मूकदर्शक बनी रही थी. बाद में हंगामे के बाद पुलिस हरकत में आई थी.जानकारी के अनुसार, गौरीगंज कस्बे के मऊ गांव के रहने वाले अरूणेंद्र प्रताप सिंह ने न्यायालय के आदेश से गौरीगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया. अरुणेंद्र खुद को सपा विधायक अभय सिंह का भतीजा बताता है। हालांकि अभय सिंह और उनकी पत्नी भी अब भाजपा में शामिल हो चुकी हैं. उसका कहना है कि पिछले साल 10 मई को गौरीगंज के जामो रोड के ढाबे पर वो साथियों के साथ चाय पी रहा था. उसी वक्त दीपक सिंह अपने साथियों के साथ आ धमके. वहां उसे जमकर पीटा गया। फिर गाड़ी में बैठाकर ले गए. उसका कहना है कि खूब धुनाई के बाद उन्हें गौरीगंज के पास छोड़ दिया गया। फिर पीड़ित गौरीगंज कोतवाली में शिकायत करने पहुंचे तो वहां भी उनसे हाथापाई की कोशिश की गई. इसका वीडियो भी खूब वायरल हुआ था. दोनों का गौरीगंज के जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया था। फिर कोर्ट के आदेश पर दूसरा मुकदमा दर्ज किया गया है।

आखिर क्यों धधक रही है पृथ्वी

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। प्रकृति पिछले कुछ वर्षों से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत दे रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि बड़ी बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है। हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे। सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है।

पृथ्वी से ही जीवन है

धरती के नीचे प्रवाहित जल हमारे जीवन का स्रोत है। उसके क्रोड़ में विभिन्न धातुएँ-कोयला, सोना, चाँदी, लोहा, हीरा, मोती हैं, ऊर्ज़ा का स्रोत पेट्रोल है। क्या कुछ नहीं है उसमें। बहुत से पदार्थ ऐसे भी हैं जो रत्नगर्भा पृथ्वी ने अपने भीतर छिपा रखे हैं और हमें उनका ज्ञान नहीं है। ऐसी पृथ्वी जड़ नहीं है और हमें अपने अस्तित्व को उसके हिस्से के रूप में देखना चाहिए। हमारा पृथ्वी से सम्बन्ध एक समग्र रचना या अंगी के अंग के रूप समझना चाहिए। पृथ्वी को देवता माना गया। पृथ्वी रक्षणीय और वंदनीय हो गयी। भूमि को माता का दर्ज़ा मिला। परंतु आज की स्थिति भिन्न है। अब वैश्विक स्तर पर सभी देशों को प्रभावित करने वाली चुनौतियों में जलवायु - परिवर्तन को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। ग्लेशियरों के बहुत बड़े पैमाने पर पिघलने की घटना से प्राकृतिक संतुलन ख़तरे में पड़ रहा है । हम सब प्रकृति और मनुष्य अलग-अलग देखने लगे हैं। प्रकृति का संसाधन वाला रूप बड़ा आकर्षक लगता है। विगत वर्षों में पर्यावरण से जुड़े हादसों में बड़ी तेज़ी से वृद्धि हुई है किंतु मनुष्य अपने सीमित स्वार्थों के चलते बाज नहीं आता। उसे यह विस्मृत हो जाता है कि प्रकृति विकल्पहीन है।उसे खोने का ख़तरा हमें कहीं का न रखेगा। यूरोप और अमेरिका के विकसित देशों में बाढ़, लू, सूखा और तूफ़ान जैसी चरम स्थितियों का कई कई बार सामना करना पड़ा है। भारत के अनेक क्षेत्रों में बाढ़ की विभीषिका का असर हुआ था। दुबई में हुई ताजा वर्षा और बाढ़ अभूतपूर्व है। विकास को लेकर चिंतन में 'टिकाऊ विकास' के लक्ष्यों को पहचानना सराहनीय कदम था। पर उद्घोषणा को कार्यस्तर पर लागू करने तक की अब तक की यात्रा आगे नहीं बढ़ पा रही है। जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रजातियों के विनाश और जैव विविधता के ह्रास का ख़तरा बढ़ रहा है।

पृथ्वी, धरती, वसुंधरा, भूमि आदि विभिन्न नामों से जाने जाने वाली सता को हजारों साल से माता कहा जाता रहा है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में माताभूमिः पुत्रोहं पृथिव्याः का उद्घोष मिलता है। माता के रूप में पृथ्वी जाने कब से मनुष्य, पशु-पक्षी, कीट-पतंग आदि सभी जीवित प्राणियों यानी अपने आश्रितों का निर्व्याज भरण-पोषण करती आ रही है। माता का स्वभाव है कि वह स्वयं कष्ट सह कर भी अपना सारा प्रेम शिशुओं के ऊपर उड़ेलती रहती है क्योंकि वह अपनी संततियों को अपने अस्तित्व से अलग नहीं रखती। वे उसी के अभिन्न अवयव या अंश होते हैं । वैसे भी सारी दुनिया में जो कुछ भी स्थित है वह ईश्वर का आवास हैः ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंचित जगत्यां जगत । इसलिए उस पर हमारा कोई अधिकार नहीं बनता । तभी भारत के आदमी ने सोचा कि पृथ्वी पर जीवन सिर्फ़ बसता नहीं है । वह प्राण शक्ति है और वह उसी की बदौलत जीता है । हमारी भाषा, विचार और शरीर-रचना सब पर इस भूमि का अनिवार्य प्रभाव पड़ता है। पृथ्वी प्राणियों के लिए आश्रय ही नहीं है वरन उसी से ही जीवन संभव हो पाता है। हम सब पृथ्वी के तत्वों से निर्मित होते हैं। मिट्टी की सबसे विलक्षण शक्ति उसकी उर्वरा क्षमता में निहित है। इस जीवनी शक्ति के चलते रूखे-सूखे बीज का रूपांतरण होता है, अंकुरित होकर वह बीज हरी-भरी घास, अन्न की लहलहाती फसल, नाना प्रकार के चित्ताकर्षक सुगंधित पुष्प, भाँति-भाँति के सुस्वादु रसीले फल वाले, औषधीय और अन्य क़िस्म के वृक्ष-वनस्पतियाँ आदि जानें क्या-क्या बन जाता है। धरती के नीचे प्रवाहित जल हमारे जीवन का स्रोत है। उसके क्रोड़ में विभिन्न धातुएँ-कोयला, सोना, चाँदी, लोहा, हीरा, मोती हैं, ऊर्ज़ा का स्रोत पेट्रोल है। क्या कुछ नहीं है उसमें। बहुत से पदार्थ ऐसे भी हैं जो रत्नगर्भा पृथ्वी ने अपने भीतर छिपा रखे हैं और हमें उनका ज्ञान नहीं है। ऐसी पृथ्वी जड़ नहीं है और हमें अपने अस्तित्व को उसके हिस्से के रूप में देखना चाहिए। हमारा पृथ्वी से सम्बन्ध एक समग्र रचना या अंगी के अंग के रूप समझना चाहिए। पृथ्वी को देवता माना गया। पृथ्वी रक्षणीय और वंदनीय हो गयी। भूमि को माता का दर्ज़ा मिला। परंतु आज की स्थिति भिन्न है। अब वैश्विक स्तर पर सभी देशों को प्रभावित करने वाली चुनौतियों में जलवायु - परिवर्तन को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। ग्लेशियरों के बहुत बड़े पैमाने पर पिघलने की घटना से प्राकृतिक संतुलन ख़तरे में पड़ रहा है । हम सब प्रकृति और मनुष्य अलग-अलग देखने लगे हैं। प्रकृति का संसाधन वाला रूप बड़ा आकर्षक लगता है। विगत वर्षों में पर्यावरण से जुड़े हादसों में बड़ी तेज़ी से वृद्धि हुई है किंतु मनुष्य अपने सीमित स्वार्थों के चलते बाज नहीं आता। उसे यह विस्मृत हो जाता है कि प्रकृति विकल्पहीन है।उसे खोने का ख़तरा हमें कहीं का न रखेगा। यूरोप और अमेरिका के विकसित देशों में बाढ़, लू, सूखा और तूफ़ान जैसी चरम स्थितियों का कई कई बार सामना करना पड़ा है। भारत के अनेक क्षेत्रों में बाढ़ की विभीषिका का असर हुआ था। दुबई में हुई ताजा वर्षा और बाढ़ अभूतपूर्व है। विकास को लेकर चिंतन में 'टिकाऊ विकास' के लक्ष्यों को पहचानना सराहनीय कदम था। पर उद्घोषणा को कार्यस्तर पर लागू करने तक की अब तक की यात्रा आगे नहीं बढ़ पा रही है। जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रजातियों के विनाश और जैव विविधता के ह्रास का ख़तरा बढ़ रहा है। सभी देश पर्यावरण की रक्षा के लिए ज़रूरी मानकों, मानदंडों और पाबंदियों को स्वीकार न करके छूट लेने की फ़िराक़ में हैं। ग्रीनगैस के उत्सर्जन को लेकर आज जो हालात हैं उसमें यह स्थिति ख़ास तौर पर दिख रही है। अब पृथ्वी पर तापमान में वृद्धि अनियंत्रित होती जा रही है। विडम्बना यह भी है कि इस वैश्विक पैमाने पर आ रही विपत्ति का नुक़सान अक्सर कम विकसित देशों को ही भुगतना पड़ता है। अनुमान है कि विश्व को 2.5 से 2.9 सेल्सियस तापमान से गुजरना होगा। मौसम में होने वाले इस तरह के क्रांतिक बदलाव के भयानक परिणाम हो सकते हैं। आज प्रौद्योगिकी का जिस तेज़ी से विकास हो रहा है वह प्रकृति की संभावनाओं को कुंठित और करने वाला साबित हो रहा है । खेती में में रासायनिक खाद और कीटनाशकों आदि के विविध रूप विष की तरह मानव शरीर में पहुँच कर अनेक रोगों को जन्म दे रहे हैं। यही हाल आणविक ऊर्ज़ा के उत्पादन से जुड़ी समस्याओं का भी है। वृक्षों आदि विभिन्न वनस्पतियों, मनुष्य और अन्य जीव जंतु सभी परस्पर निर्भर हैं। ये सभी एक दूसरे के लिए पूरक की तरह सक्रिय हो कर काम करते हैं। परंतु मनुष्य प्रकृति से लेता तो है पर उसे देने की बात याद नहीं रहती है। हाँ, कई लोगों को मन में यह भ्रम ज़रूर है कि प्रकृति असमाप्य है, कभी ख़त्म न होगी। हम प्रकृति को जड़ या निर्जीव मान कर मनोवांछित तरीक़े से इच्छानुसार उसके शोषण और दोहन में शामिल हो जाते हैं। यह हमारे स्वभाव का हिस्सा बनता जाता है। हम असंवेदनशील और असहिष्णु हो कर हिंसक बनते जाते हैं। पृथ्वी से मिलने वाले प्रसाद का सेवन श्रेयस्कर होता है न कि लोभवश अंधाधुंध शोषण। पृथ्वी की अकूत सम्पदा में बहुत कुछ यदि पुनर्नवीकरण करने लायक़ (रिन्यूएबिल) होता है तो बहुत कुछ उपयोग के साथ क्रमशः ख़त्म होता जाता है। परंतु यह सब देख हम पृथ्वी को एक संसाधन मान बैठते हैं जिसका शोषण करने लगते हैं। पृथ्वी को उपभोग्य और उसके सभी पक्षों का उपभोग करते रहना हम अपना हक़ सा मान बैठे है। इस उपभोग के अनियंत्रित होने से जीवन की पारिस्थितिकी ख़तरे में पड़ने लगी है क्योंकि सब कुछ परस्पर सम्बंधित है। खेती-बारी, काम-धंधा, सुख-स्वास्थ और सामाजिक-आर्थिक उन्नति से जुड़ी सारी गतिविधियाँ धरती पर ही टिकी हैं। आधुनिक आदमी की सोच में मनुष्य ने पृथ्वी को जड़ मान अपने को अलग कर उस सम्पदा का स्वामी मान बैठा। उसे जीवन को संचालित करने के लिए 'विकास' का एक नया मंत्र मिला गया जिसका आशय निरंतर आगे बढ़ना है और दुनिया के सारे संसाधनों का उपयोग करना है। दुनिया, जगत या पृथ्वी हमारे लिए साधन हैं जिनका मन मर्ज़ी से उपयोग करना है। मनुष्य सब कुछ का केंद्र बन गया और उसके स्वार्थ की सिद्धि को प्रमुख मान लिया गया। पृथ्वी के सभी संसाधनों का अंधाधुंध दोहन शुरू हुआ। अनियंत्रित विकास के चलते एक ओर पृथ्वी की उर्वरा शक्ति कम होने लगी तो दूसरी ओर कूड़ा-कचरा का ढेर लगाने लगा। जो जितना विकसित हुआ उसने उतने ही ज़्यादा कूड़ा पैदा किया। देखते-देखते राजधानी दिल्ली जैसे बड़े महानगरों में कूड़े के कई पहाड़ खड़े हो गए जिनका निस्तारण असंभव सी परियोजना हो गयी। मातृभूमि का एक भौतिक आधार है पर वह सांस्कृतिक संकल्पना है। भौतिक विस्तार के क्षेत्र का घट-बढ होता रहा है। मातृभूमि राष्ट्रीय संस्कृति का मुख्य अंश रहा है। सुजलां , सुफलां, मलयजशीतलां मातरं, बंदे मातरम् का आवाहन हमें कर्म और त्याग के साथ 'मातृदेवो भव' के संकल्प की ओर अग्रसर करता है। भारत भूमि ऐसी 'पुण्यभूमि' के रूप में याद की गई है जहां जन्म लेने के लिए देवता भी तरसते हैं। मातृभूमि की वंदना राष्ट्रीय संस्कृति का मुख्य भाग रहा है। यह राष्ट्रीय आस्था का विषय है। धरती के साथ हिंसा किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं हो सकती। पृथ्वी को जन की धात्री कहा है। उपेक्षा की जगह जागरूक हो कर पृथ्वी की सेवा-सुश्रूषा अपेक्षित है। भौतिक समृद्धि के साथ आध्यात्मिक उन्नति भी होनी चाहिए। एकांगी भौतिक विकास के परिणाम जलवायु परिवर्तन के दृष्टि से घातक हैं। मातृभूमि के संवर्धन में ही सबकी वृद्धि है। मतभेद, प्रतिस्पर्धा और हिंसा के फलस्वरूप मातृभूमि की हानि और सामान्य जन जीवन की भी हानि होती है। दोनों परस्पर निर्भर हैं। हर तरह की विविधता को परे करते हुए मातृभूमि सभी का ख़्याल रखती है। मातृभूमि का भाव निर्मल करने वाला होता है और वह बिना किसी के साथ भेद-भाव किए वह विभिन्न प्रकार के लोगों और समुदायों का भरण पोषण करती है। आज प्रकृति और मनुष्य के पारस्परिक रिश्ते को पहचानते हुए मनुष्य के आचरण पर बल देने की ज़रूरत है। अकेले मनुष्य नहीं बल्कि मनुष्य और प्रकृति के बीच पारस्परिक सम्बन्ध महत्वपूर्ण है। हमें प्रकृति के सहचर के रूप में रहना होगा। वह हमारा ख़्याल रखेगी यदि हम उसका ख़्याल रखेंगे। **-गिरीश्वर मिश्र**

जल की एक एक बूंद जीवन के लिए बहु उपयोगी

संजीव ठाकुर

जल की एक बूंद का संरक्षण मानवीय जीवन के संरक्षण के सदृश्य है। जल की एक-एक गुण जीवन के लिए बेशकीमती और बहु उपयोगी है। जल की बर्बादी भविष्य के बहुत बड़े खतरे को इंगित करती है, यदि पृथ्वी पर जल नहीं होगा तो जीवन की संभावनाएं भी विलुप्त हो जाएंगीं। सामान्य तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग हैसपृथ्वी की सतह का लगभग 70ः भाग जल से आच्छादित हैसपृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97ः समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है सअतः मात्र 3ः जल ही पीने के योग्य है,इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुश्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामतः पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है। यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है। पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है। प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है। इसका सबसे सर्वोत्तम उदाहरण दक्षिण अफ्रीकी शहर कैपटाउन एवं भारत के बंगलुरु शहरों में असीमित जनसंख्या के दबाव में लहराते जल संकट के कारण इन शहरों में यानी नो वाटर सप्लाई दिवस तक की नौबत आ गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकाशित जल विकास रिपोर्ट 2018 में पीने योग्य जल की घटती उपलब्धता एवं गहराता संकट को लेकर महायुद्ध की संभावनाओं का खुलासा किया है। जल संकट को लेकर अगले महा युद्ध की संभावनाओं को यदि टटोलने तो यह बात सत्य प्रतीत होती है जिसमें एक तरफ जलाभाव वाले देश का होगें तथा दूसरा पक्ष जलाधिक्य वाले देशों की होगी। जल के निरंतर गिरते स्तर को लेकर ऐसी विकराल स्थितियां उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण मानवता तार-तार हो जाएगी और जल का उपयोग करने वाले जैविक जीवन का स्थिति समाप्त हो जाएगा। अतः यह उचित होगा कि समय रहते हम इस संकट को भाप लें एवं जल जैसे हम उन संसाधन के संरक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर उचित कदम उठाएं। यूनाइटेड नेशंस वाटर अभियान के माध्यम से जल संकट से विश्व को अवगत करवाते हुए जल संकट के संबंध में आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। दूसरी तरफ प्रसिद्ध दवद-हवअमतदउमदजंस ऑर्गेनाइजेशन जल संकट से विश्व को अवगत कराते हुए जल संरक्षण के संबंध में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। आवश्यकता से अधिक जल प्रयोग करने से धरती का जलस्तर कृषकों की पहुंच से परे होता जा रहा है। वैश्वीकरण व उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रेरित अंधाधुंध विकास की दौड़ में जल स्त्रोतों को प्रदूषित कर मानव समाज ने स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। बढ़ती जनसंख्या भी वैश्विक जल संकट का एक बड़ा कारण है। यदि जनसंख्या की वृद्धि की रफ्तार से होती रही तो अगले दशक में वैश्विक जनसंख्या में वृद्धि की दर से 25ः जनसंख्या को प्रयोग जितना ही पानी उपलब्ध हो पाएगा। यह भयानक जल संकट तथा वैश्विक खतरे की ओर इंगित करता है। वैश्विक स्तर पर जल विवाद लगातार होते रहते हैं मध्य एशिया में कैस्पियन सागर के जल बंटवारे संबंधी विवाद का समाधान तटवर्ती देशों द्वारा संधि के माध्यम से किया गया है। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो स्थिति और भी जटिल होती जा रही है देश की जनसंख्या तो विश्व की जनसंख्या का लगभग 17.5ः है, लेकिन ताजे जल की उपलब्धता 1ः से भी कम है।

सेहत मंत्र

कई गंभीर बीमारियों से बचाव करता है पपीते के पत्ते का रस

पपीता एक ऐसा फल है, जिसके सेवन से हमारे शरीर को कई तरह से फायदा मिलता है। लेकिन सिर्फ पपीता ही नहीं बल्कि पपीते का पत्ता भी औषधीय गुणों से भरपूर होता है। ऐसे में अगर आप भी सेहतमंद बने रहना चाहते हैं, तो आपको पपीते के पत्ते का रस बनाकर पीना चाहिए। बता दें कि पपीते के पत्ते का रस त्वचा, लिवर, बालों आदि के लिए लाभकारी होता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पपीता के पत्ते के जूस के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। बदलते मौसम में बहुत सारे लोग डेंगू से परेशान रहते हैं। वहीं इस बीमारी के कारण हर साल देश में कई लोग जान गंवा देते हैं। डेंगू में दाने, सिरदर्द, तेज बुखार, जोड़ों और मसल्स में दर्द, आंख में दर्द और कपकपी लगती है। डेंगू के बुखार में शरीर में प्लेटलेट तेजी से गिरती हैं, जिसके कारण कई बार मरीज की जान चली जाती है। प्लेटलेट्स काउंट बढ़ाने के लिए डेंगू के मरीज को रोजाना दिन में दो बार पपीते के पत्ते का 25 एमएल रस पीना चाहिए। क्योंकि इसके रस में बायोएक्टिव यौगिक होते हैं, जो डेंगू बुखार के असर को कम करने में सहायक होते हैं। पपीते के पत्ते, फल, बीज और जड़ में एंटी मलेरियल गुण पाया जाता है। जो बल्ड में मौजूद पैरासाइट्स को खत्म करने का काम करता है। इससे मलेरिया जैसी बीमारी के रोकथाम में मदद मिलती है। इसलिए आप चाहें तो रोजाना पपीते के पत्ते के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं। पपीते के पत्तों में कारपैन के रासायनिक यौगिक पाए जाते हैं, जो डाइजेशन सिस्टम को सही रखता है। इसके सेवन से गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल डिसऑर्डर जैसे इर्रिटेबल बॉवेल सिंड्रोम राहत मिलती है। वहीं पपीते के पत्ते के रस के इस्तेमाल से अल्कोहल की वजह से होने वाले गैस्ट्रिक की परेशानी या अल्सर भी ठीक हो सकता है। कई बार हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया यानी उच्च कोलेस्ट्रोल की वजह से लिवर खराब हो सकता है। इस समस्या से बचने के लिए पपीते के पत्ते का रस पीना चाहिए। क्योंकि यह कोलेस्ट्रोल लेवल को कम करने के साथ ही खून को साफ करता है। साथ ही यह रस पीलिया और सिरोसिस आदि से बचाने में सहायक होता है।

धर्म मंत्र

भगवान महावीर हैं सार्वभौम धर्म के प्रणेता

सदियों पहले महावीर जनमे। वे जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है। महावीर का संपूर्ण जीवन स्व और पर के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। वे सार्वभौम धर्म के प्रणेता थे, उनके मन में संपूर्ण प्राणिमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना थी। इस वर्ष भगवान महावीर की 2550 वां निर्वाण महोत्सव मनाया जा रहा है, उनकी जन्म जयन्ती एवं निर्वाण महोत्सव न केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिये बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिये उन्नत जीवन का आधार है, निर्वाण महोत्सव का भव्य आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम् सभागार में 21 अप्रैल, 2024 को चारों जैन सम्प्रदायों के आचार्यों, मुनिराजों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में करेंगे। भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- 'अहिंसा'। सबसे पहले 'अहिंसा परमो धर्मः' का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ 'महाभारत' के अनुशासन पर्व में किया गया था।

पर्यटन

समर वेकेशन में फैमिली के साथ जाएं नॉर्थ ईस्ट इंडिया के इन सुंदर और खास जगहों पर, आएगा खूब मजा

समर वेकेशन पर हम सभी घूमने जाते हैं, चिलचिलाती गर्मियों में कहीं जाने की बात होती है। तो कई लोग सबसे पहले हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर या लेह लद्दाख जाते हैं। यह बिलकुल सच है कि गर्मियों के लिए ये जगहें बेहतरीन है, लेकिन कई लोगों को पता ही नहीं है नॉर्थ ईस्ट इंडिया में बेहद प्यारी जगहें है घूमने के लिए। नॉर्थ ईस्ट इंडिया देश का एक हिस्सा है, जहां की सुंदरता और ठंडी हवाएं लाखों पर्यटको को मोहित कर सकती हैं। यहां आप अपने परिवार के साथ गर्मियों की छुट्टियों का आनंद ले सकते हैं। समर सीजन में नॉर्थ ईस्ट इंडिया में घूमने की बात होती है, तो सबसे पहले पेलिंग का नाम जरुर शामिल रहता है। सिक्किम की हसीन वादियों में मौजूद यह शहर शानदार खूबसूरती के साथ ही यहां कि ठंडी हवाओं के लिए काफी फ़ेमस है, यह एक खूबसूरत हिल स्टेशन है। पेलिंग में आप कंचनजंगा वॉटरफॉल, पेमा यांग्त्से मठ, सिंगशोर ब्रिज और कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटीज का भी लुत्फ उठा सकते हैं। शिलांग नॉर्थ ईस्ट इंडिया सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय जगहों में से एक है। इसकी खूबसूरती के कारण इसे उत्तर पूर्व का स्कॉटलैंड भी कहा जाता है। यहां पर कई झीलें मौजूद हैं जिस वजह से इसे झीलों की नगरी के नाम से भी जाना जाता है। शिलांग की खूबसूरती और मौसम सैलानियों को खूब आकर्षित करते हैं। ऊंचे-ऊंचे पहाड़, घने जंगल और झील-झरने शिलांग की खूबसूरती में चार चांद लगा देते हैं। यहां आप शिलांग पीक, लेडी हैदरी पार्क, कैलांग रॉक, वार्डस झील और मीठा झरना जैसी जगहों को परिवार के साथ घूम सकते हैं। तवांग अरुणाचल प्रदेश में स्थित है, जहां लगभग हर भारतीय घूमना चाहेगा। ऊंचे-ऊंचे पहाड़, घने जंगल एयर झील-झरनों के बीच में मौजूद यह शहर किसी स्वर्ग से कम नहीं है। मई, जून और जुलाई की तपती गर्मी में भी यहां का मौसम एकदम सुहावना रहता है। यहां एशिया का सबसे बड़ा बौद्ध मठ भी है। इसके साथ ही आप यहां युद्ध स्मारक, गोरिचेन पीक, पीटी त्सो झील, जसवंत गढ़ और ताकत्संग जैसी सुंदर जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

आयुषी मौर्य व शिवांगी व न्यू विकास हाईस्कूल की छात्रा प्रिया राज ने स्कूल में टॉप

रामभीख राजरानी इंटर कॉलेज की दर्जनों मेधावी हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।विकासखंड बंकी के ग्रामीण क्षेत्र में लगातार परचम फहराता रामभीख राजरानी शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज गदिया मलूकपुर इस बार भी यू पी बोर्ड परीक्षा परिणाम में अपना परचम लहराया है।सोमवार को स्कूल द्वारा मेधावी सम्मान समारोह आयोजित कर मुख्य अतिथि नगर कोतावली सब इंस्पेक्टर अमर नाथ राय व विशिष्ठ अतिथि जनकल्याण किसान एसोसिएशन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव द्वारा संयुक्त रूप से सभी मेधावियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।जिसमें हाईस्कूल छात्रा कुमारी शिवांगी 93.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान क्रमशः सत्यम यादव 89.33 प्रतिशत एवं हर्ष कुमार 88.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।इसी तरह इंटर मीडिएट में आयुषी मौर्या ने 94.14 प्रतिशत एवं इन्ही के भाई आयुष मौर्य 92.00 प्रतिशत, मोहम्मद रिजवान 91.00 प्रतिशत कर अपने गुरुजनों, माता पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है।जिसके लिए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई दी गई।इस अवसर पर जनकल्याण किसान एसोसिएशन के प्रदेश अपर मीडिया प्रभारी बलवंत सिंह, विद्यालय संचालक डाक्टर वीर बहादुर, प्रधानाचार्य अमित श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य चरन सिंह , उदय सिंह,सूरज,सुशील,वृजेंद्र,राहुल,सचिन,शिवा,अभिजीत,शिवेंद्र,प्रीति,गीता,लक्ष्मी,शीलू,मोनिका,कुलसुम,अमृता सहित सभी शिक्षक गण,पुलिसकर्मी आदि उपस्थित रहे।इसी तरह विकासखंड देवा क्षेत्र के न्यू विकास हाई स्कूल मैनाहार के मेधावियों में कुछ अलग जुनून देखने को मिला।सभी मेधावी छात्र छात्राओं ने स्कूल में केक काटकर जश्न मनाया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जनकल्याण किसान एसोसिएशन के प्रमुख धर्म कुमार यादव द्वारा सर्वप्रथम केक काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।तत्पश्चात सभी मेधावियों को फूल माला पहनाकर व लड्डू खिलाकर बधाई दी गई साथ ही सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रिया राज 91.16 प्रतिशत को दीवार घड़ी भेंटकर सम्मानित किया गया।इसके अलावा वंदना यादव, अंजू यादव, अंशू,कविता,अंशिका यादव,अंजली, सोनी,रेखा पाल,दिव्यांशी,अंजली यादव,देवेंद्र,शिवम कुमार,अंशुमन,चंदन,अजय, अलफिशा ,आदर्श सिंह,युवराज,आशीष कुमार,मोनिका यादव,एकता राज आदि मेधावियों को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार वर्मा, प्रबंधक निशा देवी, पुष्पेंद्र कुमार,मायाराम,अनूप कुमार वर्मा,राम दुलारे गौतम,विश्राम,नीशू गुप्ता,शेजल यादव,निशा यादव,आराध्या यादव,सुशीला,सोनी वर्मा,शशि वर्मा,सारिका वर्मा,निधि कुमारी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ मेधावियों ने एक दूसरे को लड्डू व केक खिलाकर जश्न मनाया।

डीएम साहब : सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा हटवाकर तालाब और रास्ता मुक्त कराये ?

बाराबंकी।असंद्रा थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर गांव के ही एक व्यक्ति पर रास्ता बाधित करने व तालाब की भूमि पर ईंट बिछा कर कब्जे का गंभीर आरोप लगाया है, असंद्रा थाना परिसर के करीब मौजूद गांव शेषपुर जाहिद अली निवासी आशीष तिवारी ने जिलाधिकारी बाराबंकी को लिखित शिकायत पत्र देते हुए गुहार लगाई कि गांव के ही राकेश मिश्रा ने बंजर की जमीन पर घोषित सार्वजनिक रास्ते पर शौचालय निर्माण कर कब्जा कर लिया है और साथ ही तालाबी रक्बे पर भी पक्की ईंट बिछवाकर कब्जा कर रखा है, आशीष के आरोपों की माने इस संबंध में पहले भी कई बार प्रशासन को सूचित किया है किंतु लेखपाल व कानूनगो से मिलीभगत कर झूठी आख्या लगवा दी जाती है,जब इस प्रकरण में राकेश मिश्रा से दूरभाष पर बात करने की कोशिश की गई तो संपर्क स्थापित नही हो पाया, जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ को जांच सौंपी गई है।

आमने-सामने से भिड़ी दो बाईक,एक की मौत दो की हालत नाजुक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी ।कोठी थाना क्षेत्र में दो बाइकों में आमने-सामने हुई भिड़ंत में एक की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना क्षेत्र के बरगदहा गांव निवासी मुलायम (30) पुत्र रामकिशन बाइक से भानमऊ के पास स्थित समोसरैंया गांव से अपने बहनोई सरवन और बहन मोहिनी को लेकर बाइक से अपने घर जा रहे थे। तभी भानमऊ गंगागंज रोड पर भुलभुलिया गांव के पास भानमऊ की तरफ से आ रही दूसरी बाइक से जोरदार टक्कर हो गई जिसमें तीनों लोग घायल हो गए । आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी कोठी में भर्ती कराया जहां बाइक चालक मुलायम को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया । पति पत्नी सरवन व मोहिनी की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जाता है कि मृतक हेलमेट नहीं लगाये था। हादसा करने वाले बाइक चालक बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए।इंस्पेक्टर कोठी संतोष सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के भेजा गया है। हादसा मरने वाले बाइक चालकों की पहचान की जा रही है।

अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा के साथ करें मतदान कार्मिक: जिला निर्वाचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि किसी भी चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका मतदान कार्मिकों की होती है । सभी मतदान कार्मिक प्रशिक्षण के तहत जो भी सूचनाएं और जानकारियां दी जा रही हैं उनको कंठस्थ कर ले , जिससे मतदान प्रक्रिया के दौरान कोई भी गलती न हो। उन्होंने कहा कि कुछ चीजे हमें बहुत छोटी मालूम होती है, लेकिन निर्वाचन के दौरान वही गलतियां बहुत बड़ी साबित होती है । इसीलिए धैर्य से और पूर्ण मनोयोग के साथ समस्त मतदान कार्मिक प्रशिक्षण प्राप्त करें।

उक्त बातें जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार झा ने जीआईसी ऑडिटोरियम में चल रहे मतदान कार्मिक के प्रशिक्षण के दौरान अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि निर्वाचन को निष्पक्ष , शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराएं, इसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है । सभी मतदान कार्मिक अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा के साथ करें। यदि किसी कार्मिक को कोई शंका या समस्या होती है तो वह तत्काल अपने मास्टर ट्रेनर से उसका समाधान पूछ सकते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कोई भी गलती क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने प्रशिक्षण सत्र में गैरहाजिर मतदान कार्मिक के विरुद्ध एफआईआर करने के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह ने मतदान कार्मिको को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्मिक लोकसभा चुनाव में निर्भीक होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। प्रशिक्षण सत्र में जो भी बातें आप सभी को बताई जा रही हैं, उनको बारीकी से समझते रहे।

प्रशिक्षण के दौरान विकास अधिकारी अ.सुदन परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, जिला प्रशिक्षण अधिकारी गरीमा सिंह सहित अन्य अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

वार्ड स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए भाजपा की वार्ड स्तरीय बैठकें, विधायक राजेश्वर सिंह ने की अध्यक्षता

लखनऊ सरोजनीनगर । यह चुनाव विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ने और गुलामी की मानसिकता की ओर वापस ले जाने के विरुद्ध चुनाव है, यह श्यामाप्रसाद, दीनदयाल और अटल के आदर्शों और विभाजनकारी ताकतों के बीच का चुनाव है। ये मोदी - योगी के सशक्त, सक्षम व स्वच्छ नेतृत्व और भ्रष्टाचार, परिवारवाद से पोषित नेतृत्व के बीच चुनाव है। मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र में चुनावी पारे को बढ़ाते हुए ये बातें कही हैं सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने, मौका था विद्यावती तृतीय वार्ड में आयोजित भाजपा की वार्ड स्तरीय संगठन बैठक का।सोमवार को खजाना मार्केट स्थित कृष्णा धाम में आयोजित विद्यावती तृतीय वार्ड की बैठक की अध्यक्षता सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने की। वार्ड की संगठन बैठक को संबोधित करते हुए नए जोश और ऊर्जा से लबरेज नजर आए विधायक ने कार्यकर्ताओं में जोश का संचार करते हुए कहा कि भाजपा का बूथ अध्यक्ष सबसे महत्वपूर्ण है, बूथ अध्यक्ष ही मोदी-योगी सरकार की योजनाओं का ध्वजवाहक है।इस दौरान डॉ. सिंह ने भी बूथ अध्यक्ष पद ग्रहण करते हुए बूथ अध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन करने ऐलान किया, सरोजनी नगर विधायक ने बूथ अध्यक्षों, पन्ना प्रमुखों, सेक्टर संयोजकों बूथ संचालन समिति के सदस्यों से सीधा संवाद किया, प्रत्येक मतदाता तक भाजपा के संकल्पों को ले जाने और प्रत्येक वोटर को मतदान केंद्र तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा की।विद्यावती तृतीय वार्ड के बाद विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने नारायणी गेस्ट हाउस, सेक्टर - 5 वृंदावन योजना में आयोजित खरिका द्वितीय वार्ड की संगठन बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान डॉ. सिंह ने कहा कि यह चुनाव देश की सुरक्षा, समृद्धि, जन-जन की खुशहाली और श्रद्धा के सम्मान का चुनाव है। राम मंदिर निर्माण की 500 वर्षों की तपस्या पूरी हुई, मथुरा, काशी, विंध्याचल धाम को भव्य स्वरूप मिल रहा। नारीशक्ति वंदन अधिनियम से मातृशक्ति को सम्मान मिला, भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं, आतंकवाद, नक्सलवाद, माओवाद का अंत हुआ। यह चुनाव विकसित भारत की नींव मजबूत करेगा, भारत को आर्थिक, सैन्य एवं सांस्कृतिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करेगा।

धोखाधड़ी के शिकार हुए युवक की मदद को उतरे जर्नलिस्ट शिवदान सिंह, विकास पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेही घाट बाराबंकी। बिस्कुट पैकिंग के लिए एमपी से लेकर आये एक व्यक्ति को गौशाला के काम में लगाया गया।15 दिन काम करने के बाद किसी तरह गौशाला से भागे व्यक्ति की हालत पागलों की तरह हो गई थी,जिसे देवीगंज चौराहे पर दिपांशु सिंह ने मदद किया।

मध्यप्रदेश के खवासा बार्डर के कुराई गांव निवासी मनीष पटेल को आज से 15 दिन पहले उसके गांव से एक ब्यक्ति ने मे पारले जी की पैकिंग के लिए बाराबंकी लाया था,जहा पर उसको पारले जी की फैक्ट्री के बजाय एक गौशाला में लगवा दिया,जहाँ से 15 दिन बाद वह ब्यक्ति किसी तरह भाग कर लोगो से से मदद लेते हुए देवीगंज चौराहा पहुचा।जहाँ पर उनकी मुलाकात दीपांशु सिंह से हुई,मनीष पटेल ने अपनी सारी समस्याएं उनको बताया जिस पर दिपांशु ने स्थानीय दुकानदार अंकित सिंह,विमल गुप्ता, सुनील जायसवाल,विकास पाठक आदि लोगो से मदद की बात कही,उक्त लोगो ने तुरंत उस ब्यक्ति की नहाने खाने के साथ कपड़े और चप्पल की ब्यवस्था किया।उस ब्यक्ति ने सभी लोगो का धन्यवाद करते हुए बताया कि मैं मध्यप्रदेश राज्य का निवासी हूं,जहाँ से किसी प्रभाकर नाम के ब्यक्ति ने पारले जी की फैक्टी में पैकिंग के कार्य करने के लिए लाया गया था,लेकिन वहाँ पर मुझे एक तबेला में कार्य करवाने लगे जहाँ से 15 दिन बाद गौशाला के एक अन्य वर्कर ने हमको वहाँ से चुपचाप निकाल दिया जहाँ से मैं लोगो से मदद लेते हुए यहाँ पहुँचा।

सलेमपुर में बिल्डर पर सरकारी जमीनें कब्जा कर प्लाटिंग का भाकियू ने लगाया आरोप

लखनऊ मोहनलालगंज।मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र की गांवो में बिल्डर बेशकीमती सरकारी जमीनो पर कब्जा करने से बाज नही आ रहे है ओर तहसील प्रशासन अवैध कब्जे की शिकायतो पर कार्यवाही की बजाय हाथ पर हाथ धरे बैठा है,तहसील प्रशासन की कार्यशैली से नाराज भाकियू टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष आलोक वर्मा व मंडल उपाध्यक्ष दिलराज सिंह ने पदाधिकारियो के साथ उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा से उनके कार्यालय में मिलकर सलेमपुर ग्राम में गांटा स0-1424,1422,1423,1410,1415 समेत अन्य सरकारी जमीनो पर सारथी इंफ्रा होम्स कन्स्टक्शन प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के मालिको पर राजस्व कर्मियो की मिलीभगत से कब्जा कर प्लाटिंग करने का आरोप लगाते हुये पूर्व में कई शिकायती पत्र देने के बाद भी उक्त सरकारी जमीनो से अवैध कब्जा ना हटाने जाने का आरोप लगाया है।वही दूसरी शिकायत भौदरी में किसान की कब्जे वाली कृषि वाली जमीन पर कुछ लोगो पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया।

हमारे लिये गौरव का विषय, शिखर पर चमक रहे हैदरगढ़ के मेधावी : आलोक तिवारी

प्रकाश इंटर कालेज में मेधावी सम्मान समारोह में चेयरमैन ने किया टॉपरों को सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। प्रतिभाएं संसाधनों की मोहताज नही होती आप जो भी काम करे लगन और जिम्मेदारी के साथ करे , सफलता आपके कदम जरूर चूमेंगी उक्त बात नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने प्रकाश इंटर कालेज में मेधावियों को सम्मानित करते हुए कही । बताते चले कि आज कस्बा हैदरगढ़ के प्रकाश इंटर कालेज में मेधावियों का सम्मान समारोह का आयोजन प्रबन्धक पंकज यादव द्वारा किया गया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा बच्चो में शिक्षा को लेकर जागरूकता आयी है ग्रामीण अंचलों से भी निखर कर प्रतिभाएं विश्व पटल पर चमक रही है । हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने प्रत्येक मेधावियों को मेडल प्रतीक चिन्ह एवं उपहार द्वारा सम्मानित किया गया इस सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से राजकुमार सोनी विद्यालय के प्रबंधक राम प्रकाश यादव(बाबूजी) संरक्षक पंकज यादव व प्रधानाचार्य पी0एन0पाण्डेय सहित विद्यालय के प्रवक्ता सौरभ दीक्षित, अतुल शुक्ला ,अरुण यादव, डॉक्टर अंकुर त्रिपाठी, पी0एन0टी0सर अनुराग पाण्डेय, ललित मिश्रा ,दीपचंद शर्मा, अरूण शर्मा, अरविन्द यादव, भाजपा नेता रानू सोनी विजय शंकर, गौरव सिंह, कुलदीप शर्मा,रामसमुझ वन्दना श्रीवास्तव,व समस्त अध्यापक गढ़ उपस्थित रहे।

भाकियू जिलाध्यक्ष ने एसीपी मोहनलालगंज पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप

लखनऊ मोहनलालगंज।भाकियू टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष ने मोहनलालगंज एसीपी पर सोमवार को किसानो की पुलिस से जुड़ी समस्याओ को लेकर कार्यालय में मिलने जाने पर उनके व किसान नेताओ के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुये पुलिस कमिश्नर को लिखित शिकायती पत्र भेजकर नाराजगी जताते हुये एसीपी का स्थानांतरित किये जाने की मांग की है ओर मांग पूरी ना करने पर पुलिस कमिश्नर कार्यालय का घेराव किये जा?ने की चेतावनी भी दी हैं।भाकियू टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष आलोक वर्मा ने बताया सोमवार की सुबह किसानो की पुलिस से जुड़ी समस्याओ को लेकर संगठन के पदाधिकारियो के साथ एसीपी मोहनलालगंज से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे थे,जैसे ही एसीपी से मिलने उनके आफिस के अंदर जाने लगे,किसान नेताओ को देख वो भड़क गये ओर बोले मेरा कार्यालय है कोई जनता दरबार नही इतने लोग क्या करने आये हो जिसका काम हो बस वही आकर मिले।

छात्राओं ने हथेली पर मेंहदी से उकेरे मतदान के प्रति जागरूक करने के सन्देश

जीजीआईसी देवा में मतदाता जागरूकता की अनोखी पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार झा के कुशल निर्देशन में एवं प्रधानाचार्य डॉ.सुविद्या वत्स के नेतृत्व में सोमवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा, बाराबंकी की शिक्षिकाओं के सहयोग से छात्राओं ने अपनी हथेली पर मेंहदी से स्लोगन सन्देश उकेर कर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया।

छात्राओं की इस अनोखी पहल की सभी सराहना कर रहे हैं और आने वाली 20 मई को मतदान करने के लिये संकल्प ले रहे है। छात्राओं ने अपने हाथों में सुंदर व आकर्षक डिजाइन में मेंहदी से स्लोगन बनाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। आने वाली 20 मई, सही समय, मनचाही सरकार चुने, मत प्रतिशत तभी बढ़ेगा, जब बाराबंकी मतदान करेगा। आओ मतदान करें आदि अनेक स्लोगन बनाकर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। साथ ही विश्व पृथ्वी दिवस कार्यक्रम मनाया गया और पौध रोपण भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ.सुविद्या वत्स, शिक्षिका अनामिका वर्मा, अंजू रानी, शीतल, नीरज, ललिता, रचना सान्याल, कुमारी सुनीता वर्मा आदि शिक्षिकाएं और सैकड़ो छात्राएं उपस्थित रही।

सहजता की प्रतिमूर्ति राजकुमार रत्नाकर पंचतत्व में विलीन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। रामनगर स्टेट के राजकुमार कुंवर रत्नाकर सिंह 61 वर्ष का लंबी बीमारी के चलते रविवार को निधन हो गया। उनके निधन का खबर से रामनगर सहित समूचे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई। सांत्वना देने वालों का रामनगर रियासत में तांता लग गया। स्वर्गीय कुंवर को मुखाग्नि उनके नाती बृजेश्वरपाल सिंह ने दी। आपको बता दें कुंवर रत्नाकर सिंह पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश दिग्विजय सिंह दामाद थे । उनके अंतिम संस्कार में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह,सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द कुमार सिंह गोप,बाराबंकी भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत,पूर्व सांसद पीएल पुनिया, पूर्व विधायक रामनगर शरद कुमार अवस्थी,एमएलसी अंगद सिंह,पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह,कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया,रामनगर चेयरमैन रामशरण पाठक,ग्राम पंचायत सदस्य महासभा उत्तर प्रदेश के मुख्य संगठन मंत्री ध्रुव कुमार सिंह, शिवा सिंह राठौर,सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज,कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन,पूर्व चेयरमैन बद्री विशाल त्रिपाठी, रामनगर बार एसोसिएशन महामंत्री रामनगर शिवकुमार सिंह,अधिवक्ता दक्षराज सिंह,पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह,भानू प्रताप सिंह,सपा नेता प्रभात सिंह,शीतला बक्श सिंह,मनोज सिंह,सूरतगंज भाजपा मंडल मंत्री राजीव शुक्ला राजू,प्रेम सिंह बाबा,पप्पू बनरकी,मनीष सिंह,पूर्व सभासद रामनगर पवन ओझा,दयाशंकर तिवारी,विवेक सिंह, मोनू सिंह,सुधाकर सिंह,विवेक सिंह,

राम मोहन शुक्ला,टिंकू तिवारी, राजेश शुक्ला, इसरार खान, रियाज अहमद शिव कैलाश गौतम रमेश राठौड़ के साथ कई गंगवल बहराइच,राजस्थान सहित कई रियासतों के राजाओं सहित दूसरे प्रदेशों के लोगों के साथ इलाके के हजारों लोग मौजूद रहे। स्वर्गीय श्री सिंह का व्यवहार आमजनमानस में देखने को मिला लोगों ने गमगीन माहौल में उन्हे अंतिम विदाई दी। स्वर्गीय श्री सिंह सरल स्वभाव व मृदुभासी होने के चलते जनमानस में बहुत ही लोकप्रिय थे। गरीबों मजलूमों व बेसहारा लोगों की मदद में आगे रहते थे। उनके अंतिम संस्कार के दौरान लोग उनके सहज स्वभाव की चर्चा करते गम में डूबे नजर आए।

अपने गढ़ में चेपॉक स्टेडियम पर लखनऊ से बदला चुकता करने उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स

एजेंसी

चेन्नई। गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था। केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिये रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाये हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी

और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का फॉर्म चिंता का विषय है। चेन्नई ने अजिंक्य रहाणे को पारी का आगाज करने भेजा जिसकी वजह से गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतरे। सलामी बल्लेबाज के तौर पर तीन अर्धशतक जमाने के बाद गायकवाड़ के सामने यह दुविधा होगी कि वह तीसरे नंबर पर खेलें या फिर से पारी का आगाज करें। रविंद्र जडेजा भी अर्धशतक जड़ चुके हैं जिससे मोईन अली और महेंद्र सिंह धोनी को आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी का मौका मिला। चेन्नई को उम्मीद होगी कि उसका शीर्षक्रम एक बार फिर रन बंटोरकर बड़े स्कोर की नींव रखेगा। चेन्नई के गेंदबाजों में मथीषा पथिराना सर्वश्रेष्ठ रहे हैं लेकिन तेज गेंदबाजों दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुस्ताफिजूर रहमान से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी । बायें हाथ के स्पिनर जडेजा को गेंदबाजी में बेहतर करना होगा। लखनऊ के लिये बल्लेबाजी चिंता का सबब है लेकिन उन्होंने साबित कर दिया है कि शीर्षक्रम के चलने पर वे क्या कर सकते हैं। राहुल और डिकॉक फॉर्म में हैं और उन्हीं पर यहां सबसे ज्यादा रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। निकोलस पूरन ने जरूरत पड़ने पर हमेशा रन बनाये हैं और लखनऊ की उम्मीदें उन पर भी टिकी होंगी। गेंदबाजी में लखनऊ को युवा तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव की वापसी की उम्मीद होगी जो पेट के निचले हिस्से में खिंचाव के कारण दो मैचों में बाहर रहे। तेज गेंदबाज मोहसिन खान और यश ठाकुर ने चेन्नई को कम स्कोर पर रोकने की कोशिश की लेकिन आखिरी ओवरों में धोनी के बल्ले से निकले आतिश को नहीं रोक सके। मैट हेनरी को लखनऊ के लिये पदार्पण पर विकेट नहीं मिल सके और वे खुद को साबित करना चाहते होंगे।

लखनऊ सुपर जाइंट्स: केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

चेन्नई सुपरकिंग्स: महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए सैम करन पर लगा मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

एजेंसी

नई दिल्ली। पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन पर पीसीए न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर में रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से रविवार देर रात जारी एक बयान में कहा गया, ल्लकरन ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में पंजाब किंग्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 142 रनों पर सिमट गई। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 21 गेंदों पर 3 चौकों और इतने ही छक्कों की बदौलत 35 रन बनाए। प्रभसिमरन के अलावा कप्तान सैम

करन ने 20 और हरप्रीत बरार ने 29 रन बनाए। गुजरात के लिए साई किशोर ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए अपने 4 ओवर में 33 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं मोहित शर्मा ने और नूर अहमद ने 2-2 व राशिद खान ने 1 विकेट लिया। जवाब में गुजरात की टीम ने 19.1 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 146 रन बनाकर मैच जीत लिया। गुजरात के लिए राहुल तेवतिया ने 18 गेंदों पर 7 चौकों की बदौलत 36 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तेवतिया के अलावा कप्तान शुभमन गिल ने 35 और साई सुदर्शन ने 31 रन बनाए। पंजाब की ओर से हर्षल पटेल ने 3, लियाम लिविंगस्टोन ने 2 अर्शदीप सिंह और सैम करन ने 1-1 विकेट लिया।

धीमी ओवर गति के कारण आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर लगा जुर्माना

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर रविवार को ईडन गार्डन्स, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण जुर्माना लगाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) द्वारा रविवार देर रात जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ल्लआरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर 21 अप्रैल, 2024 को ईडन गार्डन्स, कोलकाता में केकेआर के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 36वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है। चूँकि न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीज़न का पहला अपराध था, डु प्लेसिस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। मैच की बात करें तो केकेआर ने इस बेहद रोमांचक मुकाबले में आरसीबी को 1 रन से हरा दिया।

गुकेश ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता, विश्व शतरंज चैम्पियनशिप के इतिहास में सबसे कम उम्र के चैलेंजर बने

एजेंसी

टोरंटो। भारत के 17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व खिताब के सबसे कम उम्र के दावेदार बन गए, उन्होंने 40 साल पहले महान गैरी कास्परोव द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ दिया। गुकेश ने 14वें और अंतिम राउंड में अमेरिकी हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला और टूर्नामेंट में संभावित 14 में से नौ अंकों के साथ समापन किया, जो विश्व चैंपियन के लिए चुनौती तय करने के लिए आयोजित किया जाता है। यह जीत गुकेश को साल की आखिरी तिमाही में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ मुकाबले का हकदार बनाती है। चेन्नई के इस किशोर ने कास्पारोव के रिकॉर्ड को काफी हद तक बेहतर कर दिया, क्योंकि रूस के कास्परोव जब 22 साल के थे जब उन्होंने 1984 में हमवतन अनातोली कारपोव के साथ भिड़ने के लिए क्वालीफाई किया था। गुकेश ने 88,500 यूरो (लगभग 78.5 लाख रुपये) का नकद पुरस्कार भी जीता। उम्मीदवारों की कुल पुरस्कार राशि 5,00,000 यूरो थी। वह महान विश्वनाथन आनंद के बाद यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे भारतीय बने। पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद ने 2014 में यह टूर्नामेंट जीता था।। पांच बार के विश्व शतरंज चैम्पियन विश्वनाथन आनंद ने सोमवार की सुबह सोशल मीडिया एक्स पर गुकेश को शुभकामनाएं दीं। आनंद ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''डी गुकेश को सबसे कम उम्र के चैलेंजर बनने के लिए बधाई। आपने जो किया है उस पर वाका शतरंज परिवार को बहुत गर्व है। आपने जिस तरह से खेला और कठिन परिस्थितियों को संभाला, उस पर मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत गर्व है। इस पल का आनंद लें।

मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था: मरीना लालरामनघाकी

एजेंसी

नई दिल्ली। मिजोरम की युवा और ऊर्जावान मिडफील्डर मरीना लालरामनघाकी ने हाल ही में 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम के कोर ग्रुप में जगह बनाई है, जो वर्तमान में बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में प्रशिक्षण ले रही है। हॉकी मिजोरम की 22 वर्षीय मिडफील्डर मरीना ने पुणे में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने तीन गोल किए और इस तरह मैदान पर अपनी चपलता और रणनीतिक खेल से सबका ध्यान आकर्षित किया। मरीना ने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2021 और 2019 में ऑस्ट्रेलिया में अंडर-21 तीन राष्ट्रों के आमंत्रण टूर्नामेंट में देश का प्रतिनिधित्व किया। अपने चयन पर मरीना ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ''जब मुझे कोर ग्रुप में मेरे चयन की खबर मिली तो मैं

खुशी से अभिभूत हो गई। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा क्षण था, और मेरी आँखों में खुशी के आँसू भर आए। मेरी क्षमताओं और सफल परीक्षणों ने मेरे विश्वास की पुष्टि की। आगामी टूर्नामेंटों पर नजर रखते हुए, मरीना आगे की चुनौतियों के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, ''मेरा अंतिम लक्ष्य 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम की सफलता में योगदान देना है। हालांकि, वर्तमान में, मेरा ध्यान भारतीय टीम में जगह बनाना है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने और अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। हॉकी में मरीना का सफर 10 साल की उम्र में स्कूल के दिनों से शुरू हुआ। उनकी प्रतिभा को जल्द ही पहचाना गया, जिससे उनका चयन मिज़ोरम के थेनज़ॉल में साई महिला हॉकी अकादमी में हो गया।

केकेआर ने सीएसके और हैदराबाद के साथ की सर्वाधिक 220 स्कोर बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच के दौरान, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सनराइजर्स हैदराबाद के सर्वाधिक 220 का स्कोर बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। तीनों ही टीमों ने 3-3 बार 220 का स्कोर बनाया है। विल जैक्स और रजत पाटीदार की शतकीय साझेदारी के बावजूद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को रविवार को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ सिर्फ एक रन से हार का सामना करना पड़ा। आरसीबी के खिलाफ आईपीएल 2024 के 36वें मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली केकेआर ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 222 रन बनाए, जो आरसीबी के खिलाफ केकेआर का संयुक्त उच्चतम स्कोर है, इससे पहले केकेआर ने 2008 में शुरुआती आईपीएल मैच में आरसीबी

के खिलाफ 3 विकेट पर 222 रन बनाए थे। इसके अलावा 222 रनों के स्कोर के साथ केकेआर ने आईपीएल के इतिहास में सीएसके और एसआरएच के साथ तीन बार 220 रन बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। अन्य दो मौके जिन पर केकेआर ने 220 रन बनाए हैं, वे आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ थे, जहां उन्होंने 272/7 रन बनाए थे और दूसरा मौका 2013 में था, जहां नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ 223/6 रन बनाए थे। सीएसके की टीम भी तीन मौकों पर 220 रन बनाने में भी सफल रही है। सीएसके ने सबसे पहले आईपीएल 2010 में राजस्थान के खिलाफ 5 विकेट पर 246 रन बनाए थे, इसके बाद 2008 में पंजाब किंग्स के खिलाफ 5 विकेट पर 240 रन और इसके बाद 2023 में आरसीबी के खिलाफ 6 विकेट पर 226 रन बनाए थे। हैदराबाद एक अन्य टीम है, जिसने तीन बार 220 स्कोर करने की उपलब्धि हासिल की है। हैदराबाद ने तीनों ही बार आईपीएल के मौजूदा 17वें संस्करण में यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 287, मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 266 रन बनाए हैं। आरसीबी-केकेआर के बीच रविवार को खेले गए मैच की बात करें तो केकेआर ने इस बेहद रोमांचक मुकाबले में आरसीबी को 1 रन से हरा दिया। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर (50 रन) के अर्धशतक और फिल सॉल्ट (48), रिंकू सिंह (24), आंद्रे रसल (नाबाद 27) और रमनदीप सिंह (नाबाद 24) की तेज पारियों की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट पर 222 रन बनाए।

इरडा का बड़ा ऐलान, अब 65 की उम्र के बाद भी खरीद सकेंगे हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी

एजेंसी

नई दिल्ली। बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडा ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है। स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) का लक्ष्य एक अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करता है। पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। हालिया

गजट अधिसूचना में इरडा ने कहा, 'बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी अन्य समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं। इसके अलावा, बीमाकर्ताओं को पहले से किसी भी प्रकार की चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है। नतीजतन, बीमाकर्ताओं को कैंसर, हृदय या गुर्दे की विफलता और एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से मना करने से प्रतिबंधित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार, बीमाकर्ताओं को पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए किस्तों में प्रीमियम भुगतान की पेशकश करने की अनुमति है। यात्रा पॉलिसियां केवल सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा ही पेश की जा सकती हैं। इसमें कहा गया है कि आयुष उपचार कवरेज पर कोई सीमा नहीं है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी प्रणालियों के तहत उपचार को बिना किसी सीमा के बीमा राशि का कवरेज मिलेगा। अधिसूचना में कहा गया कि लाभ-आधारित बीमा वाले पॉलिसीधारक विभिन्न बीमाकर्ताओं के साथ लचीलेपन और विकल्पों को बढ़ाते हुए कई दावे कर सकते हैं।

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ–साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :–

04017/04018 आनन्द विहार टर्मिनल – शहीद कप्तान तुषार महाजन – आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 20 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04017		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04018	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	23:55	आनन्द विहार टर्मिनल	05:00	--
12:40	--	शहीद कप्तान तुषार महाजन	--	15:55

चलने की तिथि : 04017 आनन्द विहार टर्मिनल से दिनांक 26.04.2024 से 28.06.2024 (शुक्रवार) तक एवं **04018 शहीद कप्तान तुषार महाजन** से दिनांक 27.04.2024 से 29.06.2024 (शनिवार) तक।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मुज्जफरनगर, सहरानपुर, यमुनानगर जगादरी, अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट एवं जम्मू तवी स्टेशन।

04094/04093 आनन्द विहार टर्मिनल – पटना जं. – आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04094		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04093	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	23:55	आनन्द विहार टर्मिनल	14:00	--
16:45	--	पटना जं.	--	20:00

चलने की तिथि : 04094 आनन्द विहार टर्मिनल से दिनांक 29.04.2024 से 24.06.2024 (सोमवार) तक एवं **04093 पटना जं.** से दिनांक 30.04.2024 से 25.06.2024 (मंगलवार) तक।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.
ठहराव: कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. एवं दानापुर स्टेशन।

04096/04095 आनन्द विहार ट. – अयोध्या कैंट – आनन्द विहार ट. आरक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन) — 38 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04096		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04095	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	09:00	आनन्द विहार टर्मिनल	22:30	--
22:00	--	अयोध्या कैंट	--	09:00

चलने की तिथि : 04096 आनन्द विहार टर्मिनल से दिनांक 27.04.2024 से 29.06.2024 (शनिवार एवं सोमवार) तक एवं **04095 अयोध्या कैंट** से दिनांक 28.04.2024 से 30.06.2024 (रविवार एवं मंगलवार) तक।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान
ठहराव: गाजियाबाद, मुरादाबाद, बेरली एवं लखनऊ स्टेशन।

01083/01084 लोकमान्य तिलक टर्मिनस – गोरखपुर – लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01083		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01084	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	23:50	लोकमान्य तिलक ट.	00:25	--
04:20	04:30	लखनऊ	19:45	19:55
09:30	--	गोरखपुर	--	15:30

चलने की तिथि : 01083 लोकमान्य तिलक टर्मिनस से दिनांक 25.04.2024 एवं 30.04.2024 को एवं **01084 गोरखपुर** से दिनांक 27.04.2024 एवं 02.05.2024 को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: ठाणे, कल्याण जं., ईगतपुरी, नाशिक रोड, मनमाड़ जं., जलगांव जं, भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

01085/01086 लोकमान्य तिलक टर्मिनस – गोरखपुर – लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01085		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01086	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	23:50	लोकमान्य तिलक ट.	00:25	--
04:20	04:30	लखनऊ	19:45	19:55
09:30	--	गोरखपुर	--	15:30

चलने की तिथि : 01085 लोकमान्य तिलक टर्मिनस से दिनांक 26.04.2024 एवं 01.05.2024 को एवं **01086 गोरखपुर** से दिनांक 28.04.2024 एवं 03.05.2024 को।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: ठाणे, कल्याण जं., ईगतपुरी, नाशिक रोड, मनमाड़ जं., जलगांव जं, भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

08479/08480 पुरी – नई दिल्ली – पुरी ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

रेलगाड़ी सं. 08479		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 08480	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	08:45	पुरी	07:45	--
18:30	--	नई दिल्ली	--	21:30

चलने की तिथि : 08479 पुरी से दिनांक 30.04, 07.05, 14.05, 21.05, 28.05, 04.06, 11.06, 18.06 एवं 25.06.2024 को एवं **08480 नई दिल्ली** से दिनांक 01.05, 08.05, 15.05, 22.05, 29.05, 05.06, 12.06, 19.06 एवं 26.06.2024 को।
स्थान: प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: साक्षीगोपाल, खोरधा रोड़, भुवनेश्वर, कटक, जखपुरा, हरिचन्दनपुर, केन्दुझरगढ़, बांशपानी, डांगोवापोसी, चाईबासा, चाण्डिल जं., मूरी जं., बोकारो स्टील सिटी, राजाबेड़ा, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो, कोडरमा जं., गया, सासाराम जं, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल एवं टुंडला स्टेशन।

04656/04655 जम्मू तवी – उदयपुर सिटी – जम्मू तवी गरीब रथ एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 20 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04656		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04655	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	05:20	जम्मू तवी	15:10	--
07:30	--	उदयपुर सिटी	--	14:05

चलने की तिथि : 04656 जम्मू तवी से दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (गुरूवार) तक एवं **04655 उदयपुर सिटी** से दिनांक 26.04.2024 से 28.06.2024 (शुक्रवार) तक
स्थान: 3 टियर वाता., वाता. कुर्सीयान
ठहराव: पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, धूरी, जाखल, हिसार, भिवानी, रिवाड़ी, अलवर, बाँदीकुई, जयपुर, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, बिजयनगर, मांडल, भीलवाड़ा, चन्देरिया, बेड़च, मावली एवं राणा प्रताप नगर स्टेशन।

09424 सुल्तानपुर जं. – साबरमती स्पेशल रेलगाड़ी (अनारक्षित) — 01 फेरा

स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01084	
	आगमन	प्रस्थान
साबरमती	07:00	--
सुल्तानपुर जं.	--	05:00

चलने की तिथि : 09424 सुल्तानपुर से दिनांक 23.04.2024 (मंगलवार) को
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, टुंडला जं., आगरा फोर्ट, अछनेरा जं., भरतपुर जं., बाँदीकुई, जयपुर, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिण्डवाड़ा, आबूरोड, पालनपुर, जं., एवं महेसाना जं. स्टेशन।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1204/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हमारी बढ़त से परेशान विपक्षी दल तुष्टिकरण का सहारा ले रहे : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की करीब 400 सीट पर जीत तय होने के बाद विपक्षी दलों ने तृष्टिकरण की राजनीति, हिंदू विरोधी एजेंडे और राष्ट्र विरोधी ताकतों से हाथ मिलाना शुरू कर दिया है।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कर्नाटक में कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ (23) की हत्या का हवाला दिया और दावा किया कि राज्य सरकार आरोपियों के धर्म के कारण उचित कार्रवाई नहीं कर रही है। कॉलेज परिसर में कथित तौर पर पीड़िता की चाकू से गोदकर हत्या करने के आरोपी फैयाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। भाटिया ने कहा कि निरंजन हिरेमथ ने कहा है कि उन्होंने पुलिस को आठ लोगों के नाम दिए थे जो कथित तौर पर उनकी बेटी की हत्या में शामिल थे लेकिन उनमें से किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया है और सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) को मामले की जांच करनी चाहिए। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया, ''उनके पिता खुद कह रहे हैं कि उनका पुलिस पर से भरोसा उठ गया है लेकिन मुख्यमंत्री सिद्धरमैया आरोपियों

को बचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात की, लेकिन राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा या मुख्यमंत्री जैसे किसी भी वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने उनसे मुलाकात नहीं की। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि रामनवमी जुलूस के दौरान 'जय श्री राम' का नारा लगाने वाले कुछ लोगों की पिटाई की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक में ''जंगल राज'' है। भाटिया ने आरोप लगाया ''लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना से प्रेरित लगता है क्योंकि यह पर्सनल लॉ को मजबूत करने की बात करता है। उन्होंने सवाल किया कि क्या तीन तलाक (तलाक ए बिद्दत)को दोबारा बहाल किया जाएगा जिसे (प्रधानमंत्री नरेन्द्र)मोदी सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया है और दंडनीय अपराध बना दिया है? भाटिया ने कांग्रेस की उसके नेता पी.चिदंबरम के उस बयान के लिए आलोचना की जिसमें कहा गया कि 'इंडिया' गठबंधन के सत्ता में आने पर नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को रद्द कर दिया जाएगा। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि चुनाव के दौरान भाजपा की बढ़त और राजग की करीब 400 सीट पर जीत स्पष्ट होने के बाद विपक्ष, खासतौर पर कांग्रेस हताश हो गई है।

दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ कर फेंक देंगे : शाह

एजेंसी

जगदलुपर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज कहा कि जब तक नक्सलवाद है, तब तक सुख सुविधाएं नहीं पहुँच सकतीं और नक्सलवादी अगर आत्मसमर्पण करने के लिए ना समझे तो वे जान लें कि दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंक दिया जाएगा।

श्री शाह बस्तर संभाग के कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने

कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, जिससे भारत दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाए। पिछले दस साल में देश में बड़ा परिवर्तन हुआ है। उन्होंने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस को राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर निमंत्रण पत्र भेजा गया, लेकिन वे राम के दरबार में नहीं आए । श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि कश्मीर का बाकी राज्यों से क्या लेना देना, उन्हें पता नहीं है कि छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जैसे आतंकवाद को समाप्त किया, वैसे ही नक्सलवाद के समाप्त कर रहे हैं। पिछले चार महीने में 90 से ज्यादा नक्सली मारे गए और 250 ने आत्मसमर्पण किया। दो साल के अंदर छत्तीसगढ़ से नक्सलियों को उखाड़ फेंकेंगें। उन्होंने बचे हुए नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने की सलाह देते हुए चेतावनी दी कि अन्यथा वे लड़ाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि जल, जंगल जमीन के साथ आदिवासियों की सुरक्षा के साथ सम्मान की गारंटी भी प्रधानमंत्री श्री मोदी देते हैं। संसाधन पर पहला हक आदिवासियों और गरीबों का है, पर कांग्रेस की सोच इससे अलग है।

इंसुलिन देने को लेकर अदालत को ईडी कर रही गुमराह : आप

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन न मिले इसलिए जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और तिहाड़ प्रशासन अदालत को गुमराह कर रही है।

आप की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने सोमवार को कहा कि श्री केजरीवाल को इंसुलिन न मिले इसलिए ईडी और तिहाड़ प्रशासन अदालत को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ईडी और जेल प्रशासन ने अदालत में कहा कि उन्होंने श्री केजरीवाल को एम्स के डॉक्टर को दिखाया जो सरासर झूठ है। ईडी और तिहाड़ प्रशासन द्वारा अदालत में पेश होने तक श्री केजरीवाल का एम्स के किसी डायबटीज़ विशेषज्ञ से परामर्श नहीं लिया गया।

सुश्री आतिशी ने कहा कि 30 साल से गंभीर डायबटीज़ के मरीज की इन्सुलिन रोकने के लिए एम्स के एक सामान्य से डाइट चार्ट को अदालत में आधार बनाया गया। उन्होंने ईडी-तिहाड़ प्रशासन अदालत और पूरे देश को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। श्री केजरीवाल अपने डॉक्टर से बात न कर सके, इन्सुलिन न ले सके इसलिए यह पूरा षड्यंत्र रच जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईडी और तिहाड़ प्रशासन द्वारा अदालत में कहा गया था कि उन्होंने एम्स के डॉक्टरों से संपर्क किया, लेकिन हक़ीक़त यह है कि उन्होंने एम्स के किसी भी डॉक्टर से संपर्क नहीं किया। दुनियाभर में कोई भी डॉक्टर ऐसा नहीं होगा जो कहेगा कि ब्लड शुगर के 300 के पार पहुँचने के बाद बिना इन्सुलिन के उसे नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अदालत को गुमराह करने की कोशिश की जाती है, एम्स के डॉक्टरों का हवाला दिया जाता है और भाजपा कहती है कि श्री केजरीवाल को इंसुलिन की ज़रूरत नहीं है।

अगर आशीष मिश्रा सशरीर कार्यक्रमों में शामिल होते हैं तो यह जमानत शर्तों का उल्लंघन : न्यायालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि अगर केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा के पुत्र आशीष मिश्रा राजनीतिक कार्यक्रमों में सशरीर शामिल हो रहे हैं, तो यह उनकी जमानत शर्तों का उल्लंघन होगा। आशीष मिश्रा 2021 की लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के आरोपियों में से एक हैं, जिसमें आठ लोगों की जान चली गई थी।

उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल 25 जनवरी को आशीष मिश्रा को अंतरिम जमानत दी थी। सर्वोच्च अदालत ने निचली अदालत द्वारा आशीष मिश्रा पर लगाई गई अंतरिम जमानत शर्तों में ढील दी थी और उन्हें इस अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश या दिल्ली में नहीं रहने के लिए कहा था। यह मामला तीन अक्टूबर 2021 को हुई हिंसा से जुड़ा है जिसमें उत्तर प्रदेश के लखीमपुर

खीरी जिले के तिकुनिया में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की जब पीड़ितों में से एक की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया कि मिश्रा राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं और एक कार्यक्रम में 'ट्राइसाइकिल' बांट रहे थे। पीठ ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा, 'अगर वह सशरीर कार्यक्रमों में उपस्थित हो रहे हैं, तो निश्चित रूप से यह उल्लंघन है। भूषण ने दलील दी कि मिश्रा उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित जमानत शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि वह केवल मुकदमे की सुनवाई के लिए उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर सकते हैं। भूषण ने कहा, 'लेकिन उन्होंने हाल ही में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया है और उत्तर प्रदेश में ट्राइसाइकिल का वितरण किया है। मुझे नहीं मालूम कि इसकी अनुमति कैसे दी जा रही है। मैं एक हलफनामा दाखिल करूंगा और दस्तावेज पेश करूंगा। मिश्रा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे ने इस दलील का विरोध करते हुए कहा, 'मैं इतना मूर्ख नहीं हूं कि इस तरह स्वतंत्रता का उल्लंघन करूंगा। पीठ ने भूषण से अपने आरोपों को सत्यापित करने वाला हलफनामा दाखिल करने को कहा। हालांकि, उसने आज पारित आदेश में इस बारे में कुछ भी रिकॉर्ड पर नहीं रखा। पीठ ने सरकारी वकील और जिला पुलिस से गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने को भी कहा ताकि निचली अदालत का समय बर्बाद नहीं हो। सर्वोच्च अदालत ने आशीष मिश्रा को दी गई अंतरिम जमानत की अवधि फरवरी में बढ़ा दी थी और अपनी रजिस्ट्री से मामले की प्रगति पर निचली अदालत से रिपोर्ट प्राप्त करने को कहा था।

पिछले साल 26 सितंबर को, शीर्ष अदालत ने मिश्रा की जमानत शर्तों में ढील दी थी ताकि वह अपनी बीमार मां की देखभाल और अपनी बेटी के इलाज के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में रह सकें।

उच्चतम न्यायालय ने 14 साल की दुष्कर्म पीड़िता को दी गर्भपात की अनुमति

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने असाधारण परिस्थितियों और संबंधित मेडिकल रिपोर्ट के मद्देनजर एक 14 वर्षीया दुष्कर्म पीड़िता को उसके 30 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की सोमवार को अनुमति दे दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने पीड़िता की ओर से उसकी मां द्वारा दायर याचिका पर विचार के बाद संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत पूर्ण न्याय करने की अपनी शक्ति का इस्तेमाल करते हुए यह आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के चार अप्रैल 24 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें चिकित्सीय माध्यम से गर्भपात कराने की पीड़िता की याचिका खारिज कर दी गई थी।पीठ ने अपने फैसला सुनाते हुए कहा, ''मेडिकल बोर्ड ने स्पष्ट रूप से कहा है कि गर्भावस्था से उस? नाबालिग के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। पीठ ने अपना आदेश जारी करने के लिए 19 अप्रैल को इस अदालत के निर्देश पर मुंबई के सायन अस्पताल द्वारा गठित एक मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट पर भरोसा किया। शीर्ष अदालत ने सायन अस्पताल को निर्देश दिया कि वह नाबालिग के गर्भपात कराने के लिए चिकित्सकों की एक टीम गठित करे। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा कि मामले में प्राथमिकी 'मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट' के तहत निर्धारित 24 सप्ताह की अवधि के बाद दर्ज की गई थी। उस नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न किया गया था और इसके बाद वह गर्भवती हो गई।इस संबंध में 20 मार्च 24 को नवी मुंबई में एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी।

सात देशों के प्रतिनिधियों ने देखा भाजपा का प्रचार अभियान

नयी दिल्ली। भारत के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव प्रचार अभियान का प्रत्यक्ष अवलोकन एवं अध्ययन करने के लिए रूस एवं बंगलादेश सहित सात देशों के राजनयिकों का एक प्रतिनिधिमंडल राजस्थान में जोधपुर की तीन दिन की यात्रा पर आया है।

भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी डॉ. विजय चौथाईवाले ने यहां एक बयान में कहा कि भारत में विभिन्न मिशनों से राजनयिकों का सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान की प्रत्यक्ष जानकारी हासिल करने के लिए उद्देश्य से 22 से 24 अप्रैल, तक राजस्थान में जोधपुर की यात्रा पर रहेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में बंगलादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया, रूस और सूरीनाम के राजनयिक प्रतिनिधि शामिल हैं। डॉ. चौथाईवाले के अनुसार पहले भी इसी तरह के प्रतिनिधिमंडलों ने भाजपा के चुनाव प्रचार अभियानों के सफलतापूर्वक संचालन का अनुभव हासिल किया है। वर्ष 2022 के आखिर में हिमाचल प्रदेश और गुजरात में राज्य चुनावों के दौरान अभियान तथा नवंबर 2023 में मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी कई देशों के राजनयिक प्रतिनिधि 'भाजपा को जानो' पहल के तहत गये थे। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा पार्टी के 43वें स्थापना दिवस पर शुरू की गई ।

तानाशाह को बदलने से ही देश बचेगा: राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए उन्हें तानाशाह करार दिया और कहा कि बाबा साहेब का संविधान बदलने का प्रयास करने वालों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना ज़रूरी है। श्री गांधी ने कहा, ''तानाशाह की असली 'सूरत' एक बार फिर देश के सामने है। जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है। उन्होंने कहा, ''मैं एक बार फिर कह रहा हूं - यह सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है, संविधान की रक्षा का चुनाव है।''

युवा कांग्रेस ने बताया मोदी के बयानों को झूठ, किया विरोध-प्रदर्शन

नयी दिल्ली। युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयानों को झूठ का पुलिंदा करार देते हुए सोमवार को यहां विरोध-प्रदर्शन किया और कहा कि वह बौखलाहट में झूठ बोल रहे हैं। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि मोदी सरकार नफरत फैला रही है और देश का माहौल बिगड़ रही है। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने कहा कि हार की बौखलाहट के कारण खुलेआम प्रधानमंत्री नफरत का बीज बो रहे है। घबराहट में उनके झूठ का स्तर इतना गिर गया है कि वह अब जनता को मुद्दों से भटकाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''देश की 140 करोड़ जनता अब इस झूठ के झाँसे में नहीं आने वाली। हमारा घोषणापत्र हर एक भारतीय के लिए है। सबकी बराबरी की बात करता है। सबके लिए न्याय की बात करता है। भारत के इतिहास में किसी भी प्रधानमंत्री ने अपने पद की गरिमा को इतना नहीं गिराया, जितना मोदी जी ने गिराया है। श्री श्रीनिवास ने प्रधानमंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में कहीं भी 'हिंदू-मुसलमान' शब्द लिखा हो तो दिखा दें। यह चुनौती स्वीकार करें, या झूठ बोलना बंद कर दें।

पेज एक का शेष

देश पर माओवादी...

सीमा पर बम और गोलियां चलती थी और हमारे वीर सपूत शहीद होते थे। आज यह सब बंद हो गया। पहले आए दिन आतंकवादी बम फोड़ते थे, सीरियल धमाके होते थे। उन्होंने अयोध्या को नहीं छोड़ा, काशी को नहीं छोड़ा। हर बड़े शहर में आए दिन बम धमाका होता था। अब सीरियल बम धमकाओं पर भी पूर्ण विराम लग गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, हत्या, गैंगवार, फिरौती, यह सब तो सपा सरकार का ट्रेडमार्क ही था। यही उनकी पहचान थी और उनकी राजनीति भी उसी से चलती थी। एक समय था जब हमारी बहन-बेटियां घर से बाहर निकल नहीं पाती थीं। योगी (आदित्यनाथ) की सरकार में अपराधियों की हिम्मत नहीं है कि वह नागरिकों का अमन-चैन बिगाड़े। प्रधानमंत्री ने अलीगढ़ के मुस्लिम मतदाताओं से मुखातिब होते हुए कहा, कांग्रेस और सपा जैसी पार्टियों ने हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति की और मुसलमानों के राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए कभी कुछ नहीं किया। जब मैं पसमांदा (पिछड़े) मुसलमानों की मुसीबत की चर्चा करता हूं तो उनके बाल खड़े हो जाते हैं क्योंकि ऊपर के लोगों ने मलाई खाई है और पसमांदा मुसलमानों को उसी हालत में जीने के लिए मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा, तीन तलाक से पीड़ित कितनी ही बेटियों का जीवन तबाह हो गया था। अब मोदी ने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर उनका जीवन भी सुरक्षित किया है। मोदी ने कहा, पहले हज कोटा कम होने की वजह से कितनी मारामारी होती थी। उसमें भी रिश्वतखोरी चलती थी और ज्यादातर रसूखदार लोग ही हज पर जाने का मौका पाते थे। मैंने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से आग्रह किया था कि हमारे भारत के मुसलमान भाई-बहनों के लिए हज का कोटा बढ़ाएं। आज न सिर्फ भारत का हज का कोटा बढ़ा है बल्कि वीजा नियमों को भी आसान बनाया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने नियमों में बदलाव कर अब बिना महरम के हज पर जाने की अनुमति दी है जिससे हजारों मुस्लिम बहनों का हज जाने का सपना पूरा हुआ है। मोदी ने अपनी सरकार की मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और उज्ज्वला योजना समेत अनेक योजनाओं का जिक्र भी किया।

अयोध्या-काशी ने ...

उन्होंने कहा, आगरा में आपका एयरपोर्ट बन रहा है। आगरा गंगा जल का सेवन कर रहा है और हर घर नल की योजना लागू हो रही है। योगी ने कहा, वर्ष 1947 में बड़े दंभ के साथ पाकिस्तान भारत से अलग हुआ था। पाकिस्तान की कुल आबादी 25 से 30 करोड़ है, जबकि भारत की आबादी 140 करोड़। भारत में पिछले चार साल से 80 करोड़ लोग फ्री राशन का लाभ ले रहे हैं जबकि पाकिस्तान में लोग रोटी के लिए मोहताज हैं। जितनी पाकिस्तान की आबादी है, उतनी आबादी को भारत में गरीबी रेखा से ऊपर उठा दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, बसपा, सपा लोगों को तरसाते थे। बैंक खाते नहीं खुलवाते थे। गैस सिलेंडर नहीं थे। दस करोड़ को गैस कनेक्शन मिला, चार करोड़ को घर मिला। कुछ बच गए हैं, तीसरे कार्यकाल में हर व्यक्ति को सुविधा मिलेगी। भाजपा के शासन में चेहरा देखकर योजना का लाभ नहीं मिलता। मुख्यमंत्री की जनसभा के दौरान देश के पूर्व वायुसेना अध्यक्ष आरकेएस भदौरिया भी मौजूद रहे।

कांग्रेस ने चुनाव...

चुनाव प्रचार करने, सूरत लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द करने और मणिपुर में लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान हिंसा का मामला भी उठाया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के मुख्य कार्यकारी एक समुदाय को निशाना बना रहे हैं। उनका बयान गंभीर और आपत्तिजनक है और इसे वापस लिया जाना चाहिए और इस पर स्पष्टीकरण जारी किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग से इस बयान पर कानूनी रूप से कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने राजस्थान में जिस तरह एक समुदाय के लिए ल्लभद्दाङ्क वक्तव्य दिया, वह आचार संहिता का उल्लंघन है। चुनाव आयोग को इसपर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। इस बयान से देश के संविधान, प्रधानमंत्री पद, चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गुजरात समेत कई राज्यों में तस्वीरें लगाई हैं, जो सिर्फ धर्म पर आधारित हैं। कांग्रेस नेता ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कर्नाटक के उस क्षेत्र में चुनाव प्रचार करेंगे, जिसमें चुनाव नहीं हुआ है। इसके लिए आयोग से अनुमति मांगी गयी है। उन्होंने कहा कि सूरत लोकसभा क्षेत्र में चुनाव के एक दिन पहले कांग्रेस के एक साथ चार प्रस्तावक कहते हैं कि हस्ताक्षर हमारे नहीं हैं और लापता हो जाते हैं। सीट सभी प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले लेते हैं। ऐसे में सूरत सीट का चुनाव स्थगित किया जाना चाहिए।

कैबिनेट मंत्री संजय निषाद...

किया और धक्का-मुक्की तथा मारपीट की। इस घटना में मंत्री की नाक पर चोट आई है और उनका चश्मा भी टूट गया है। घटना के संबंध में मंत्री के पीएसओ की तहरीर पर आठ लोगों के विरुद्ध बलवा, मारपीट व जानलेवा हमले की धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया तथा चार आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार भी कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना के संबंध में कैबिनेट मंत्री डा. संजय निषाद ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उनके समर्थकों से मारपीट की है। मंत्री डा. संजय निषाद ने बताया कि वह बीती रात में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे जहां कुछ लोग सांसद प्रवीण निषाद के साथी हैं। वहां कुछ लोगों द्वारा निषाद पार्टी को लेकर अमर्यादित शब्दों का भी प्रयोग किया गया। हमने समझाने का प्रयास किया तो उक्त लोग हमलावर हो गए। मुझे और मेरे समर्थकों से उक्त लोगों ने मारपीट की। डॉ निषाद ने आरोप लगाते हुए कहा कि हमारे आने से समाजवादी पार्टी का पतन हो रहा है क्योंकि हम निषादों और अन्य जातियों का नेतृत्व कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा है कि इनका मन पहले से ही बढ़ा हुआ है। अब जब से मैं आया हूं तब से लोग जातीय संघर्ष करवा रहे हैं। उन्होंने अपनी सुरक्षा को लेकर प्रशासन को भी कटघरे में खड़ा किया।

केजरीवाल को 'असाधारण...

में कहा गया है कि मुख्यमंत्री की जिम्मेदारियों को पूरा करने, सभी मुद्दों पर त्वरित निर्णय लेने और बड़े पैमाने पर जनता के कल्याण में आदेश पारित करने के लिए केजरीवाल का उनके कार्यालय और घर में मौजूद होना आवश्यक है। याचिकाकर्ता विधि छात्र है। उसने अपनी याचिका में अपना नाम ''हम, भारत के लोग'' बताते हुए दावा किया कि वह इस मामले से कोई नाम, प्रसिद्धि या पैसा नहीं चाहता। याचिका में यह भी कहा गया है कि याचिकाकर्ता ने ईडी और सीबीआई द्वारा केजरीवाल के खिलाफ दर्ज सभी आपराधिक मामलों में मुख्यमंत्री को अपने ''वीटो अधिकार'' का इस्तेमाल करके तब तक असाधारण अंतरिम जमानत पर रिहा कराने का फैसला किया है जब तक उनका कार्यकाल और मामले में सुनवाई पूरी नहीं हो जाती।

रामलला का...

इंतजाम किए गए थे। दर्शन करने वाले प्रवासी भारतीयों में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, भूटान, कनाडा, कोलंबिया, कंबोडिया, जॉर्जिया, गुयाना, केन्या, कजाकिस्तान, मलेशिया, मोजाम्बिक, मकाऊ, नाइजीरिया, नेपाल, नॉर्वे, रोमानिया, रवांडा, स्पेन, सिंगापुर, सिंट मार्टेन, चीन गणराज्य (ताइवान), ताजिकिस्तान, त्रिनिदाद एण्ड टोबैगो, तुवालु, तिब्बत, युगांडा, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, संयुक्त राज्य अमेरिका इत्यादि देशों के प्रतिनिधि शामिल रहे। सभी के भोजन की व्यवस्था दिल्ली के समाजसेवी गोपाल गर्ग ने की। गौरतलब है कि बीते वर्ष 23 अप्रैल 2023 को डॉ. जौली की पहल पर 156 देशों व सात महाद्वीपों के नदियों व समुद्रों के जल से राम मंदिर में अभिषेक किया गया था। इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख राम लाल,विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक दिनेश, उज्बेकिस्तान के व्यवसायी अशोक के. तिवारी (प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित), भूपेंद्र कंसल (महामंत्री हिमालय परिवार) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सैनिकों के दृढ संकल्प...

दृढ़ता से खड़े हैं। आने वाले समय में जब राष्ट्रीय सुरक्षा का इतिहास लिखा जाएगा, तब बर्फीले ठंडे ग्लेशियर में हमारे सैनिकों की बहादुरी और इच्छाशक्ति के कार्यों को गर्व के साथ याद किया जाएगा। यह हमेशा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि सियाचिन कोई साधारण भूमि नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। राष्ट्र ने हाल ही में ऑपरेशन मेघदूत की सफलता की 40वीं वर्षगांठ मनाई है। रक्षा मंत्री ने 13 अप्रैल 1984 को सियाचिन में भारतीय सेना द्वारा शुरू किए गए इस ऑपरेशन को देश के सैन्य इतिहास का सुनहरा अध्याय बताया। उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन मेघदूत की सफलता हम सबके लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने मातृभूमि की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को सियाचिन युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि श्री सिंह ने 24 मार्च 2024 को लेह का दौरा किया था और सैनिकों के साथ होली मनाई थी। उनका सियाचिन जाने का कार्यक्रम था, लेकिन मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। लेह से रक्षा मंत्री ने सियाचिन में तैनात सैनिकों के साथ फोन पर बात की थी और उन्हें कहा था कि वह जल्द ही दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र का दौरा करेंगे और उनके साथ बातचीत करेंगे। आज की यात्रा से श्री राजनाथ सिंह ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच अपना वादा पूरा किया।

गाजीपुर लैंड-फिल आग आप के भ्रष्टाचार का परिणाम के बीजेपी के आरोप पर आतिशी बोलीं कराएंगे जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । गाजीपुर लैंड-फिल में रविवार को लगी आग अभी बूझी नहीं है इससे सोमवार को भी धुआं निकलता रहा। इससे आसपास के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। इस मामले पर एक बार फिर से राजनीति शुरू हो गई है। जानकार कहते हैं कि अगर लैंड-फिल को साफ करने के लिए पहले की तरह 25 गाड़ियां लगाई गई होती तो आज 10 फायर ब्रिगेड की जरूरत नहीं पड़ती। गाजीपुर लैंड-फिल में लगी आग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि यह आग आप के भ्रष्टाचार के परिणाम हैं, इस आरोप के बाद दिल्ली सरकार की मंत्री और आप नेता आतिशी ने कहा कि कूड़े का पहाड़ भाजपा की देन है लेकिन आग लगने की इस घटना की जांच होगी। गाजीपुर लैंड-फिल पर लगी आग पर दिल्ली सरकार की मंत्री और आप नेता आतिशी ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि आप सरकार के सत्ता में आने के बाद से कूड़े के पहाड़ों की ऊंचाई और चौड़ाई लगातार कम हो रही है लेकिन भाजपा ने दिल्ली में 15 साल से जो गंदगी फैलाई है उसे साफ करने में आप सरकार को कुछ समय लगेगा।

आप नेता के इस बयान को दिल्ली प्रदेश भाजपा के पदाधिकारियों और निगम में विपक्ष के नेता ने आड़े हाथ लिया है। दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जब नगर निगम चुनाव हो रहे थे, तो आम आदमी पार्टी (आप) और अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की थी कि वे दिसंबर 2023 तक इस लैंड-फिल को हटा देंगे लेकिन यहां भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है। वीरेंद्र सचदेवा ने यह भी कहा कि कारण प्राकृतिक हैं लेकिन इसके पीछे भ्रष्टाचार है दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। आग लगने के कारणों की जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जिस दिन दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी, एक साल के अंदर दिल्ली के तीनों लैंड-फिल हटा दिए जाएंगे। भाजपा नेता आरपी सिंह ने कहा कि आग कल (रविवार) दोपहर से जल रही है। यह भयावह स्थिति है। यह बहुत बड़ी आग है दिल्ली सरकार आग बुझाने में विफल हो गई है। आरपी सिंह ने कहा कि दिसंबर 2023 में ही लैंडफिल को साफ करने का दावा किया गया था लेकिन दिल्ली सरकार को दिल्ली की परवाह नहीं है। वे चुनाव जीतने के लिए झूठे वादे करते हैं, फिर समस्याओं से बच जाते हैं। दिल्ली नगर निगम में विपक्ष के नेता सरदार राजा इकबाल सिंह कहा कि यह भाजपा समय के दौरान यहां 25 मशीनें काम करती थीं, अब आधे से ज्यादा काम नहीं कर रही हैं। कचरा बढ़ गया है और उन्हें कोई अन्य रास्ता नहीं मिल रहा है। मुझे यह आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ मिलकर ठेकेदारों को खुश करने और भ्रष्टाचार के माध्यम से पैसा कमाने की शरारत है। बाद में आप की नेता आतिशी ने सफाई देते हुए कहा कि पूरी रात दिल्ली फायर सर्विस की गाड़ियां मौके पर मौजूद रहीं। आग पर काबू पा लिया गया है। हमें उम्मीद है कि कुछ देर में धुआं भी खत्म हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ' दिल्ली के डिप्टी मेयर ने कल शाम घटनास्थल का दौरा किया। दिल्ली के मेयर आज घटनास्थल का दौरा करेंगे। हम जांच करेंगे कि यह आग कैसे और किस प्रक्रिया से लगी।

एयर इंडिया के आसमान की रानी बोइंग 747 ने आखिरी उड़ान भरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइन ने अपने दिग्गज 747 बोइंग विमान को रिटायर कर दिया है। एयरलाइंस के आखिरी बोइंग 747 विमान ने सोमवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी। इसे कभी 'आसमान की रानी' भी कहा जाता था। एयर इंडिया ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि आज हम मुंबई से प्रस्थान करने वाली अपनी आखिरी 'आसमान की रानी', बी747 को अलविदा कहते हैं। शानदार उड़ानों के युग के लिए धन्यवाद। हम आपकी प्रतिष्ठित उपस्थिति को याद करेंगे। एयर इंडिया ने मुंबई हवाई अड्डे से विमान के प्रस्थान की तस्वीरें भी साझा की हैं। उल्लेखनीय है कि 'आसमान की रानी' कहा जाने वाला यह विमान एक समय में मालवाहक के उड़ान संचालन का मुख्य आधार था। इसका उपयोग लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए किया जाता था। एयर इंडिया के स्वामित्व में बदलाव के बाद से एयरलाइन में कई बड़े बदलाव हुए हैं। प्रबंधन से लेकर इसके स्वरूप और ब्रांडिंग तक। 'महाराजा' को अलविदा कहने के बाद एयर इंडिया ने नए युग का नया रूप धारण किया है।

संक्षिप्त समाचार

वाहन दुर्घटना में एक की मौत

देहरादून। जनपद रुद्रप्रयाग- भुनका नामक स्थान पर हुई वाहन दुर्घटनाग्रस्त में 24 वर्षीय प्रीतम सिंह निवासी ग्राम भुनका,रुद्रप्रयाग की मौत गयी। जबकि इसी गांव का 35 वर्षीय सूरज घायल हो गया। एसडीआरएफ मुख्यालय से सोमवार को दी गई सूचना पर एसडीआरएफ की टीम ने दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू कार्य प्रारंभ किया। इस वाहन में 02 लोग सवार थे, जिनमें से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों ने पूर्व में ही निकालकर अस्पताल भिजवा दिया था। एसडीआरएफ टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहन में से दूसरे व्यक्ति का शव निकालकर स्ट्रेचर के माध्यम से मुख्य मार्ग तक पहुंचाया और जिला पुलिस के सुपुर्द किया।

मंत्री गणेश जोशी ने किसानों को तत्काल मधुमक्खी के बॉक्स भेजने के दिए निर्देश

देहरादून। कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने सेब काश्तकारों की फ्लावरिंग के समय परागण के लिए मधुमक्खियों के बॉक्स की समस्या का तत्काल संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। विभागीय मंत्री जोशी ने अधिकारियों को किसानों को तत्काल मधुमक्खियों के बॉक्स भेजने के निर्देश दिए गए हैं। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को बॉक्स भेजने वाले किसानों के किराया बढ़ाने की मांग पर भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

भाजपा नेताओं ने चुनावी मुद्दों का स्तर पूरी तरह गिरा दिया : नवीन जोशी

देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस महासचिव नवीन जोशी ने सोमवार को भाजपा पर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा नेताओं ने चुनावी मुद्दों का स्तर पूरी तरह गिरा दिया है। महासचिव जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनावी रैलियों में अपने भाषणों में अपनी सरकार के 10 वर्ष में किये गये कार्यों के नाम पर वोट मांगने की बजाय कभी राम के नाम का सहारा लेते हैं तो कभी लोगों की धार्मिक भावनाएं भड़का कर वोट मांगते हैं और अब तो हद ही हो गई है जब नरेन्द्र मोदी महिलाओं के मंगलसूत्र को भी अपने चुनावी भाषणों में शामिल करने लगे हैं। नरेन्द्र मोदी और भाजपा को ऐसी ओछी राजनीति करने पर शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि नरेन्द्र मोदी ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में जनहित का एक भी काम किया होता तो उन्हें आज महिलाओं के मंगल सूत्र का सहारा नही लेना पड़ता। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल में समाज का हर वर्ग पीड़ित रहा है, चाहे महिलाएं हों, चाहे किसान हो, चाहे बेरोजगार नौजवान हों, गरीब, दलित, पिछड़ा सभी वर्ग पीड़ित और उपेक्षित रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता जेपी नड्डा, अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी इन उपलब्धियों पर एक भी शब्द नहीं कहा और जब लोकसभा चुनाव में अपनी आसन्न हार को देखते हुए महिलाओं के मंगलसूत्र को अपना हथियार बना दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को अपनी ऐसी ओछी राजनीति से बाज आना चाहिए।

कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद ने महंत अभिराम दास से मुलाकात कर लिया आशीर्वाद

ऋषिकेश। क्षेत्रीय विधायक और कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने रामानंद आश्रम के संस्थापक अध्यक्ष महामंडलेश्वर महंत अभिराम दास महाराज से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान महामंडलेश्वर महंत अभिराम दास महाराज ने मंत्री अग्रवाल को लोकसभा चुनाव के लिए शुभकामनाएं दी। मायाकुंड स्थित आश्रम में हुई इस मुलाकात के दौरान मंत्री डॉ. अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचों सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की जीत होगी। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का फैसला लिया है, जिसके फलस्वरूप जनता ने भाजपा के पक्ष में अपना मत दिया है। महंत अभिराम दास महाराज ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए राज्य में शांतिपूर्वक हुए लोकसभा चुनाव के लिए डॉ. अग्रवाल को बधाई दी। इस दौरान विकास कार्यों को लेकर भी विस्तार से वार्ता हुई। इस मौके पर पुजारी वृंदावन दास, राम कृपाल गौतम, वन निगम के सदस्य देवदत्त शर्मा, पूर्व राज्य मंत्री कृष्ण कुमार सिंघल, पूर्व पालिका अध्यक्ष शंभू पासवान, जिला उपाध्यक्ष भाजपा दिनेश सती, निवर्तमान पार्षद विकास तेवतिया, तनु तेवतिया, जितेंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री से सिविल सेवा में चयनित अंशुल भट्ट ने की भेंट

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन में सोमवार को सिविल सेवा में चयनित छात्र अंशुल भट्ट ने मुलाकात की। देहरादून निवासी अंशुल भट्ट ने सिविल सेवा परीक्षा-2023 की परीक्षा में 22वीं रैंक हासिल की है। मुख्यमंत्री ने उनके इस सफलता के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

दिल्ली के युवक ने ऋषिकेश के एक होटल में पंखे से फंदा लगाकर की आत्महत्या

ऋषिकेश। कोतवाली ऋषिकेश क्षेत्र के अंतर्गत आईएसबीटी स्थित एक होटल में दिल्ली से आकर ठहरे युवक ने सोमवार को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से होटल में हड़कंप मच गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शंकर सिंह बिश्नोई ने बताया कि सोमवार की सुबह चेतराम थपलियाल, मैनेजर होटल एम जे आईएसबीटी ऋषिकेश ने सूचना दी कि 22 वर्षीय युवक ओम कश्यप पुत्र नवल किशोर निवासी हाउस नंबर 14 गली नंबर 13 करावल नगर नॉर्थ ईस्ट दिल्ली जो कि 20 अप्रैल की रात्रि में होटल एमजे में आया था और उनका रूम लिया था। कल शाम पैसे देने के बाद वह अपने रूम में चला गया था, जो कि आज सुबह देर तक रूम न खोलने पर उसका रूम का दरवाजा खटखटाया गया तो किसी प्रकार की कोई हलचल नहीं हुई। रूम की खिड़की से अंदर झांक कर देखा तो वह युवक उपरोक्त रूम के पंखे से लटका हुआ है।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस फोर्स होटल एमजे पहुंचा और खिड़की से देखा कि वह युवक फंदा लगाकर पंखे से लटका हुआ है। रूम का दरवाजा अंदर से बंद है, मौके पर वीडियो और फोटोग्राफी करते हुए बल प्रयोग कर दरवाजा खोल व्यक्ति उपरोक्त को नीचे उतारकर राजकीय जिला चिकित्सालय ऋषिकेश ले जाया गया। डॉक्टर ने उपरोक्त युवक को मृत घोषित कर दिया है।

टीएचडीसीआईएल, उत्तराखंड का उप्र के बुलंदशहर जिले में सितंबर तक कोयला आधारित ताप विद्युत परियोजना चालू करने का लक्ष्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। उत्तराखंड के विद्युत क्षेत्र के अग्रणी उपक्रम, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने सितंबर- 2024 तक उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में अपने कोयला आधारित बिजली संयंत्र को चालू करने का लक्ष्य रखा है। इस बाबत कंपनी के निदेशक (पर्सनल) ने बताया कि इस लक्ष्य के साथ ही कंपनी घरेलू ताप विद्युत क्षेत्र में उतर जाएगी। निदेशक (पर्सनल) शैलेंद्र ने बताया कि टीएचडीसीआईएल उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में 1,320 मेगावाट 2ड्ड660 मेगावाट की अत्याधुनिक तापीय बिजली परियोजना एसटीपीपी स्थापित कर रही है। परियोजना की समय सीमा के बारे में पूछे जाने पर निदेशक ने बताया कि इसका काम पूरे जोरों पर चल रहा है। हमें 660 मेगावाट की पहली इकाई इस साल सितंबर तक और दूसरी इकाई मार्च 2025 तक चालू होने का अनुमान है। यह लगभग 12,000 करोड़ रुपये की परियोजना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उत्तराखंड स्थित इकाई की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता लगभग 1,587 मेगावाट है, जिसमें से 1,424 मेगावाट जलविद्युत, 113 मेगावाट पवन और 50 मेगावाट सौर है। कंपनी के निदेशक (पर्सनल) ने बताया कि जनवरी-2024 तक बुलंदशहर जिले के खुर्जा में इस अत्याधुनिक तापीय बिजली संयंत्र के एसटीपीपी पर 9,428.30 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं और लगभग 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि कंपनी खुर्जा एसटीपीपी में पर्यावरण-अनुकूल कार्बन कैप्चर तकनीक लागू करने की प्रक्रिया में है, जो कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी। परियोजना का विवरण साझा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परियोजना की आधारशिला 09 मार्च, 2019 को रखी थी। यह परियोजना 1,200.843 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है।

उत्तराखंड में पिथौरागढ़-एंचोली के अडोली में वाहन खाई में गिरा, चार की मौत, चार घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून/पिथौरागढ़। उत्तराखंड के पिथौरागढ़-एंचोली क्षेत्र में अंडोली के पास सोमवार सुबह बोलेरो ((यूके 05 टीए- 2683) अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में चार लोगों की मृत्यु हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित शादी समारोह से बोलेरो से वापस लौट रहे थे। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के अनुसार, यह खाई 200 मीटर गहरी है। बोलेरो में कुल आठ बाराती सवार थे। जिला नियंत्रण कक्ष पिथौरागढ़ से हादसे की सूचना एसडीआरएफ को दी गई। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने स्थानीय पुलिस और लोगों से समन्वय स्थापित कर चार लोगों के शव खाई से बाहर निकाल कर जिला पुलिस के सुपुर्द किए। घायलों के नाम चमाली निवासी 49 वर्षीय जगदीश, 19 वर्षीय हिमांशु, 18 वर्षीय प्रियांशु और 42 वर्षीय राजेंद्र हैं। मृतकों में अजय कुमार (32) पुत्र होशियार, पवन कुमार (40) पुत्र जगत राम, अंगद कुमार (34) पुत्र जगत राम और कैलाश कुमार (48) पुत्र शोबन राम हैं।

सुंदरकांड कथा श्रवण से जीवन में आती है सुंदरता : विज्ञानानंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। सुंदरकांड की कथा इतनी सुंदर है कि जो व्यक्ति इस कथा का श्रवण कर लेता है, उसका शेष जीवन सुंदरता से ओतप्रोत हो जाता है। उक्त विचार हैं श्रीगीता विज्ञान आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने राजा गार्डन स्थित श्रीहनुमत गौशाला के सत्संग हाल में हनुमान जयंती के उपलक्ष में आयोजित पाटोत्सव में भक्तों के जीवन में सुख एवं समृद्धि का समावेश करने के संसाधनों पर चर्चा करते हुए व्यक्त किये। सुंदरकांड को श्रीरामचरित मानस का सर्वोत्तम काण्ड बताते हुए शतायु संत ने कहा कि मित्र यदि अच्छा मिल जाए तो जीवन की समस्त दुष्वारियां दूर हो जाती हैं, और हनुमान जी ने जब सुग्रीव की भगवान राम से मित्रता करायी तो दोनों के जीवन की खुशियां लौट आयीं, यह हनुमान जी की निष्काम सेवा थी जो वेदांत का सिद्धांत है। भगवान साकार भी हैं और निराकार भी, वे सगुण भी हैं और निर्गुण भी, क्योंकि भगवान का नाम ही अमृत है, जिसे पीते ही व्यक्ति अमर हो जाता है। उन्होंने कहाकि व्यक्ति यदि यह समझ ले कि भगवान मेरे हैं और मैं भगवान का हूं, क्योंकि आत्मा परमात्मा का अंश है जो अजर-अमर है। व्यक्ति जब स्वयं को भगवान से जोड़ लेता है, तो सकल संसार उसका परिवार हो जाता है जिससे व्यक्ति का जीवन खुशहाल बन जाता है। जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमहंत देवानंद सरस्वती महाराज ने अपने आशीर्वचन व्यक्त किए।

चारधाम यात्रा : पांच दिन में पंजीकरण की संख्या 12 लाख के पार, पिछले वर्ष का टूटेगा रिकार्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की चारधाम यात्रा की शुरुआत 10 मई से होने जा रही है, जिसको लेकर प्रदेश सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रदेश सरकार के सुनियोजित प्रयासों का ही परिणाम है कि पहले पांच दिनों में 12 लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। यह आंकड़ा आने वाले समय में और तेजी से बढ़ेगा। पिछले दो वर्ष में चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही अन्य पर्यटन स्थलों पर भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। सुगम और सुरक्षित चारधाम यात्रा हो, यही सरकार का प्रयास है। पिछले वर्ष 55 लाख श्रद्धालुओं ने किए थे चारधाम के दर्शन- वर्ष 2023 में चारधाम में लगभग 55 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। इस बार यह आंकड़ा और ज्यादा बढ़ सकता है। इसी वजह से यात्रा के लिए तैयारी को अंतिम रूप अभी से दिया जा रहा है। 10 मई को यमुनोत्री, गंगोत्री और बाबा केदारनाथ के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। 12 मई को भगवान बद्रीनाथ धाम के कपाट भी ग्रीष्मकालीन दर्शन के लिए खुलेंगे। 25 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट भी खोले जाएंगे। चारधाम यात्रा व हेमकुंड साहिब के लिए 16 अप्रैल से अब तक कुल 1248131 पंजीकरण हुए हैं। यमुनोत्री के लिए 219619, गंगोत्री के लिए 231983, केदारनाथ के लिए 422129, बद्रीनाथ के लिए 356716 और हेमकुंड साहिब के लिए 17684 पंजीकरण हुए हैं। इसमें सबसे अधिक केदारनाथ के लिए श्रद्धालुओं ने चार लाख 22 हजार 129 पंजीकरण कराया है।

छात्र अपने नवाचार और शोध के माध्यम से समाज में पीछे रहे लोगों के जीवन में बदलाव लाएं : राज्यपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून । राज्यपाल ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी की क्षमता, कल्पनाशीलता और देशभक्ति की भावना ही विकसित भारत का आधार है। छात्र अपने नवाचार व शोध के माध्यम से समाज में पीछे रहे लोगों के जीवन में बदलाव लाएं। अब समय आ गया है कि हम अपने देश की प्रगति के लिए नई तकनीक और नई सोच को अपनाएं और अपने देश को विश्व गुरु बनाएं। सोमवार को देवभूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने दो दिवसीय नेशनल टेक्नो फ़ेस्ट एंड हायर एजुकेशन कॉन्क्लेव 'नवधारा' का शुभारंभ के मौके पर यह बातें कहीं। उन्होंने नेशनल टेक्नो फ़ेस्ट में विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीमों की ओर से प्रदर्शित वर्किंग मॉडल्स की जानकारी ली और विद्यार्थियों के नवाचार प्रयोगों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 पर आधारित विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित 'नवधारा' में देशभर के छात्र वर्किंग मॉडल्स बनाकर अपनी वैज्ञानिक कुशलता का प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि टेक्नो फ़ेस्ट 'नवधारा' में छात्रों का उत्साह, तकनीकी और अन्वेषण का बेजोड़ मेल है और यही प्रयास विकसित भारत के सपने को साकार करेगा। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय महत्व के लिए बेहतरीन उच्च शिक्षा का निर्माण एक महत्वपूर्ण चुनौती है, जिसमें शिक्षा प्रणाली को प्रौद्योगिकी और अनुसंधान से जोड़ने पर बल दिया जाना चाहिए। राज्यपाल ने युवाओं को प्रौद्योगिकी, एआई के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने के लिए अपने सृजनात्मक और कौशल को प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों को तकनीकी, ए.आई के अधिकाधिक उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

भाजपा माफिया का अड्डा बन चुकी है : मथुरा दत्त जोशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून,। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन और प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचारी, व्यभ्यचारी, दुराचारी, बलात्कारी तथा माफिया का अड्डा बन चुकी है। आज पूरे देश के भ्रष्टाचारी, बलात्कारी और माफिया भाजपा रूपी गंगा में डुबकी लगाने को आतुर हैं। मथुरा दत्त ने कहा कि पार्टी विद डिफरेंस का मुखौटा ओढ़ने वाली भाजपा की आज की दिशा और दशा देखकर दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी की आत्मा दुःखी होती होगी कि किस भाजपा के लिए उन्होंने अपना सारा जीवन लगा दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल में देश के सारे बड़े भ्रष्टाचारी, खनन माफिया, भू माफिया, महिला दुराचार के आरोपी भाजपा में शामिल हो चुके हैं पथा आज भाजपा उनका अड्डा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने केंद्रीय सत्ता का दुरुपयोग कर जिस किसी भी माफिया, भ्रष्टाचारियों के पीछे ईडी, सीबीआई और आइटी को लगाया, आज वे भाजपा रूपी गंगा में डुबकी लगा कर अपने को पाप मुक्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी चुनावी सभाओं में ईमानदारी का डपोर शंख बजा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म में मंगलसूत्र को नारी के सुहाग का प्रतीक माना जाता है, लेकिन नरेन्द्र मोदी भारतीय नारी के मंगलसूत्र का भी अपमान कर रहे हैं, जिन्होंने अपनी पत्नी के मंगलसूत्र का कभी भी मान नहीं रखा तथा सात फ़ेरे लेने के बावजूद उन्हें पत्नी का दर्जा नहीं दिया।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063